Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2022-24 website- www.dvpnews.in रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

# दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 89 ● वर्ष : 12 ● रायपुर, गुरुवार 19 सितंबर 2024 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

**सुविचार**



दण्ड मिलने के उपरांत दिशा बोध मिलना चाहिये, यह भारतीय सभ्यता का प्रथम विधान है।

Reformation theory of punishment is the first rule of Indian Civilization.

आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

## संक्षिप्त समाचार

### मुख्यमंत्री निवास में आज जनदर्शन

**रायपुर (विसं)।** मुख्यमंत्री निवास, रायपुर में 19 सितंबर को जनदर्शन आयोजित किया जाएगा। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जनदर्शन में लोगों से सीधे रुबरु होकर उनकी समस्याएं सुनेंगे और उनके निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करेंगे। जनदर्शन का आयोजन सबेरे 11 बजे से 1 बजे तक किया जाएगा।

### राजौरी में सेना का वाहन खाई में गिरने से एक जवान शहीद

**जम्मू (आरएनएस)।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में सेना का एक वाहन खाई में गिर जाने से एक जवान शहीद हो गया और पांच अन्य घायल हो गए है। जानकारी के अनुसार जवानों को ले जा रहा सेना का वाहन एक गहरी खाई में गिर गया जिससे छह जवान घायल हो गए और उन्हें अस्पताल ले जाया गया जहां एक जवान का निधन हो गया।

### 21 सितंबर को सीएम पद की शपथ ले सकती हैं आतिशी

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को भेजे पत्र में नामित सीएम आतिशी के शपथ ग्रहण के लिए 21 सितंबर की तारीख प्रस्तावित की है। सूत्रों ने बुधवार को बताया कि एलजी ने निवर्तमान मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का इस्तीफा भी मुर्मू को भेज दिया गया है।

## वन नेशन-वन इलेक्शन को मंजूरी, मोदी कैबिनेट में पास हुआ प्रस्ताव



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई वाली कैबिनेट ने भारत में 'वन नेशन-वन इलेक्शन' के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। बुधवार को हुई कैबिनेट बैठक में इस महत्वपूर्ण प्रस्ताव पर चर्चा की गई। इस पहल के जरिए भारत में चुनावों की प्रक्रिया को सरल और समेकित करने का प्रयास किया जाएगा, जिससे चुनावी खर्च और समय की बचत हो सकेगी।

कल मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के 100 दिन पूरे होने पर गृह मंत्री अमित शाह ने बड़ा ऐलान किया था। शाह ने कहा था कि एक देश एक चुनाव सरकार इसी कार्यकाल में लागू करेगी। इससे पहले लोकसभा चुनाव के लिए बीजेपी ने अपने मेनिफेस्टो में भी एक देश एक चुनाव के वादे को शामिल किया था। यह कदम राजनीतिक और प्रशासनिक दृष्टिकोण से एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर माना जा रहा है, और इसके संभावित प्रभावों पर देश भर में चर्चाएँ शुरू हो गई हैं।

बता दें, वन नेशन-वन इलेक्शन की दिशा में पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में 2 सितंबर 2023 को एक कमेटी गठित की गई थी। इस कमेटी ने 14 मार्च 2024 को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की। कमेटी ने 191 दिनों तक विभिन्न विशेषज्ञों और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से चर्चा की और 18,626 पन्नों की विस्तृत रिपोर्ट तैयार की। रिपोर्ट में सुझाव दिया गया है कि सभी राज्यों की विधानसभाओं का कार्यकाल बढ़ाकर 2029 तक किया जाए, ताकि अगले लोकसभा चुनाव के साथ ही इन विधानसभाओं के चुनाव भी कराए जा सकें।

### चंद्रयान-4 मिशन को भी केंद्रीय कैबिनेट की मंजूरी

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में चंद्रयान-4 मिशन को मंजूरी दी गई है। इस मिशन का उद्देश्य भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को चंद्रमा पर उतारना और उन्हें सुरक्षित रूप से पृथ्वी पर वापस लाना है। इसके तहत चंद्रमा की चट्टानों और मिट्टी के नमूनों को भी पृथ्वी पर लाने की योजना है, ताकि उनका अध्ययन किया जा सके। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंत्रिमंडल की बैठक में लिए गए निर्णयों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि कैबिनेट ने शुक्र ग्रह की कक्षा संबंधी अभियान, गगनयान, और चंद्रयान-4 अभियान के विस्तार को भी मंजूरी दी। उन्होंने बताया कि कैबिनेट ने एक अगली पीढ़ी के प्रक्षेपण यान को भी स्वीकृति दी है, जो पृथ्वी की निचली कक्षा में 30 टन का पेलोड स्थापित कर सकेगा।

## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में 20 सितंबर को होगी कैबिनेट की बैठक



**रायपुर (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक 20 सितंबर सुबह 11:30 बजे से नवा रायपुर में महानदी भवन स्थित मंत्रालय आहूत की गई है।

ज्ञात हो की छत्तीसगढ़ में बीजेपी की वापसी से सरकार बनने विकास कार्यो में तेज़ी देखी जा सकती है। यह बैठक करीब एक माह बाद हो रही है। इस बैठक में कई बड़े फैसलों पर मुहर लगने के कयास लगाए जा रहे है। मिली जानकारी के मुताबिक इस बैठक में नगरीय निकाय चुनाव पर चर्चा हो सकती है। वहीं रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव को लेकर भी मंथन किया जा सकता है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में यह बैठक होगी। प्राप्त जानकारी के मुताबिक राज्योत्सव आयोजन, धान खरीदी की शुरुआत, नई औद्योगिक नीति, और नक्सलवाद खत्म करने के लिए पुनर्वास नीति समेत कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाने की संभावना है। बता दें कि इस बार भाजपा सरकार के सत्ता में वापसी के बाद पहला राज्योत्सव है, इस बार 1 नवंबर दीपावली के दूसरे दिन पड़ रहा है, इसलिए सरकार की 3 से 5 दिनों तक भव्य रूप से इसे आयोजित करने की योजना है। जिलों में भी एक या दो दिन के राज्योत्सव कार्यक्रमों का आयोजन संभव है। कैबिनेट की बैठक में 1 नवंबर से खरीफ सीजन की धान खरीदी की शुरुआत की घोषणा भी हो सकती है। इसके अलावा विकसित छत्तीसगढ़ का विजन डाक्यूमेंट पेश किया जाएगा, जिसमें अगले पांच वर्षों के विकास का खाका तैयार किया जाएगा। साथ ही, नई औद्योगिक नीति और नक्सलवाद खत्म करने के लिए पुनर्वास नीति भी पेश की जा सकती है।

## प्रधानमंत्री मोदी 'सूर्य घर मुफ़्त बिजली योजना' के लाभार्थियों से मिले



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हाल ही में तीन दिवसीय गुजरात दौरे पर थे। यहां उन्होंने कई हजार करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस दौरान केंद्र सरकार के द्वारा शुरू की गई प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ़्त बिजली योजना के लाभार्थियों से मिले।

इस दौरान उन्होंने इस योजना के बारे में उनकी राय जानी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने सोशल मीडिया एकाउंट एक्स से एक वीडियो पोस्ट किया। प्रधानमंत्री ने लिखा, हाल ही में गुजरात दौरे के दौरान मैं जगशीभाई सुथार के घर गया था। उन्हें और उनके परिवार को प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ़्त बिजली योजना का लाभ मिला है। मैंने इस योजना के अन्य लाभार्थियों से भी मुलाकात की। प्रधानमंत्री ने इस दौरान पूछा, बताइए इस योजना से पहले घर का बिजली बिल कितना आता था। इस सवाल के जवाब में शख्स ने कहा, पहले बिल 5 से 6 हजार रुपए आता था। इस योजना से जुड़ने से पहला बिल ही माइनस में आया है। सीधे 6 हजार रुपए का फायदा हुआ है। एक साल में 72 हजार रुपए का फायदा होगा।

दूसरे शख्स ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बताया कि पहले घर में तीन पंखा चलाने से भी डर लगता था कि बिल ज्यादा आ जाएगा। लेकिन, इस योजना से जुड़ने से अब हम एसी भी चला रहे हैं।

### हर अग्निवीर को मिलेगी नौकरी : अमित शाह

**फरीदाबाद (आरएनएस)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने हरियाणा के फरीदाबाद में भाजपा की चुनावी रैली में दावा किया कि सेना से लौटे हर अग्निवीर को नौकरी मिलेगी। उन्होंने कहा कि देश में अग्निवीरों के लिए 20 प्रतिशत आरक्षण लागू किया गया है और बचे हुए सभी अग्निवीरों को हरियाणा में रोजगार दिया जाएगा। रैली में फरीदाबाद जिले की सभी छह विधानसभा सीटों के भाजपा उम्मीदवारों के साथ केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर और हरियाणा भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल भी उपस्थित थे।

## जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनाव के पहले चरण में 59 प्रतिशत मतदान

**जम्मू-कश्मीर (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के पहले चरण में करीब 59 प्रतिशत मतदान हुआ. पहले चरण में किश्तवाड़ में सबसे अधिक 77 प्रतिशत तो पुलवामा में सबसे कम 46 प्रतिशत मतदान हुआ. मुख्य निर्वाचन अधिकारी पीके पोले, जम्मू कश्मीर में शांतिपूर्ण मतदान हुआ, ऐसा कोई उदाहरण नहीं है जहां हमें पुनर्मतदान कराना पड़े. शाम पांच बजे तक 58 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ था. केंद्र-शासित प्रदेश में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सुबह सात बजे मतदान शुरू हुआ था. पांच अगस्त 2019 को अनुच्छेद-370 के अधिकतर प्रावधानों को समाप्त किए जाने के बाद यह जम्मू-कश्मीर में पहला विधानसभा चुनाव है. 24 विधानसभा क्षेत्रों में सबसे अधिक मतदान इंदरवाल में 80.06 प्रतिशत दर्ज किया गया. वहीं, पद्दर-नागसेनी में 76.80 प्रतिशत, किश्तवाड़ में 75.04 और डोडा पश्चिम में 74.14 प्रतिशत प्रतिशत वोट पड़े.

## एनजीईएल ने राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम के साथ संयुक्त उपक्रम समझौता किया



**नई दिल्ली (विश्व परिवार)।** एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एनजीईएल) नें राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड (आरवीयूएनएल) के साथ संयुक्त उपक्रम समझौता किया। यह समझौता दिनांक 17 सितंबर को जयपुर में राजस्थान के माननीय मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा की गरिमामय उपस्थिति में किया गया। एनजीईएल, एनटीपीसी की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है और राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड, राजस्थान में ताप और जल विद्युत संयंत्रों का प्रबंधन करती है।

इस समझौते का आदान-प्रदान श्री राजीव गुप्ता, सीईओ (एनजीईएल) और श्री देवेंद्र श्रिंगी, सीएमडी (आरवीयूएनएल) के के बीच हुआ। इस दौरान गजेंद्र सिंह खींवसर, चिकित्सा और स्वास्थ्य मंत्री (राजस्थान), जोगाराम पटेल, माननीय संसदीय कार्य मंत्री (राजस्थान), श्रीमती मंजू शर्मा, सांसद (जयपुर), आलोक (आईएएस), एसीएस (ऊर्जा) और एनजीईएल एवं आरवीयूएनएल के अन्य महत्वपूर्ण प्रतिनिधिगण भी मौजूद रहे। यह संयुक्त उपक्रम कंपनी राजस्थान राज्य में 25 गीगावाट की अक्षय ऊर्जा परियोजनाओं और 1 एमएमटीपीए ग्रीन हाइड्रोजन/डेरिवेटिव्स का विकास करेगी।

कार्यक्रम के दौरान, राजस्थान के माननीय मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा नें भैंसारा में 320 मेगावाट की सौर ऊर्जा परियोजना में से 160 मेगावाट की परियोजना को राष्ट्र को समर्पित किया।

## हरियाणा में कांग्रेस का घोषणा पत्र जारी, दी 7 गारंटी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** हरियाणा में कांग्रेस ने अपना घोषणा पत्र जारी कर दिया है. इसे संकल्प पत्र नाम दिया गया है. कांग्रेस ने अपने वादों का पिटारा जनता के सामने खोल दिया है. हरियाणा के लिए कांग्रेस ने 7 गारंटी जारी कर दी हैं. जिसमें महिलाओं, युवाओं, बुजुर्गों, गरीबों और किसानों का खास ख्याल रखा गया है. हर एक वर्ग को लुभाने की कोशिश कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में की है. हरियाणा में कांग्रेस की 7 गारंटी देखिए- **महिलाओं को शक्ति**- कांग्रेस ने अपने संकल्प पत्र में उन्होंने हर महीने महिलाओं को 2000 रुपए देने का वादा किया है. साथ ही गैस सिलेंडर के लिए 500 रुपए देने का वादा किया है. **सामाजिक सुरक्षा को बल**- बढ़ावा पेंशन के लिए 6 हजार रुपए, दिव्यांगों को हर महीने हजार रुपए, विधवाओं को 6 हजार रुपए महीने देने का वादा, साथ ही ओल्ड पेंशन स्कीम बहाल करने का वादा किया है. **युवाओं को सुरक्षित भविष्य**- भर्ती विधान के तहत 2 लाख पक्की भर्तियां और नशा मुक्त हरियाणा का वादा. **हर परिवार को खुशहाली :** कांग्रेस ने अपने संकल्प पत्र में हर परिवार को 300 यूनिट फ्री बिजली और 25 लाख रुपए तक का मुफ्त इलाज देने का वादा किया है. **गरीबों को छत**- गरीबों को 100 गज का प्लॉट, 3.5 लाख रुपए की लागत से दो कमरों का मकान देने का वादा किया है. **किसानों को समृद्धि**- हरियाणा के किसानों के लिए एमएसपी की गारंटी, तत्काल फसल मुआवजा देने का वादा कांग्रेस ने दिया है. **पिछड़ों को अधिकार**- कांग्रेस ने पिछड़ों को अधिकार देने की बात अपने संकल्प पत्र में कही है. पार्टी ने जातिगत सर्वे का वादा और क्रीमी लेयर की सीमा 10 लाख रुपए तक बढ़ाने का वादा किया है.

## एनएमडीसी को वर्ष 2023-24 के लिए राजभाषा कीर्ति अवॉर्ड से सम्मानित किया गया




**हैदराबाद (विश्व परिवार)।** एनएमडीसी लिमिटेड, भारत के सबसे बड़े लौह अयस्क उत्पादक और सार्वजनिक क्षेत्र की नवरत्न कंपनी को 'ग' क्षेत्र में स्थित उपक्रमों की श्रेणी में वर्ष 2023-2024 के लिए प्रतिष्ठित 'राजभाषा कीर्ति अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय द्वारा नई दिल्ली में आयोजित हिंदी दिवस समारोह 2024 और चतुर्थ अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन में प्रदान किया गया। राजभाषा नीति के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए एनएमडीसी को द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

एनएमडीसी की ओर से श्रीमती जी. प्रियदर्शिनी, मुख्य महाप्रबंधक (कार्मिक एवं प्रशासन) ने श्री नित्यानंद राय, माननीय गृह राज्य मंत्री से यह अवॉर्ड प्राप्त किया। इस अवसर पर राज्यसभा के उप सभापति श्री हरिवंश नारायण सिंह और राज्यसभा के सदस्य श्री सुधांशु त्रिवेदी उपस्थिति थे। इस अवसर पर श्री अमिताभ मुखर्जी, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (अतिरिक्त प्रभार), एनएमडीसी ने कहा कि, यह पुरस्कार एनएमडीसी की हिंदी के प्रयोग एवं प्रोत्साहन के लिए निरंतर प्रतिबद्धता और राजभाषा नीति के कार्यान्वयन के प्रति इसकी उत्कृष्टता को रेखांकित करता है। हम अपने प्रचालनों में राजभाषा के प्रति अपने प्रयासों में निरंतर प्रगति करने पर गर्व का अनुभव करते हैं। एनएमडीसी ने हिंदी के प्रचार-प्रसार को सदैव सर्वोच्च महत्व दिया है और इसे अनेक राजभाषा पुरस्कार प्राप्त हुए हैं। कंपनी के प्रयासों को इस्पात मंत्रालय ने इस्पात राजभाषा सम्मान तथा हैदराबाद, तेलंगाना के सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों की नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति ने इस वर्ग के सर्वोच्च स्तर के राजभाषा अवॉर्ड से सम्मानित किया है।

## रायपुर सेंट्रल जेल में बंद कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव से मिलने पहुंचे एमपी पीसीसी चीफ जीतू पटवारी

**कहा- कांग्रेस उस विचार की पार्टी है, जो गांधीवादी तरीके से लड़ती है**



**रायपुर (विश्व परिवार)।** बलौदाबाजार आगजनी और कथित हिंसा केस में जेल में बंद कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव की जमानत को लेकर जिले के सत्र न्यायालय में जमानत अर्जी लगाई गई है। आगामी 18 सितंबर 2024 को देवेंद्र यादव की जमानत याचिका पर सुनवाई होगी। इसी बीच बुधवार को मध्यप्रदेश के पीसीसी चीफ जीतू पटवारी विधायक देवेंद्र यादव से मुलाकात करने रायपुर के सेंट्रल जेल पहुंचे और उनका हालचाल जाना। इस दौरान उनके साथ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, रायपुर विधायक विकास उपाध्याय, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता धर्मेंद्र यादव सहित वरिष्ठ पदाधिकारी शामिल रहे। ज्ञात हो कि बलौदाबाजार आगजनी और कथित हिंसा केस में विधायक देवेंद्र यादव महीनेभर से जेल में बंद बंद है।

विधायक से मुलाकात के बाद जीतू पटवारी मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि बलौदाबाजार प्रकरण शासन का फेलियर है। दोषियों को भाजपा की सरकार पकड़ नहीं पा रही है। ऐसे में अपनी इज्जत बचाने के लिए शासन किसी ना किसी के ऊपर ठिकरा फोड़ना था, तो भाजपा की इस सरकार ने लोकप्रिय नेता युवा विधायक पर ठिकरा फोड़ रही है। लेकिन परेशान होने की कोई बात नहीं है। हमारे देश में कानून व्यवस्था न्याय व्यवस्था है और हमें पूरी उम्मीद है कि जिस दिन पुलिस चालान पेश करेंगी तब न्यायालय निष्पक्ष फैसला सुनाएगा।

उन्होंने कहा कि 2023 में जिस भावना से छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार को चुना गया। मोदी की गारंटी को लेकर लोगों के बीच में गए थे पिछले 8 महीने में एक भी काम उस भावना से नहीं हुआ है. छत्तीसगढ़ में तानाशाही, बदलापुर चल रही है, जिसकी वजह से देवेंद्र यादव जेल में हैं. कांग्रेस उस विचार की पार्टी है, जो गांधीवादी तरीके से लड़ती है।

ज्ञात कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव की 17 अगस्त को गिरफ्तारी हुई थी। उन्हें भिलाई में उनके आवास से अरेस्ट किया गया था. उसके बाद 17 अगस्त की रात को ही उनकी पेशी हुई. देवेंद्र यादव की दूसरी पेशी 20 अगस्त को हुई। उसके बाद बलौदाबाजार कोर्ट में तीसरी पेशी 27 अगस्त को हुई. 3 सितंबर को चौथी पेशी हुई. 9 सितंबर को पांचवीं पेशी हुई। अब 17 सितंबर को उनकी छठवीं पेशी बलौदाबाजार कोर्ट में होगी. 18 सितंबर को उनकी जमानत पर सुनवाई होगी. अदालत में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए देवेंद्र यादव की अब तक सभी पेशी हुई है।

## छत्तीसगढ़ में एनपीएस वात्सल्य योजना का शुभारंभ

### एनपीएस खाता शुरु करनेवाले हितग्राहियों को स्थायी सेवानिवृत्ति खाता संख्या-प्राण प्रमाणपत्र का वितरण

**बच्चों के वित्तीय भविष्य को सुरक्षित करने के लिए शुरू की गई योजना- भारतीय स्टेट बैंक के उप महाप्रबंधक तथा राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति के संयोजक राकेश कुमार सिन्हा**




**रायपुर (विश्व परिवार)।** केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट कार्य मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण ने नई दिल्ली में एनपीएस वात्सल्य योजना का शुभारंभ किया। इस योजना का उद्देश्य बच्चों के वित्तीय भविष्य को सुरक्षित करना है। इसके साथ ही देश के 75 स्थानों पर भी एनपीएस वात्सल्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से अन्य स्थानों के लोग इस कार्यक्रम में शामिल हुए।

इसी कड़ी में राज?य स?तरीय बैंकर्स समिति द्वारा नाबार्ड के सहयोग से छत?तीसगढ़ के रायपुर, बिलासपुर, सुरजपुर और दुर्ग जिला के पाटन में एनपीएस वात्सल्य योजना शुभारंभ कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इस कार्यक्रम में एनपीएस का खाता शुरु करनेवाले बच्चों और हितग्राहियों को 'स्थायी सेवानिवृत्ति खाता संख्या ङ्कप्राण' प्रमाणपत्र का वितरण किया गया।

रायपुर में भारतीय स्टेट बैंक के उप महाप्रबंधक तथा राज?य स?तरीय बैंकर्स समिति के संयोजक राकेशकुमार सिन्हा, सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया के अंचल प्रमुख बी. आर. रामा कृष्णा नायक, भारतीय स्टेट बैंक तथा राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति के सहायक महाप्रबंधक मनोज कुमार सिंह तथा अन्य वरिष्ठ बैंक अधिकारियों की उपस्थिती में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। भाटागाव के ब्रह्मविद्या ग्लोबल स्कुल के निदेशक श्री प्रत्युष पदरहा और प्रशासनिक अधिकारी डा. गरिमा अग्रवाल विशेष अतिथी के तौर पर उपस्थित थे।

इस योजना के बारे में बताते हुए भारतीय स्टेट बैंक के उप महाप्रबंधक तथा राज?य स?तरीय बैंकर्स समिति के संयोजक राकेशकुमार सिन्हा ने कहा की, एनपीएस वात्सल्य माता-पिता को पेंशन खाते में निवेश करके अपने बच्चों के भविष्य के लिए बचत करने के साथ दीर्घकालिक धन सुनिश्चित करने की अनुमति देगा। एनपीएस वात्सल्य लचीला योगदान और निवेश का विकल्प प्रदान करता है, जिससे माता-पिता बच्चे के नाम पर सालाना 1,000 रुपये का निवेश कर सकते हैं, जिससे यह सभी आर्थिक पृष्ठभूमि वाले परिवारों के लिए सुलभ हो जाता है। उन्होंने बताया की, यह नई पहल बच्चों के वित्तीय भविष्य को सुरक्षित करने के लिए शुरू की गई है, जो भारत की पेंशन प्रणाली में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह योजना पेंशन फंड विनियामक और विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) के तहत चलाई जाएगी। एनपीएस वात्सल्य की शुरुआत भारत सरकार की सभी के लिए दीर्घकालिक वित्तीय योजना और सुरक्षा को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। यह भारत की भावी पीढ़ियों को अधिक वित्तीय रूप से सुरक्षित और स्वतंत्र बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

# छत्तीसगढ़ में अब तक 1094.9 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**रायपुर ( विसं )।** राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा बनाए गए राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष द्वारा संकलित जानकारी के मुताबिक एक जून 2024 से अब तक राज्य में 1094.9 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। राज्य के विभिन्न जिलों में 01 जून 2024 से आज 18 सितम्बर सवेरे तक रिकार्ड की गई वर्षा के अनुसार बीजापुर जिले में सर्वाधिक 2282.0 मिमी और बेमेतरा जिले में सबसे कम 570.3 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी है।

## कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01, सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर

email Id- eocghbzone1@gmail.com

### आम – सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखत हितग्राहियों को उनके समक्ष दर्शाए गए आवासीय भूखण्ड/भवन कबीर नगर/ हीरापुर/कोटा/टाटीबंध/पं. दीनदयाल उपाध्याय नगर, डंगनिया रायपुर में छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, द्वारा आबंटित हैं, हितग्राहियों द्वारा निम्नलिखित आवासीय भूखण्ड / भवन को की होल्ड अधिकार में संपरिवर्तन हेतु निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस संबंध में यदि किसी व्यक्ति, शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के अंदर भय दस्तावेज, अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि के पश्चात् कोई भी आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

| क्र | आबंटी का नाम | पिता/पति का नाम | भवन/भूखण्ड क्र. |
|---|---|---|---|
| **पं. दीनदयाल उपाध्याय नगर डंगनिया रायपुर** | | | |
| 1. | श्री रामानुज शर्मा | स्व. चिंताराम शर्मा | HIG-II/102, Sector-4 |
| 2. | श्री शशी शेखर श्रीवास्तव | स्व. श्री एस. एस. श्रीवास्तव | LIG-I/434, Sector-II |
| 3. | श्रीमती प्रिया अभय साखरवाडे | श्री अभय साखरवाडे | MIG-I/156, Sector-I |
| 4 | श्री प्रशांत कुमार गुलशन गजभिये | श्री गुलशन गजभिये | EWS-131, Secto-IV |
| **टाटीबंध कालोनी, रायपुर** | | | |
| 5. | श्रीमती संतोष देवी डागा | श्री विमल डागा | MIG-03 |
| 6. | श्री नवीन कुमार सिंह एवं श्री प्रवीण कुमार सिंह | स्व. श्री राघव सिंह | MD-259, Phase-II |
| **कबीर नगर कालोनी, रायपुर** | | | |
| 7 | श्री नवीन सुराना | श्री निर्मल सुराना | Comm. Plot-17 |
| 8. | श्री मनु कुमार यादव | श्री विजय पाल | MDD-91, Phase-I |
| 9. | श्रीमती अनिता सिंह | श्री राजीव कुमार सिंह | MD-170, Phase-II |
| 10 | श्री प्रदीप प्रकाश गिरी एवं श्रीमती सुधा गिरी | श्री बिरेन्द्र प्रकाश गिरी एवं श्री प्रदीप प्रकाश गिरी | MIG STD-272, Phase-I |
| 11 | श्री मदन लाल देवांगन | स्व. श्री जिवराखन लाल देवांगन | MIG STD-42, Phase-II |
| 12 | श्री मो. अलमाश सिद्धीकी | श्री मो. सबीर | KBT-190, Phase-III |
| 13 | श्रीमती राजेश्वरी चंद्रवंशी | श्री आदर्श चंदवंशी | MIG Flat-4/301 |
| 14 | श्रीमती नीतू चंद्रवशी | श्री आलोक चंद्रवंशी | MIG Flat-4/402 |
| 15 | श्रीमती ममता चंद्रवंशी | श्री सुनील चंद्रवंशी | MIG Flat-4/502 |
| 16 | श्री सुनील चंद्रवंशी | स्व. श्री होलसाय चंद्रवंशी | MIG Flat-4/601 |
| 17 | श्रीमती ममता चंद्रवंशी | श्री सुनील चंद्रवंशी | HD-II/10, Phase-II |
| **हीरापुर कालोनी, रायपुर** | | | |
| 18 | श्री व्ही. व्ही. रमना | स्व. व्ही. के. राव | Janta-1528, Sl-III |
| 19 | श्री भूपाल देवनाथ | स्व. श्री हरिपद देवनाथ | Janta-1527, Sl-III |
| 20 | श्रीमती सरिता कुशवाहा | श्री विरेन्द्र कुशवाहा | LIG-II/1675, Sl-III |
| **कोटा कालोनी रायपुर** | | | |
| 21 | श्री अशोक कुमार साहू | स्व. श्री निब्बूलाल साहू | A-114 |

**मकान नहीं घर बनाते हैं पीढ़ी से पीढ़ियों का रिश्ता बुनते है।**

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01
कबीर नगर, रायपुर

## न्यायालय तहसीलदार भानुप्रतापपुर जिला उत्तर बस्तर कांकेर छ.ग.

राजस्व प्रकरण क्रमांक 202408140100080/अ-21/2023-24 ग्राम भानुप्रतापपुर प.ह.नं. 03 तहसील भानुप्रतापपुर जिला उत्तर बस्तर कांकेर, छ.ग.

### ईश्तहार

एतद् द्वारा आम जनता / संस्था को ईश्तहार प्रकाशन कर सूचित किया जाता है कि आवेदक **पवन कुमार संचेती पिता दीपंचद संचेती जाति जैन निवासी ग्राम भानुप्रतापपुर तहसील भानुप्रतापपुर जिला उत्तर बस्तर कांकेर** द्वारा शासकीय पट्टे पर भूमि खसरा नम्बर 64/34 रकबा 0. 0140 हे. वार्षिक भू-भाटक 2779.00 रू., पर्यावरण उपकर 313.00 रू., अधोसरचना विकास उपकर 313.00 रू. की है, को पट्टेधारी पवन कुमार संचेती द्वारा अपने व्यवसाय में वृद्धि के लिए रूपयों की जरूरत होने पर अनावेदक **दिनेश कुमार बागरेचा पिता स्व. तगराज बागरेचा निवासी भानुप्रतापपुर तहसील भानुप्रतापपुर जिला उत्तर बस्तर कांकेर** के पास 9,80,000.00 (नौ लाख अस्सी हजार) रू. में विक्रय करने सौदा किया है, तथा भूमि शासन द्वारा व्यवसायिक प्रयोजन हेतु आबंटित किया गया है, भूमि शासन द्वारा आबंटित परिवर्तित भूमि होने के कारण भूमि विक्रय करने की अनुमति हेतु आवेदन पत्र कलेक्टर कांकेर के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत आवेदन के आधार पर प्रकरण दर्ज होकर जांच एवं प्रतिवेदनार्थ अनुविभागीय अधिकारी राजस्व भानुप्रतापपुर के माध्यम से इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

अत: आवेदित भूमि की विक्रय होने की स्थिति में जिस किसी व्यक्ति या किसी संस्था या इससे अन्य सार्वजनिक हित प्रभावित होती हो या होने की संभावना है, तो वे अपना दावा आपत्ति आवेदन प्रकरण के सुनवाई तिथि 25/09/2024 तक तहसील न्यायालय भानुप्रतापपुर में पेश कर सकते है । उक्त निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी।

आज दिनांक 9/09/2024 को न्यायालय की पद मुहर से ईश्तहार जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**भानुप्रतापपुर**

## कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-4)

प्रेस क्लब, पानी टंकी के नीचे, छोटापारा, रायपुर
E-mail ID - rmczone4@gmail.com

पत्र क्र./14622/ न.पा.नि./जोन क्र.-4/2024
रायपुर, दिनांक 18-09-2024

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 14622**
**वार्ड का नाम-57-पं. भगवती चरण शुक्ल वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 57 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR447E00249** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **J.N. VAJPAI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **SAJARAM VAJPAI** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती 1 **स्वरूप रानी वाजपेयी 2 अन्जना त्रिपाठी 3 मोना शर्मा** पिता/पति, श्री/श्रीमती **तीनों पति/पिता स्व. जगदीश नारायण वाजपेयी** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **शपथ पत्र, टैक्स रसीद, मलमा बिक्रीनामा, परिचय पत्र व अन्य दस्तावेज**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक-4**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

## कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-4)

प्रेस क्लब, पानी टंकी के नीचे, छोटापारा, रायपुर
E-mail ID - rmczone4@gmail.com

पत्र क्र./14581/ न.पा.नि./जोन क्र.-4/2024
रायपुर, दिनांक 18-09-2024

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 14581**
**वार्ड का नाम-44-ब्राम्हणपारा वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 44 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR759D00019** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **NANDINI THAKUR** पिता/पति, श्री/श्रीमती **ANIL SINGH** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **नाबालिग आस्था राजपूत द्वारा वली पिता अनिल राजपूत सिंह** पिता/पति, श्री/श्रीमती **N/A** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत दानपत्र**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक-4**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

## कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-4)

प्रेस क्लब, पानी टंकी के नीचे, छोटापारा, रायपुर
E-mail ID - rmczone4@gmail.com

पत्र क्र./14579/ न.पा.नि./जोन क्र.-4/2024
रायपुर, दिनांक 18-09-2024

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 14579**
**वार्ड का नाम-44-ब्राम्हणपारा वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 44 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR759C00282** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **REKHA NATHANI, RAVI DEEP-AK** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LATE SHANKAR LAL** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **राधा तिवारी** पिता/पति, श्री/श्रीमती **स्व. सुरेश तिवारी** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **शपथ पत्र, टैक्स रसीद, मलमा बिक्रीनामा, परिचय पत्र व अन्य दस्तावेज**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक-4**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

## कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-1)

संतोषी नगर, खमतराई पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone1@gmail.com

पत्र क्र./14176/ न.पा.नि./जोन क्र.-1/2024
रायपुर, दिनांक 10-09-2024

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 14176**
**वार्ड का नाम-16-वीर शिवाजी वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 16 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR107L489AZ** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **VASUDEV PATEL** पिता/पति, श्री/श्रीमती **KHIMJI BHAI PATEL** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **1 JOHN VICTOR BHANDARA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **1 JAMESH BHANDARI** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **SHAPAT PATRA**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक-1**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

## कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-2)

शहीद समारक भवन, फाफाडीह, रायपुर
Email ID - rmczone2@gmail.com

पत्र क्रं./14600/न.पा.नि./जोन क्रं.-2/2024
रायपुर दिनांक : 17-09-2024

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 14600**
**वार्ड का नाम- 14- रमण मंदिर वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 14 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR223A0342A** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **ACCHARJIT SINGH MINHAS** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LATE DHARM SINGH MINHAS** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **विनोद सोनी** पिता/पति, श्री/श्रीमती **भरत लाल सोनी** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
**श्री आर.के. डोंगरे**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्र.- 2, नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

## कार्यालय संपदा अधिकारी

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राज. परि., नवा रायपुर
प्रथम एवं पंचम तल, व्यवसायिक परिसर (दक्षिण-पुर्व कार्नर), सेक्टर-27, नवा रायपुर, अटल नगर
फोन नं.-0771-4016094 E-mail ID:- em-zone2@yahoo.com

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नालिखित हितग्राहियों को लीज में छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा आबंटित है, उक्त भवन/फ्लैट को फ्री-होल्ड के लिए निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्रस्तुत किया गया है, जिनका फ्री-होल्ड संपरिवर्तन किया जाना है।

अत: इस आम सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के अंदर कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेज के साथ अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में कार्यालयीन दिवस में प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि के पश्चात कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

| क्र. | आबंटी का नाम | पिता/पति का नाम | भवन क्रमांक | कॉलोनी का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमति जासमीन खान | श्री रशीद खान | भवन क्रमांक-47 | अटल आवास योजना बेलभाठा अभनपुर रायपुर |
| 2 | श्री मथुरा प्रसाद बंजारे | स्व. श्री घसिया राम बंजारे | भवन क्रमांक-31 | अटल आवास योजना बेलभाठा अभनपुर रायपुर |
| 3 | श्रीमति नीलम शर्मा | श्री अनिल कुमार शर्मा | भवन क्रमांक-109 | अटल आवास योजना गातापार रायपुर |

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राजधानी परियोजना**
**नवा रायपुर, अटल नगर**

## कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर
## निविदा सूचना

क्रमांक 43/नपानि/जोन-4/लो.क.वि./2024 — रायपुर दिनांक - 17/09/2024

आयुक्त नगर पालिक निगम, रायपुर की ओर से प्रस्तावित कार्य हेतु सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से दो लिफाफा पद्धति (प्रथम में अमानती राशि, अन्य कागजात एवं द्वितीय में निविदा प्रपत्र) में सील बंद निविदाएं **स्पीड पोस्ट** से निम्नानुसार आमंत्रित की जाती है।

1. आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि - **30.09.2024** को सायं 5:30 बजे तक
2. निविदा प्रपत्र जारी करने की अंतिम तिथि - **03.10.2024** को सायं 5:30 बजे तक
3. निविदा प्रपत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि - **09.10.2024** को सायं 04:00 बजे तक
4. निविदा प्रपत्र खोलने की तिथि - **09.10.2024** को सायं 04:30 बजे से

| क्र. | कार्य का विवरण | प्राक्कलन राशि ( लाख में ) | अमानती राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | ठेकेदार की श्रेणी | अवधि | निविदा प्रपत्र | एस.ओ.आर./नॉन एस.ओ.आर. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. | 8. | 9. |
| 1. | पं. रविशंकर शुक्ल वार्ड क्र. 35 अंतर्गत सिटरस होटल से रवती सिंह दुकान के पास दोनों तरफ एवं आसपास कवर्ड नाली एवं सी. सी. पेंच का कार्य। (अधोसंरचना मद 501.50 लाख अंतर्गत) | 13.20 | 14000.00 | 750.00 | "डी" श्रेणी एवं उससे उपर | 3 माह | प्रपत्र "अ" | पी.डब्ल्यु.डी.भवन/रोड एस.ओ.आर. दिनांक 01/01/2015 |
| 2. | पं. रविशंकर शुक्ल वार्ड क्र. 35 अंतर्गत श्याम स्कुटर्स से नरेश मार्केटिंग तक बी.टी. रोड निर्माण कार्य (अधोसंरचना मद 501.50 लाख अंतर्गत) | 19.70 | 20000.00 | 750.00 | "डी" श्रेणी एवं उससे उपर | 3 माह | प्रपत्र "अ" | पी.डब्ल्यु.डी.भवन/रोड एस.ओ.आर. दिनांक 01/01/2015 |
| 3. | पं. रविशंकर शुक्ल वार्ड क्र. 35 अंतर्गत रवि नगर मुख्य मार्ग से पास सी. के. शुक्ला हाउस तक बी. टी. रोड निर्माण कार्य। (अधोसंरचना मद 501.50 लाख अंतर्गत) | 19.83 | 20000.00 | 750.00 | "डी" श्रेणी एवं उससे उपर | 3 माह | प्रपत्र "अ" | पी.डब्ल्यु.डी.भवन/रोड एस.ओ.आर. दिनांक 01/01/2015 |
| 4. | पं. रविशंकर शुक्ल वार्ड क्र. 35 अंतर्गत यादवपारा सामुदायिक भवन में प्रथम तल का निर्माण कार्य। (अधोसंरचना मद 501.50 लाख अंतर्गत) | 12.70 | 13000.00 | 750.00 | "डी" श्रेणी एवं उससे उपर | 6 माह | प्रपत्र "अ" | पी.डब्ल्यु.डी.भवन/रोड एस.ओ.आर. दिनांक 01/01/2015 एवं विद्युत एस.ओ.आर. 2020 |
| 5. | सिविल लाईन वार्ड क्र. 47 अंतर्गत अम्बेडकर भवन सिविल लाईन में पेवर बिछाने एवं अन्य अतिरिक्त कार्य। (अधोसंरचना मद 501.50 लाख अंतर्गत) | 19.57 | 20000.00 | 750.00 | "डी" श्रेणी एवं उससे उपर | 3 माह | प्रपत्र "अ" | पी.डब्ल्यु.डी.भवन/रोड एस.ओ.आर. दिनांक 01/01/2015 |
| 6. | सिविल लाईन वार्ड क्र. 47 अंतर्गत जज कॉलोनी एवं क्रिश्चियन कॉलोनी में सी. सी. रोड निर्माण एवं पेवर कार्य। (अधोसंरचना मद 501.50 लाख अंतर्गत) | 20.00 | 20000.00 | 750.00 | "डी" श्रेणी एवं उससे उपर | 3 माह | प्रपत्र "अ" | पी.डब्ल्यु.डी.भवन/रोड एस.ओ.आर. दिनांक 01/01/2015 |
| 7. | सिविल लाईन वार्ड क्र. 47 अंतर्गत सीएम हाउस के आसपास क्षेत्र में बी.टी. पेच एवं टॉपिंग का कार्य। (अधोसंरचना मद 501.50 लाख अंतर्गत) | 20.00 | 20000.00 | 750.00 | "डी" श्रेणी एवं उससे उपर | 3 माह | प्रपत्र "अ" | पी.डब्ल्यु.डी.भवन/रोड एस.ओ.आर. दिनांक 01/01/2015 |
| 8. | स्वामी विवेकानंद सदर बाजार वार्ड क्र. 45 अंतर्गत गंगाराम सामुदायिक भवन का जीर्णोद्वार एवं प्रथम तल में अतिरिक्त हॉल का निर्माण कार्य। (अधोसंरचना मद 515.07 लाख अंतर्गत) | 20.00 | 20000.00 | 750.00 | "डी" श्रेणी एवं उससे उपर | 6 माह | प्रपत्र "अ" | पी.डब्ल्यु.डी.भवन/रोड एस.ओ.आर. दिनांक 01/01/2015 विद्युत एस.ओ.आर. 2020 |
| 9. | स्वामी विवेकानंद सदर बाजार वार्ड क्र. 45 अंतर्गत नयापारा क्षेत्र सत्ती बाजार क्षेत्र व अन्य क्षेत्र में नाली निर्माण एवं रोड मरम्मत कार्य। (अधोसंरचना मद 515.07 लाख अंतर्गत) | 7.80 | 8000.00 | 750.00 | "डी" श्रेणी एवं उससे उपर | 3 माह | प्रपत्र "अ" | पी.डब्ल्यु.डी.भवन/रोड एस.ओ.आर. दिनांक 01/01/2015 |
| 10. | डॉ. विपिन बिहारी सूर वार्ड क्र. 64 अंतर्गत जलगृह मार्ग रोड के पास सामुदायिक भवन में अतिरिक्त कक्ष एवं प्रथम तल में हॉल निर्माण कार्य। (अधोसंरचना मद 515.07 लाख अंतर्गत) | 15.00 | 15000.00 | 750.00 | "डी" श्रेणी एवं उससे उपर | 6 माह | प्रपत्र "अ" | पी.डब्ल्यु.डी.भवन/रोड एस.ओ.आर. दिनांक 01/01/2015 एवं विद्युत एस.ओ.आर. 2020 |
| 11. | ब्राम्हणपारा वार्ड क्र. 44 अंतर्गत तात्यापारा चौक से हनुमान मंदिर तक नाला निर्माण कार्य । (अधोसंरचना मद 515.07 लाख अंतर्गत) | 14.63 | 15000.00 | 750.00 | "डी" श्रेणी एवं उससे उपर | 3 माह | प्रपत्र "अ" | पी.डब्ल्यु.डी.भवन/रोड एस.ओ.आर. दिनांक 01/01/2015 |
| 12. | ब्राम्हणपारा वार्ड क्र. 44 अंतर्गत अवधियापारा चौक एवं विभिन्न स्थानों में सी. सी. रोड नाली एवं पुलिया निर्माण कार्य्। (अधोसंरचना मद 515.07 लाख अंतर्गत) | 17.57 | 18000.00 | 750.00 | "डी" श्रेणी एवं उससे उपर | 3 माह | प्रपत्र "अ" | पी.डब्ल्यु.डी.भवन/रोड एस.ओ.आर. दिनांक 01/01/2015 |
| 13. | ब्राम्हणपारा वार्ड जोन क्र. 4 बाल समाज वाचनालय आजाद चौक ब्राम्हणपारा रायपुर में वाचनालय में अतिरिक्त कक्ष निर्माण (विधायक निधि) | 10.00 | 10000.00 | 750.00 | "डी" श्रेणी एवं उससे उपर | 6 माह | प्रपत्र "अ" | पी.डब्ल्यु.डी.भवन/रोड एस.ओ.आर. दिनांक 01/01/2015 एवं विद्युत एस.ओ.आर. 2020 |
| 14. | डॉ. विपिन बिहारी सूर वार्ड क्र. 64 जोन क्र. 4 के जय जगन्नाथ सामुदायिक भवन मारवाड़ी शमशान घाट के पास रायपुर में अरिरिक्त कक्ष का निर्माण कार्य। (विधायक निधि) | 10.00 | 10000.00 | 750.00 | "डी" श्रेणी एवं उससे उपर | 6 माह | प्रपत्र "अ" | पी.डब्ल्यु.डी.भवन/रोड एस.ओ.आर. दिनांक 01/01/2015 एवं विद्युत एस.ओ.आर. 2020 |
| 15. | ब्राम्हणपारा वार्ड क्र 44 अंतर्गत आमापारा चौक होते हुए स्वरांजली शर्मा घर से डॉ. करूणा पाण्डे गली एवं सोहागा मंदिर के पीछे नाली एवं सीसी रोड निर्माण कार्य। (जिला खनिज मद) | 20.00 | 20000.00 | 750.00 | "डी" श्रेणी एवं उससे उपर | 4 माह | प्रपत्र "अ" | पी.डब्ल्यु.डी.भवन/रोड एस.ओ.आर. दिनांक 01/01/2015 |
| 16. | इंडोर स्टेडियम का ए सी चिलर प्लांट का रखरखाव संचालन एवं संधारण कार्य । (सामान्य मद) | 12.55 | 13000.00 | 750.00 | "डी" श्रेणी एवं | 6 माह | प्रपत्र | नॉन एस.ओ.आर. / आयटम दर |
| 17. | पं. रविशंकर शुक्ल वार्ड क्र. 35 एवं ब्राम्हणपारा वार्ड क्रमांक 44 अंतर्गत शौचालयों का मरम्मत कार्य। (वेस्ट टायलेट मद) | 2.06 | 3000.00 | 750.00 | "डी" श्रेणी एवं उससे उपर | 2 माह | प्रपत्र "अ" | पी.डब्ल्यु.डी.भवन/रोड एस.ओ.आर. दिनांक 01/01/2015 |
| 18. | जोन क्रमांक 04 अंतर्गत जयस्तंभ चौक में इलेक्ट्रीफिकेशन कार्य । (सड़क बाधा) | 0.99 | 2000.00 | 300.00 | "डी" श्रेणी एवं | 15 दिन | प्रपत्र | छ.ग. पी.डब्ल्यु.डी.विद्युत एस.ओ.आर. 01/06/2020 |
| 19. | जोन क्रमांक 04 अंतर्गत मल्टीलेवल पार्किंग घड़ी चौक का लिफ्ट संधारण कार्य । (सड़क बाधा) | 5.19 | 6000.00 | 750.00 | "डी" श्रेणी एवं उससे उपर | 15 दिन | प्रपत्र "ब" | नॉन एस.ओ.आर. / आयटम दर |

**नोट** :- 1. निविदा से संबंधित दस्तावेज छ.ग. पीडब्ल्यूडी का जीवित पंजीयन प्रमाण पत्र/जीएसटी पंजीयन प्रमाण पत्र/पेन कार्ड/विगत 03 साल का इनकम टैक्स रिटर्न (नवीन पंजीकृत ठेकेदार/फर्म के लिये यह लागू नहीं होगा)/ विगत 03 माह का जीएसटी रिटर्न / राशि रू. 100/- का शपथ पत्र (निविदा जारी होने के बाद का नोटराईजड ) / राशि 2.00 लाख से अधिक के कार्यों के लिये कम से कम 15 प्रतिशत तक जीवित बैंक सॉल्वेशी स्वीकार किया जावेगा। (राष्ट्रीयकृत बैंक का अमानती राशि (एफ.डी.आर. के रूप में) आयुक्त नगर पालिक निगम रायपुर के नाम से देय होगा।) (लिफाफा निविदा जारीकर्ता अधिकारी के नाम से पोस्ट किया जावे) निर्धारित अवधि में यदि किसी दिन अवकाश होता है, तो उल्लेखित कार्यवाही अगले कार्य दिवस पर सम्पन्न की जावेगी।
2. निविदा से सबंधित नियम एवं अन्य शर्ते जोन कमांक 04 कार्यालय में कार्यालयीन अवधि में देखी जा सकती है।
3. उक्त निविदा नगर निगम के वेबसाईट **nagar nigam raipur.nic.in** में देखी जा सकती है।
4 निविदा अंतर्गत **( 3rd Party Inspection )** की राशि का भुगतान ठेकेदार द्वारा किया जायेगा जो कि कुल स्वीकृत राशि के 0.60 प्रतिशत एवं जीएसटी अतिरिक्त होगा।

**घरों से निकलने वाले गीला और सूखा कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें**

**जोन कमिश्नर**
**जोन क्रमांक-4**
**नगर पालिक निगम, रायपुर**

## कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-4)

प्रेस क्लब, पानी टंकी के नीचे, छोटापारा, रायपुर
E-mail ID - rmczone4@gmail.com

पत्र क्र./14372/ न.पा.नि./जोन क्र.-4/2024
रायपुर, दिनांक 17-09-2024

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 14372**
**वार्ड का नाम-57-पं. भगवती चरण शुक्ल वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 57 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR448M00042** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **SUNIL KUMAR JAIN** पिता/पति, श्री/श्रीमती **PUKHRAJ JAIN** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **1 सुनीता जैन 2 सुमीत जैन 3 सौरभ जैन 4 रूचिका बोथरा ( जैन )** पिता/पति, श्री/श्रीमती **सभी पति / पिता स्व. सुनील कुमार जैन** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **शपथ पत्र, टैक्स रसीद, नाम हस्तांतरण विलेख, परिचय पत्र व अन्य दस्तावेज**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक-4**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

## कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01, सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर

email Id- eocghbzone1@gmail.com

### आम – सूचना

**मै सुनिता विश्नोई पति स्व. सत्यनारायण विश्नोई निवासी अविनाश प्राइड एफ - 105, हीरापुर, रायपुर छ.ग. हूं।** मेरे द्वारा डॉ श्याम प्रसाद मुखर्जी योजना के अंतर्गत आरडीए द्वारा निर्मित एक फ्लैट जिसका क्रमांक ओ - 112, भूतल क्षेत्रफल 290 वर्गफुट ग्राम हीरापुर प.ह.नं. 103 खसरा नंबर 238/10 का भाग है, को **गिरिष शाह पिता - स्व. धीरज लाल शाह** से क्रय किया गया है। उक्त फ्लैट की मेरे से पूर्व हुई रजिस्ट्री की मूल प्रति की मेरे से पूर्व हुई रजिस्ट्री की मूल प्रति कबीर नगर सब्जी बाजार के पास गुम हो गई है। जिसका विवरण इस प्रकार है। पुस्तक क्रमांक - अ - ग्रंथ **क्रमांक - 52258,** पृष्ठ संख्या - 44 से 53 क्रमांक - ग **दिनांक 19/10/2011** द्वारा पंजीकृत है। चुंकी मूलप्रति गुम हो गयी है। इस हेतु दिनांक - 16/09/2024 को मैने थाना कबीर नगर में इसकी सूचना प्रेषित किया है। जिसका क्रमांक **93/2024** दिनांक 16/09/2024 है। उक्त पेपर काफि खोज -बीन करने के उपरांत भी आज दिनांक तक नहीं मिला है। अत: जिस किसी भी सज्जन को उक्त विक्रय विलेखा की मूलप्रति मिलती है कृप्या नीचे लिखे पते पर संपर्क करें । इस कार्य हेतु आपके सदैव आभारी रहेंगे।

**आवेदक**
**सुनिता विश्नोई, अनिवाश प्राइड**
**एफ - 105, हीरापुर, रायपुर**
**छ.ग. मो. नं. 96507 - 78266**

## कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-1)

संतोषी नगर, खमतराई पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone1@gmail.com

पत्र क्र./14392/ न.पा.नि./जोन क्र.-1/2024
रायपुर, दिनांक 11-09-2024

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 14392**
**वार्ड का नाम- 04 - यतियतन लाल वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 04 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR104F29603** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **MANISH KUMAR SHARMA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **RAJENDRA KUAMR SHARMA** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **RAJENDRA KUAMR SHARMA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LATE LAXMIKANT SHARMA** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री हितेन्द्र यादव**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक- ( 1 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

## कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-03, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.) फोन नं.-0771-2991574

Email Id: eocghbzone03@gmail.com

### आम – सूचना

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि दीनदयाल आवास योजना, **सेजबहार/दतरेंगा,** रायपुर में स्थित भवन **क्र. एल.आई.जी.-839, श्रीमती गुरमीत कौर पति श्री मनमोहन सिंह** के नाम पर इस कार्यालय के आबंटन आदेश क्रमांक 1475 **दिनांक 15.03.2007** द्वारा भाड़ाक्रय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा उक्त भवन का पूर्ण मूल्य जमा कर अपने पक्ष में **दिनांक 27.12.2011** को सेलडीड पंजीकृत करा लिया गया है। तत्पश्चात आबंटी **श्रीमती गुरमीत कौर पति श्री मनमोहन सिंह** द्वारा आम **मुख्त्यारनामा कु. हरजीत कौर पिता श्री महेन्द्र खनुजा** द्वारा उक्त भवन को क्रेता **श्री संजय कुमार पाण्डेय पिता स्व. श्री अमीरी पाण्डेय** के पक्ष में विक्रय करने हेतु इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 36 दिनांक 01.02.2012 के माध्यम से आवश्यक अनुमति प्राप्त कर दिनांक 07.02.2012 को भवन का विक्रय कर दिया गया है। वर्तमान में **क्रेता श्री संजय कुमार पाण्डेय पिता श्री अमीरी पाण्डेय, निवासी:-लोहार चौंक, पुरानी बस्ती, रायपुर ( छ.ग. )** द्वारा आवेदन पत्र, पंजीकृत विक्रय विलेख एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर नामांतरण करने हेतु आवेदन किया गया है।

अत: उक्त भवन के नामांतरण के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय/अर्द्धशासकीय/वित्तीय संस्था बैंक इत्यादि को उक्त भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद में आपत्ति मान्य नहीं की जायेगी।

**सम्पदा अधिकारी,**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,**
**प्रक्षेत्र-03, सेजबहार, रायपुर छ.ग.**

## कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-2)

शहीद समारक भवन, फाफाडीह, रायपुर
Email ID - rmczone2@gmail.com

पत्र क्रं./14531/न.पा.नि./जोन क्रं.-2/2024
रायपुर दिनांक : 17-09-2024

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 14531**
**वार्ड का नाम- 27- इंदिरा गांधी वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 27 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR737D00722** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **ISHWAR LAL KODWANI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **S/O HAZARIMAL KODWANI** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **SHRI PRADEEP ROHRA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **S/O THAKUR DAS ROHRA** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
**श्री आर.के. डोंगरे**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक- ( 2 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

## कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-2)

शहीद समारक भवन, फाफाडीह, रायपुर
Email ID - rmczone2@gmail.com

पत्र क्रं./14609/न.पा.नि./जोन क्रं.-2/2024
रायपुर दिनांक : 17-09-2024

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 14609**
**वार्ड का नाम- 14- रमण मंदिर वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 14 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR221A00079** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **HANSA BEN** पिता/पति, श्री/श्रीमती **W/O JITENDRA RATHORE** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **श्रीमती नीरू मिश्रा** पिता/पति, श्री/श्रीमती **पति मुकेश कुमार मिश्रा** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
**श्री आर.के. डोंगरे**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक- ( 2 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

## कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-4)

प्रेस क्लब, पानी टंकी के नीचे, छोटापारा, रायपुर
E-mail ID - rmczone4@gmail.com

पत्र क्र./14566/ न.पा.नि./जोन क्र.-4/2024
रायपुर, दिनांक 17-09-2024

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 14566**
**वार्ड का नाम-57-पं. भगवती चरण शुक्ल वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 57 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR448B00127** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **MATHURA BAI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LATE. NARAYAN RATHI** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **कल्पेश रायचुरा** पिता/पति, श्री/श्रीमती **स्व. रमनिक भाई रायचुरा** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक-4**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

## कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-4)

प्रेस क्लब, पानी टंकी के नीचे, छोटापारा, रायपुर
E-mail ID - rmczone4@gmail.com

पत्र क्र./14373/ न.पा.नि./जोन क्र.-4/2024
रायपुर, दिनांक 17-09-2024

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 14373**
**वार्ड का नाम-57-पं. भगवती चरण शुक्ल वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 57 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR447E00183** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **MRS. SANDHYA BAGHEL** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LATE. PANNA LAL BAGHEL** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **डॉ. अनुभा राज** पिता/पति, श्री/श्रीमती **डॉ. प्रतीक गौरव** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक-4**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

## रक्तदान मानव जीवन के लिए एक पवित्र कार्य है जिससे प्रत्येक व्यक्ति को करना चाहिए -महाप्रबंधक अजय तिवारी

### विश्रामपुर केंद्रीय चिकित्सालय का भव्य रक्तदान शिविर, 47 यूनिट लोगों ने रक्तदान किया

**गोपाल सिंह विद्रोही**

**सूरजपुर ब्यूरो (विश्व परिवार)** - रक्तदान मानव जीवन के लिए एक पवित्र कार्य है। रक्तदान प्रत्येक व्यक्ति को करना चाहिए, मानव जीवन के लिए रक्त की बहुत आवश्यकता पड़ती है ।रक्त किसी फैक्ट्री में निर्मित नहीं होता अपितु मनुष्य से ही रक्त की प्राप्ति होती है ।आज देश में रक्त की बहुत जरूरत होती है ।हम किसी को जीवन तभी बचा सकते हैं जब उस व्यक्ति को समय पर रक्त प्राप्त हो सके। इसके लिए हम सबको जागरुक होकर ज्यादा से ज्यादा लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित करना चाहिए और खुद आगे बढ़कर सबसे पहले स्वयं रक्तदान करना चाहिए ।



उक्त बातें एसईसीएल विश्रामपुर क्षेत्र के मुख्य महाप्रबंधक अजय तिवारी ने केंद्रीय चिकित्सालय में आयोजित स्वेक्षिक रक्तदान शिविर कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कही ।महाप्रबंधक अजय तिवारी ने आगे कहा कि कब किस व्यक्ति को रक्त की जरूरत पड़ जाए यह कहां नहीं जा सकता। देश के विभिन्न चिकित्सालय में रक्त की बहुत कमी है। रक्त चिकित्सालयो में कम पड़ जाता है और मरीजों की संख्या ज्यादा है ऐसी स्थिति में रक्त किसी फैक्ट्री से खरीद कर नहीं लाया जा सकता अतः हर परिवार के सदस्यों को जीवन में कम से कम एक बार रक्तदान कर मानव जीवन को बचाया जा सकता है, इसके लिए हम सबको रक्तदान करने के लिए तैयार रहना चाहिए। महाप्रबंधक में शिविर का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया।

इस शिविर मे विश्रामपुर केंद्रीय चिकित्सालय के स्टाफ सहित आम जनों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और 45 यूनिट रक्तदान किया।

इस आयोजन में सूरजपुर जिला चिकित्सालय के सीएमओ डॉ विशाल एवं केंद्रीय चिकित्सालय विश्रामपुर के सीएमओ डॉ बी प्रधान ने भी उपस्थित जनों से ज्यादा से ज्यादा रक्तदान कर मानव जीवन की रक्षा करने की अपील की तथा रक्तदान करने वालों के लिए कोटिशः धन्यवाद दिया। इस आयोजन में शिवानी महिला समिति के अध्यक्ष श्रीमती ममता तिवारी, सचिव महिमा सिंह सहित श्रीमती मधु सिंह, बलजिंदर कौर ,मोनिका दास ,गायत्री शर्मा सहित अमरेंद्र नारायण सिंह, सुरेश राम प्रमुख रूप से उपस्थित थे ।कार्यक्रम का संचालन डॉ श्रीता लाल, आभार प्रदर्शन ड्यूटी सीएमओ डॉक्टर निरंजन ने किया ।कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉक्टर सतपाल जोल्हे ,डॉक्टर संगीता महंत, डॉक्टर वीरभद्र , डॉक्टर हर्षवर्धन सिंह, डॉक्टर हरकेश सिंह ,डॉक्टर मोनिका सहित आनंद चौधरी सेनापति प्रधान, गायत्री शर्मा ,मोनिका दास का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## कलेक्टर और एसपी ने आवारा मवेशियों और अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई के दिए निर्देश

**कोरिया(विश्व परिवार)।** जिला कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आज कलेक्टर चंदन त्रिपाठी और पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार ने संयुक्त रूप से जिला और पुलिस प्रशासन के अधिकारियों के साथ कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक की। बैठक में आवारा मवेशियों को सड़कों से हटाने, अपराधियों पर नकेल कसने और यातायात प्रबंधन सहित अन्य मुद्दों पर गहन चर्चा की गई। कलेक्टर त्रिपाठी ने सड़कों पर घूमने वाले मवेशियों को हटाने के लिए नगरीय निकाय, पशुपालन और जनपद




पंचायत के अधिकारियों को तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सड़कों पर बैठे मवेशियों से दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ जाता है, इसलिए मवेशियों के मालिकों का चिन्हांकन कर उन पर सख्त कार्रवाई की जाए। पुलिस अधीक्षक परिहार ने पुलिसकर्मियों से कहा कि वे ग्रामीण क्षेत्रों में कोटवारों के साथ नियमित संपर्क बनाए रखें। उन्होंने निर्देश दिए कि अपराधियों के मन में कानून का डर होना चाहिए, जबकि आम जनता के साथ पुलिस का दोस्ताना व्यवहार बना रहे। यातायात प्रबंधन को लेकर बाजार और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में वाहनों की पार्किंग को सुव्यवस्थित करने के लिए नगर पालिका और ट्रैफिक पुलिस को विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। घड़ी चौक में बने पार्किंग स्थल का उपयोग सुनिश्चित करने के लिए आम जनता को जागरूक करने पर भी जोर दिया गया। परिहार ने अवैध नशीली पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए।

## कलेक्टर रणबीर शर्मा ने सुनी जनदर्शन में लोगों की समस्याएं, 14 आवेदन हुए प्राप्त

**बेमेतरा(विश्व परिवार)।** कलेक्टर रणबीर शर्मा की उपस्थिति मे आज मंगलवार को समय सीमा की बैठक के बाद कलेक्टरेट के दृष्टि सभा कक्ष मे जनदर्शन आयोजित की गई। जिसमें जिले के अलग-अलग क्षेत्र के लोग अपनी-अपनी मांग, समस्याएं एवं शिकायतें लेकर आये। इस दौरान जनदर्शन मे आने वाले सभी लोगों की समस्याओं का निराकरण भी किया गया। आज के जन चौपाल में कलेक्टर ने लोगों की समस्याओं को गौर से सुना और संबंधित अधिकारियों से दूरभाष पर और समक्ष बुलाकर संबंधित आवेदनों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। कुछ आवेदन मौके पर ही निराकरण किए गए। आज जनदर्शन में विभिन्न शिकायत एवं समस्याओं से संबंधित 14 आवेदन प्राप्त हुए। तात्कालिक महत्व की समस्याओं का जहां त्वरित निराकरण किया। वहीं गंभीर और जांच के आवेदनों को टीएल पंजी पर दर्ज करके, इनका निराकरण करने के निर्देश संबंधित अफसरों को दी। इस दौरान जनदर्शन में दूरदराज के गांवों से अपनी समस्याओं के समाधान हेतु पहुंचे लोगों में से ग्राम पंचायत नरी व ग्राम पंचायत कोसा के निवासी केजू साहू ने नल जल योजना कनेक्श दिलाने के संबंध में आवेदन दिया, तहसील बमेतरा के सिंगपुर के समस्त ग्रामवासी ने ट्रॉसफार्मर दिलाने के संबंध में आवेदन दिया।

## प्रकरणों के त्वरित निराकरण कर आम लोगों की समस्याओं का करें समाधान : कलेक्टर

**कोरिया(विश्व परिवार)।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आज कलेक्टर चंदन त्रिपाठी की अध्यक्षता में समय-सीमा की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न विभागों के लंबित प्रकरणों की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने सभी विभागों को समय पर प्रकरणों के निराकरण के निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने पर जोर दिया। बैठक में कलेक्टर ने जाति-निवास-आय प्रमाण पत्र वितरण की प्रगति पर विशेष ध्यान देने के लिए जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि सभी पात्र हितग्राहियों को प्रमाण पत्र शीघ्र जारी किए जाएं। साथ ही पशुपालन विभाग को मवेशियों के टीकाकरण पर जोर देने और पशुपालकों को मवेशियों को खुले में न छोड़ने के लिए जागरूक करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने राजस्व विभाग के अधिकारियों से सड़क निर्माण हेतु अधिग्रहीत भूमि के मुआवजा प्रकरणों का शीघ्र निपटारा करने और जर्जर सरकारी भवनों की पहचान कर उन्हें डिस्मेंटल करने के लिए आवश्यक कार्यवाही करने को कहा। भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी के लक्ष्यों की समीक्षा करते हुए, कलेक्टर ने सभी विभाग प्रमुखों को रेडक्रॉस सोसायटी का सदस्य बनने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण को शीघ्र पूर्णता के निर्देश भी दिए। बैठक में शिक्षा विभाग के अंतर्गत पीएम स्कूल और स्कूल जतन योजना के निर्माण कार्यों की प्रगति पर चर्चा की गई। कलेक्टर ने अपूर्ण कार्यों को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत अधिक से अधिक लोगों को प्रशिक्षण देकर उन्हें योजना का लाभ देने के लिए महाप्रबंधक उद्योग को भी निर्देशित किया गया।

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने चोरी की वारदात रोकने की मांग पुलिस अधीक्षक सूरजपुर से की

**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )** नगर पंचायत भटगांव क्षेत्र में चोरी की घटना को रोकने ,नशेड़ियों और कबाड़ियों के विरुद्ध कार्यवाही करने हेतु कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पुलिस अधीक्षक सूरजपुर के नाम ज्ञापन थाना प्रभारी भटगांव तथा तहसीलदार माध्यम से सौंप कर उचित करवा कार्यवाही की मांग की। भटगांव क्षेत्र के कॉलोनी वा ग्रामीण वार्ड मे तथा कोयला खदानों में आए दिन चोरी की हो रही वारदात से परेशान हो कर नगर पंचायत अध्यक्ष सूरज कुमार गुप्ता, पार्षद अभिषेक श्रीवास्तव, पूर्व एल्डरमैन व छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश महासचिव अफ़रोज खान, कांग्रेस नेता मनोज साहू, संजीव



सेठी ने हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन देकर उचित कार्रवाई की मांग की गई है। नगर पंचायत अध्यक्ष सूरज कुमार गुप्ता का कहना है कि बीते कुछ महीनो से नगर पंचायत भटगांव क्षेत्र मे नशेड़ियों तथा कबाड़ियों की गतिविधियां बढ़ गईं है। आए दिन लोगों के घरों में तथा वाहनों से चोरी की घटनाओं की शिकायत मिल रही है। पहले चोर तथा कबाड़ी खदानों में चोरी करते थे अब आम आदमी के घरों तथा दुकानों में चोरी कर रहे हैं जिससे कि पूरे क्षेत्र के निवासी त्रस्त हैं। पुलिसिंग समाप्त हो चुकी है। इसलिए पुलिस अधीक्षक सूरजपुर के नाम ज्ञापन सौंप कर चोरी की वारदात पर रोक लगाने की मांग की गई है।

## अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सोनहत इकाई के कार्यकर्ताओं ने महाविद्यालय प्रशासन पर जताई नाराजगी कहा नहीं चलेगा फर्जीवाड़ा

**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )**-अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई सोनहत के कार्यकर्ताओं ने आज महाविद्यालय प्रशासन होश में आओ के नारों के साथ नवीन महाविद्यालय सोनहत में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा अतिथि व्याख्याता शिक्षक भर्ती नियम 2024 का उल्लंघन करते हुए एक ऐसी शिक्षिका की नियुक्ति को लेकर किया गया, जो अन्य महाविद्यालयों में अपात्र घोषित हो चुकी हैं।

प्रदर्शन के दौरान अभाविप ने आरोप लगाया कि सैयद जेबा बख्तियार नाम की शिक्षिका को महाविद्यालय के प्राचार्य ने मनमानी तरीके से और पैसे की साठगांठ करके नियुक्त किया है। जेबा बख्तियार, जिन्हें अन्य महाविद्यालयों में अपात्र माना गया था, की नियुक्ति को लेकर विद्यार्थी परिषद ने गहरी नाराजगी जताई और इसे शिक्षा के व्यापारीकरण की ओर संकेत बताया।

अभाविप ने यह भी आरोप लगाया कि जेबा बख्तियार का एमफिल प्रमाणपत्र फर्जी है, क्योंकि उन्होंने एक ही सत्र में एमफिल किया और साथ ही



सूरजपुर महाविद्यालय में पढ़ाया भी, जो नियमों के खिलाफ है। उनके द्वारा प्रस्तुत किया गया अनुभव प्रमाणपत्र और एमफिल डिग्री दोनों ही संदिग्ध हैं। महाविद्यालय प्रशासन ने इन तथ्यों की अनदेखी कर उन्हें नियुक्त किया, जिससे प्राचार्य और बख्तियार मैडम के बीच साठगांठ का संदेह उत्पन्न होता है।

अभाविप ने ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि यदि इस मुद्दे पर उचित और त्वरित कार्यवाही नहीं की गई, तो संगठन जिले भर में व्यापक प्रदर्शन और उग्र आंदोलन करेगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी। विरोध प्रदर्शन के दौरान उपस्थित प्रमुख कार्यकर्ताओं में अभाविप कोरिया विभाग संयोजक अंकुर पटेल , जिला संयोजक केशव राजवाड़े , सोनहत नगर मंत्री बलबीर पूषाम ,पूर्व जिला सह संयोजक आकाश सिंह नगर सह मंत्री विशाल यादव, सह ऋषभ मंत्री राजवाड़े,सह मंत्री विकास राजवाड़े, संजीव राजवाड़े,नीरज राजवाड़े ,रमेश चक्रधारी अनिल साहू, संजय कुमार,और सोनू सहित कई अन्य कार्यकर्ता शामिल थे।

## संक्षिप्त समाचार

### कोनी क्षेत्र में रेत का अवैध उत्खनन धड़ल्ले से जारी

**बिलासपुर(विश्व परिवार)।** कोनी क्षेत्र के कछार और ग्राम लोफन्दी में अरपा नदी के सीने को छलनी कर रेत का अवैध उत्खनन जारी है और यह सब कुछ खनिज विभाग और पुलिस की नाक के नीचे हो रहा है, लेकिन कार्यवाही के नाम पर केवल खाना पूर्ति की जा रही है । रेत का यह अवैध कारोबार स्थानीय सरपंच और ग्रामीणों द्वारा संगठित रूप से किया जा रहा है, उन्होंने सरकारी मशीनरी को भी अपने मुताबिक ढाल लिया है। सरकारी दावे के उलट कोनी क्षेत्र के कछार में ही प्रतिदिन 200 से अधिक ट्रैक्टर रेत का अवैध उत्खनन और परिवहन किया जा रहा है। बरसात होने के कारण नदी से रेत निकालने की मनाही है लेकिन इसकी धज्जियां उड़ाते हुए रेत माफिया द्वारा रात को बड़े-बड़े मशीनों के माध्यम से रेत का उत्खनन किया जाता है और तड़के ही इनका परिवहन कर दिया जाता है। इन दीनों 15 से 17 हजार रुपए प्रति हाईवा और 3000 से 3500 रुपए प्रति ट्रैक्टर के दर पर रेत बेचा जा रहा है। दिन में तो घाट में शांति छाई रहती है लेकिन शाम होते ही यहां का नजारा बिल्कुल बदल जाता है। कछार और आसपास के गांव में हर घर के बाहर ट्रैक्टर , हाईवा या फिर रेत निकालने के लिए इस्तेमाल होने वाले मशीन देखे जा सकते हैं। साथ ही कई स्थानो पर रेत डंप भी किया हुआ है। यहां लगभग हर घर में कोई ना कोई सदस्य इस कार्य में लिप्त है।

### आनंद नगर में मिली युवक की लाश

**कोरबा(विश्व परिवार)।** कोरबा जिले के हरदीबाजार थाना क्षेत्र ग्राम चोढ़ा के आनंद नगर क्षेत्र में एक युवक की लाश मिली है। मृतक की पहचान ग्राम चोढ़ा के आश्रित मोहल्ला बरहामुड़ा निवासी प्रीतम कुमार मरकाम के रूप में की गयी हैं। सूचना पर पहुंची हरदी बाजारा पुलिस मामले की जांच कर रही है। बताया जा रहा हैं की देर शाम को एक व्यक्ति बाड़ी तरफ गया था, जहां उन्होंने शौचालय की सीट में युवक की लाश देखी। घटना के बाद से ही ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जमा हो गई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मौत के कारणों का पता लगने के बाद ही पुलिस मामले में आगे की कार्यवाही करेगी

### सफाई बनाएं रखना हमारा नैतिक कर्तव्य : कलेक्टर

**बलौदाबाजार(विश्व परिवार)।** बलौदाबाजार भाटापारा जिले में 17 सितंबर से ''स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024''का शुभारंभ कलेक्टर दीपक सोनी द्वारा संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में साफ सफाई एवं श्रमदान कर किया गया। इस दौरान सोनी ने सफाई अभियान के पूर्व राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। साथ ही उन्होंने सभी उपस्थित अधिकारियों कर्मचारियों सहित बिहान समूह से जुड़े महिलाओं को स्वच्छता को अपनाने हेतु स्वच्छता शपथ दिलाया गया। जिले में 'स्वच्छता ही सेवा' पखवाड़ा का शुभारंभ करते हुए कलेक्टर दीपक सोनी ने कहा कि हर व्यक्ति को अपने दैनिक जीवन में स्वच्छता को अपनाना चाहिए। हमे अपने घर के समान ही आसपास एवं कार्यालयों में साफ सफाई रखना चाहिए ये हमारा नैतिक कर्तव्य है। आज शहरों एवं गांवों को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए स्वच्छता को सामाजिक आंदोलन बनाने की जरूरत है। जन-जागरूकता से ही जिला स्वच्छ और सुंदर बन सकता है इसके लिए हमे अपने स्वभाव में भी परिवर्तन लाना होगा। साथ ही उन्होंने सभी अधिकारियों को अपने अपने कार्यालय में सप्ताह भर के भीतर सफाई करने के निर्देश दिए है। इसके साथ ही उन्होंने मौजूद लोगों को आज विश्वकर्मा जयंती की भी बधाई दी। गौरतलब है की उक्त अभियान 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक''स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता'' विषय पर केंद्रित रहेगा, जिसमें स्वच्छता को समाज के प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी मानते हुए इसे उनके स्वभाव और संस्कार का हिस्सा बनाने का प्रयास होगा। स्वच्छता ही सेवा अभियान अंतर्गत 'स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता' का यह अभियान 02 अक्टूबर 2024 को महात्मा गांधी की जयंती 'स्वच्छ भारत दिवस' पर पूर्ण होगा।

### नेता प्रतिपक्ष ने दी विश्वकर्मा जयंती की शुभकामनाएं

**कोरबा(विश्व परिवार)।** नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने विश्वकर्मा जयंती पर अपने बधाई संदेश में कहा कि, समस्त उद्योग, श्रमिक जगत में सुख समृद्धि प्राप्त हो यही कामना करता हूँ। मान्यताओं के अनुसार विश्वकर्मा पूजा के दिन विशेष तौर पर औजारों निर्माण कार्य से जुड़ी मशीनों, दुकानों, कारखानों आदि की पूजा की जाती है। विश्वकर्मा की पूजा से जीवन में कभी भी सुख समृद्धि की कमी नहीं आती। डॉ. महंत ने कहा कि, धार्मिक मान्यताओं अनुसार संसार की रचना ब्रह्मा जी ने की है और उसे सुंदर बनाने का काम भगवान विश्वकर्मा जी को दिया गया है यही वजह है कि भगवान विश्वकर्मा को संसार का सबसे पहला और बड़ा इंजीनियर कहा जाता है।

# संपादकीय

## जमानत की शर्तें तर्कसंगत हो

यह कैसी विडम्बना है कि केजरीवाल जेल में रहते हुए भी मुख्यमंत्री बने रह सकते हैं लेकिन जेल से बाहर आकर मुख्यमंत्री के रूप में काम नहीं कर सकते! सुप्रीम कोर्ट ने 12 जुलाई को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को शराब नीति में हुए कथित घोटाले से जुड़े ईडी के मामले में जमानत दी थी। इसके दो महीने बाद 13 सितंबर को उसने सीबीआई के मामले में भी उनको जमानत दे दी। दोनों ही मामलों में जमानत की एक समान और बेहद कठोर शर्तें लगाई गईं। मुख्यमंत्री को जमानत देते हुए जैसी शर्तें लगाई गई हैं वह हैरान करने वाली हैं। क्योंकि खुद सर्वोच्च अदालत ने कई मामलों में कहा है कि जमानत देते समय सोच समझ कर शर्तें लगानी चाहिएं। केजरीवाल का मामला और भी आश्चर्यजनक इसलिए है क्योंकि जब वे जेल में थे तब सुप्रीम कोर्ट के दो जजों की बेंच ने इस सवाल पर विचार किया था कि वे जेल में रह कर सरकार के फैसलों से जुड़ी फाइलों पर दस्तखत कर सकते हैं या नहीं। लेकिन एक दूसरी बेंच ने उनको जमानत देते हुए फाइलों पर दस्तखत करने पर रोक लगा दी। सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की बेंच के सामने एक मामला आया था, जिसमें जेल काट रहे एक सजायाफ्ता याचिकाकर्ता ने कहा था कि दिल्ली सरकार उसकी सजा माफ करने में देरी कर रही है। जजों ने इस बारे पूछा तो दिल्ली सरकार के वकील ने कहा कि मुख्यमंत्री केजरीवाल जेल में बंद हैं इसलिए फाइलों पर दस्तखत नहीं कर पा रहे हैं, जिससे देरी हो रही है। तब अदालत ने एडिशनल सॉलिसीटर जनरल से पूछा था कि  क्या दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जेल से अपने कर्तव्यों का पालन करने से रोकने के लिए कोई प्रतिबंध आदेश है? बेंच ने कहा हम इसकी जांच करना चाहते हैं क्योंकि इससे सैकड़ों मामले प्रभावित होंगे। इस सवाल पर एडिशनल सॉलिसीटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने कहा कि वे इस मुद्दे पर निर्देश लेंगी। इसके बाद कोर्ट को बताएंगी। यह पांच सितंबर का मामला है। इसके एक हफ्ते बाद 13 सितंबर को जस्टिस उज्ज्वल भुइंया और जस्टिस सूर्यकांत की बेंच ने केजरीवाल को जमानत दी लेकिन कई शर्तों में एक शर्त यह लगा दी कि वे फाइलों पर दस्तखत नहीं कर सकेंगे। इतना ही नहीं अदालत ने यह भी कहा कि वे मुख्यमंत्री कार्यालय नहीं जाएंगे। आमतौर पर जमानत में जो शर्तें लगाई जाती हैं जैसे आरोपी सबूतों व गवाहों से छेड़छाड़ नहीं करेगा या मुकदमे के बारे में बयानबाजी नहीं करेगा, जमानत के बॉन्ड भरेगा, जरुरत होने पर अदालत और एजेंसी के सामने पेश होगा आदि, ऐसी सारी शर्तें केजरीवाल पर भी हैं। लेकिन मुख्यमंत्री के ऊपर यह शर्त ज्यादती है कि वे कार्यालय नहीं जाएंगे और फाइल पर दस्तखत नहीं करेंगे।

# भारत के खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र का विस्तृत क्षितिज

श्रीमती अनीता प्रवीण/ सचिव, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय



भारत दुनिया की सबसे बड़ी एवं सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है और इसका खाद्य प्रसंस्करण उद्योग आर्थिक विकास को गति देने एवं खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने में एक बेहद महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। भारत सरकार ने विभिन्न व्यावहारिक पहलों के साथ-साथ सुधारों के एक नए युग की शुरुआत की है, जिसने भारत को तेजी से विकास के पथ पर ला खड़ा किया है। राष्ट्र न केवल अभूतपूर्व प्रगति एवं विकास का साक्षी बना है, बल्कि एक जीवंत एवं विविधतापूर्ण अर्थव्यवस्था द्वारा संचालित एक वैश्विक शक्ति के रूप में भी उभरा है। भारत सरकार की प्रगतिशील नीतिगत पहलों एवं उपायों के कारण, खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र ने हाल के वर्षों में उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है और मैन्यूफैक्चरिंग के सकल मूल्य वर्धित (जीवीए) में 7.66 प्रतिशत और वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान कृषि के जीवीए में 8.45 प्रतिशत का योगदान दिया है। समृद्ध एवं विविधतापूर्ण कृषिगत संसाधनों से लैस भारत वैश्विक स्तर पर खाद्य उत्पादन के मामले में एक महत्वपूर्ण शक्ति है। दूध, पोषक अनाज, खाद्यान्न, फल, सब्जियां, चाय और मछली जैसी कई खाद्य पदार्थों का सबसे बड़ा उत्पादक होने के नाते, इसने खाद्य प्रसंस्करण उद्योग के लिए एक मजबूत आधार तैयार किया है। वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान भारत का कृषि-खाद्य निर्यात बढ़कर 46.4 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया, जो इस क्षेत्र की तीव्र प्रगति और इसके बढ़ते वैश्विक प्रभाव को दर्शाता है। कुल कृषि-खाद्य निर्यात में प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों की हिस्सेदारी 2014-15 में 4.90 बिलियन अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 2023-24 में 10.88 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गई। नवाचार, निवेश और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के सही मिश्रण के साथ, यह क्षेत्र अपनी क्षमता का संपूर्ण दोहन करने और देश के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए तैयार है।



भारत के खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में अपार एवं विविधतापूर्ण अवसर उपलब्ध हैं और इसका प्रत्येक उप-क्षेत्र विकास की अनूठी संभावनाएं प्रदान करता है। प्रौद्योगिकी के आगमन ने इस उद्योग में क्रांति ला दी है, जिससे खाद्य सुरक्षा, पैकेजिंग, लॉजिस्टिक्स और आपूर्ति श्रृंखला के प्रबंधन में अभूतपूर्व प्रगति हुई है। ई-कॉमर्स में आए उछाल और उपभोग के लिए तैयार (रेडी-टू-ईट) व सुविधाजनक खाद्य पदार्थों की बढ़ती मांग ने इस क्षेत्र के विकास के नए रास्ते खोल दिए हैं, जिससे यह निवेशकों और उद्यमियों के लिए एक आकर्षक विकल्प बन गया है। खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के समग्र विकास को सहायता प्रदान करने हेतु, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय (एमओएफपीआई) ने ऐसी कई योजनाएं और पहल लागू की हैं जो बदलाव लाने और एक मजबूत इकोसिस्टम को बढ़ावा देने में अहम रही हैं। यह इकोसिस्टम सूक्ष्म, लघु, मध्यम एवं बड़े उद्यमों में नवाचार, निवेश और समावेशिता को प्रोत्साहित करता है। प्रधानमंत्री किसान सम्पदा योजना (पीएमकेएसवाई) नाम की प्रमुख योजना ने खेतों से रिटेल आउटलेट तक कुशल आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन के साथ आधुनिक बुनियादी ढांचे के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इन प्रयासों से न केवल फसल कटाई के बाद होने वाले नुकसान को कम किया जा सका है, बल्कि निर्यात क्षमता में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। इसके अलावा, उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना (पीएलआईएस) भारत के खाद्य प्रसंस्करण उद्योग के विकास और प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ावा देने की दिशा में एक प्रमुख प्रयास है। मंत्रालय देश में सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों की स्थापना/उन्नयन के लिए वित्तीय, तकनीकी और व्यावसायिक सहायता प्रदान करने हेतु केन्द्र प्रायोजित पीएम सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों की औपचारिकीकरण योजना (पीएमएफएमई) भी लागू कर रहा है।

### 'वर्ल्ड फूड इंडिया': वैश्विक स्तर पर 'फूड बास्केट' के रूप में भारत

खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय द्वारा परिकल्पित 'वर्ल्ड फूड इंडिया' वैश्विक स्तर पर एक खाद्य प्रसंस्करण केंद्र के रूप में उभरने के प्रति भारत की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। यह वार्षिक उत्सव एक ऐसे वैश्विक मंच के रूप में कार्य करता है, जो खाद्य मूल्य श्रृंखला के विभिन्न क्षेत्रों से संबंधित हितधारकों को एक साथ लाता है, पारस्परिक सहयोग को बढ़ावा देता है, ज्ञान साझा करने की प्रक्रिया को प्रोत्साहित करता है और भारत को एक वैश्विक खाद्य प्रसंस्करण केन्द्र बनने के अपने लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में प्रेरित करता है। यह बहुप्रतीक्षित कार्यक्रम 19 से 22 सितंबर 2024 के दौरान नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित किया जाएगा। पिछले संस्करणों की सफलता को आगे बढ़ाते हुए, इस वर्ष के आयोजन का लक्ष्य अपेक्षाकृत अधिक बड़ा और प्रभावशाली कार्यक्रम का संचालन करना है जो नेटवर्किंग और सहयोग के अद्वितीय अवसर प्रदान करे। मंत्रालय वैश्विक निवेशकों, व्यापारिक जगत की अग्रणी हस्तियों, खाद्य प्रसंस्करण कंपनियों, निर्यातकों, आयातकों, नवोन्मेषकों तथा सरकारी प्रतिनिधियों को इस प्रतिष्ठित कार्यक्रम में शामिल होने और भारत के विशाल खाद्य बाजार व आर्थिक अवसरों का लाभ उठाने के लिए आमंत्रित किया है। वर्ल्ड फूड इंडिया 2024 में पेट फूड, एचओआरईसीए (होटल, रेस्तरां और कैटरिंग) और फसल की कटाई के बाद (पोस्ट हार्वेस्ट) उपयोग में आने वाली मशीनरी सहित कई नए क्षेत्रों को समर्पित विशेष खंड शामिल होंगे। ये नए समावेश खाद्य उद्योग के उभरते परिदृश्य को दर्शायेंगे और इनका उद्देश्य विविध किस्म के निवेश व नवाचारों को आकर्षित करना है। यह आयोजन उद्योग जगत के हितधारकों के बीच ज्ञान साझा करने और सहयोग की सुविधा की दृष्टि से डिजाइन किए गए विभिन्न विषयगत सत्रों की एक श्रृंखला का आयोजन करेगा। इसके मुख्य विषयों में टिकाऊ पैकेजिंग प्रौद्योगिकियां; अपशिष्ट को न्यूनतम करना, मूल्य को अधिकतम करना; खाद्य-पदार्थ एवं व्यापार के मामले में क्रांतिकारी बदलाव लाना शामिल होंगे। ये सत्र विशेषज्ञों को चुनौतियों का समाधान करने, सर्वोत्तम कार्यप्रणालियों को साझा करने और सतत विकास के लिए उपयुक्त रणनीतियों का पता लगाने के लिए एक मंच प्रदान करेंगे। इसी के समानांतर, 'रिवर्स बायर सेलर मीट' अंतर्राष्ट्रीय खरीदारों एवं भारतीय विक्रेताओं के बीच सीधे बातचीत को संभव बनाएगी, बाजार तक पहुंच सुलभ करेगी और नई साझेदारियों को बढ़ावा देगी। उपरोक्त बातों के अलावा, भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण द्वारा आयोजित वैश्विक खाद्य नियामक शिखर सम्मेलन का आयोजन वर्ल्ड फूड इंडिया के साथ किया जायेगा। इस शिखर सम्मेलन का उद्देश्य खाद्य सुरक्षा, गुणवत्ता और नवाचार से संबंधित महत्वपूर्ण समस्याओं के समाधान हेतु वैश्विक खाद्य नियामकों के बीच निरंतर बातचीत एवं सहयोग को प्रोत्साहित करना है।खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय एक ऐसे जीवंत व सुदृढ़ खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है जो न केवल भारत की आर्थिक समृद्धि में योगदान दे, बल्कि देश के लोगों का कल्याण भी सुनिश्चित करे। साथ मिलकर, हम एक ऐसे भविष्य का निर्माण कर सकते हैं, जहां विकसित भारत की आकांक्षाओं और एक आत्मनिर्भर राष्ट्र के सपने को साकार करते हुए भारत खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर एक अग्रणी देश के रूप में स्थापित होगा।

## आलेख

# नरेन्द्र मोदी के रूप में विशाल भारत को मिला विश्वदृष्टि-सम्पन्न नेतृत्व

डॉ. मोहन यादव

भारत जैसे विशाल देश को विकास के वैश्विक दृष्टि सम्पन्न नेतृत्व की अपेक्षा थी वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रूप में पूरी हो गई है। भारत के हर नागरिक की यही भावना है। इसलिए वे उन्हें मन से चाहते हैं। मध्यप्रदेश के नागरिकों की ओर से हमारे लाड़ले प्रधानमंत्री जी को जन्म दिन की अशेष शुभकामनाएं। आज भारत देश की वैश्विक साख और गरिमा में जो वृद्धि हुई है उसका पूरा श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी को जाता है। विश्व शांति की स्थापना में भारत का योगदान हो या प्रौद्योगिकी के विशाल क्षितिज में लंबी उड़ान, यह सब प्रधानमंत्री जी की विशाल दृष्टि से संभव हो रहा है। हम सब बदलाव की इस प्रक्रिया को प्रत्यक्ष देख रहे हैं। यह सौभाग्य से कम नहीं है। मध्यप्रदेश से मोदीजी का विशेष अनुराग है। उन्होंने अपने लोकप्रिय कार्यकम मन की बात में प्रदेश में हुए कई नवाचारों का उल्लेख कर मध्यप्रदेश का पूरे देश में सम्मान बढ़ाया है। यह हमारे समय का सत्य है कि हम भारत के नवनिर्माण को अपने सामने होता देख रहे है। भारत के नागरिक के रूप में हम नई वैश्विक पहचान के साथ दुनिया के सामने शान से खड़े हैं और गौरवशाली क्षणों को जी रहे हैं। इन मूल्यवान और ऐतिहासिक क्षणों का उपहार देने के लिए हम अपने राष्ट्र नायक नरेंद्र मोदी जी को कोटिश: नमन करते हैं। पूरा देश आज उनका जन्मदिन मना रहा है। वे ऐसे तपस्वी पथ प्रदर्शक हैं, जिनके नेतृत्व में भारत उजाले की ओर बढ़ रहा है। उदासी और अंधेरे को हम पीछे छोड़ आए हैं। भारत को अब ऐसे प्रतिबद्ध जन सेवक का साथ मिला है, जिसके लिए राष्ट्र सर्वोपरि और नागरिक अमूल्य पूंजी है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की दीक्षा और भारतीय जनता पार्टी के संस्कारों में रचे-बसे नरेंद्र मोदी का व्यक्तित्व इतना विशाल हो गया है कि उसे शब्दों में बांधना एक चुनौतीपूर्ण काम है। उनके व्यक्तित्व की ऐसी कई विशेषताएं हैं जो नई पीढ़ी के लिए प्रेरणादायक हैं चाहे वे किसी भी क्षेत्र में काम करते हों। हम सब उनसे लगातार सीखते रहते हैं। भारत को नरेंद्र मोदी का नेतृत्व ऐसे समय मिला जब भारत अवसाद में डूबा हुआ अंधेरे की तरफ चल पड़ा था। वैश्विक परिदृश्य में एक कोने में खड़ा दिखाई देता था और इसे एक स्फूर्तिदायक, नई दृष्टि और नई ऊर्जा से भरे नेतृत्व की आवश्यकता थी राष्ट्रवादी प्रधान नायक:राष्ट्रवादी प्रधान नायक रुप में नरेंद मोदी ने देश में जिस प्रकार राष्ट्रवादी मूल्यों का संचार किया है वह अद्भुत है। इसकी अनुभूति प्रत्येक नागरिक को हो रही है। वर्तमान और भविष्य की एक साथ चिंता उनकी दृष्टि में परिलक्षित होती है। वर्तमान को मजबूत बनाकर भविष्य को सुरक्षित करने का उनका दृष्टिकोण उनकी हर योजना में स्पष्ट रेखांकित होता है। हम कह सकते हैं कि नये भारत के वास्तुकार के रूप में मोदी जी ने न सिर्फ राजनीतिक बल्कि सामाजिक बुनावट और सोच को भी नये आयामों से देखने का अवसर दिया है। भारत को एक सुगठित राष्ट्र बनाने में उन्होंने जो कला-कौशल दिखाया है वह भारत के इतिहास में प्रमुखता के साथ दर्ज होगा। गुणों की खान: नरेन्द्र मोदी का संपूर्ण व्यक्तित्व एक पाठशाला बन गया है। उनके व्यक्तित्व के कई अनूठे आयाम हम देख चुके हैं, जो हमें आश्चर्यचकित कर देते हैं। उनकी सबसे बड़ी और असाधारण बात है उनके वक्तव्य और भाषण। जितनी स्पष्टता और प्रभावी तरीके से वे अपनी बात रखते हैं वह आश्चर्यजनक है। उनकी दूरदृष्टि या विजन बिल्कुल स्पष्ट होता है। उन्होंने लोगों में विश्वास जगाया है कि भारत में आर्थिक विकास करने और दुनिया में अपना प्रभुत्व कायम करने की क्षमता है। अनुशासित जीवन के प्रति उनके अनुराग ने सभी भारतीयों को प्रभावित और प्रेरित किया है। राष्ट्रीय स्वयसेवक संघ में एक बाल स्वयं सेवक बनने से लेकर प्रधानमंत्री बनने तक उनका जीवन अनुशासित रहा है। स्वास्थ्य के प्रति सजग रहते हुए, हर पल उत्साह से बिताना और नियमित योग करना उनकी दिनचर्या है। कई अवसर ऐसे आये जब मोदी ने यह सिखाया और प्रयोग करके दिखाया कि कैसे धैर्य और विनम्रता सबसे भरोसेमंद साथी है। इनके सहारे कठिन चुनौतियों से निपटा जा सकता है। मोदी जी स्वयं टैकसेवी है और वे खुद को तकनीक के क्षेत्र में होने वाले परिवर्तनों से अपडेट रखते हैं।

# क्षमावाणी पर्व-मनोमालिन्य धोने का पर्व मानवीय गुणों को समृद्ध करती है क्षमा

ललितपुर।   भारत की प्राचीन श्रमण संस्कृति की अत्यन्त महत्त्वपूर्ण 'जिन' परम्परा ने क्षमा को पर्व के रूप में प्रचलित किया है। इसे क्षमावाणी भी कहते हैं।   क्षमा को सभी धर्मों और संप्रदायों में श्रेष्ठ गुण करार दिया गया है। मनोविज्ञानी भी क्षमा या माफी को मानव व्यवहार का एक अहम हिस्सा मानते हैं। उनका कहना है कि यह इंसान की जिन्दगी का एक अत्यंत महत्वपूर्ण पहलू है।  क्षमावाणी पर प्रमुख मनीषियों, विचारकों के विचार यहाँ प्रस्तुत हैं।





### 1.क्षमावणी का पर्व सौहार्द, सौजन्यता और सद्भावना का पर्व

क्षमा करने और क्षमा माँगने के लिए विशाल हृदय की आवश्यकता होती है। तीर्थंकरों ने सम्पूर्ण विश्व में शांति की स्थापना के लिए सूत्र दिया है—

खम्मामि सव्वजीवाणं, सव्वे जीवा खमंतु मे।

मित्ती मे सव्वभूदेसु,

वेरं मज्झम ण केणवि।।



अर्थात मैं सभी जीवों को क्षमा करता हूँ। सभी जीव मुझे भी क्षमा करें। मेरी सभी जीवों से मैत्री है। किसी के साथ मेरा कोई वैर भाव नहीं है।

क्षमावणी का पर्व सौहार्द, सौजन्यता और सद्भावना का पर्व है। आज के दिन एक दूसरे से क्षमा मांगकर मन की कलुषता को दूर किया जाता है।

-मुनि श्री अक्षयसागर जी महाराज

(आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के प्रभावक शिष्य जिनका मड़ावरा में चातुर्मास चल रहा है।)

### 2.क्षमा वीरों को आभूषण है:

मानवता जिन गुणों से समृद्ध होती है उनमें क्षमा प्रमुख और महत्वपूर्ण है।



कषाय के आवेग में व्यक्ति विचार शून्य हो जाता है और हिताहित का विवेक खोकर कुछ भी करने को तैयार हो जाता है। लकड़ी में लगने वाली आग जैसे दूसरों को जलाती ही है, पर स्वयं लकड़ी को भी जलाती है। इसी तरह क्रोध कषाय को समझ कर उस पर  विजय पा लेना ही क्षमा धर्म है।क्षमा वीरों को आभूषण है।

-ब्र. जयकुमार निशान्त भैया

निर्देशक प्रागैतिहासिक तीर्थक्षेत्र नवागढ़ एवं महामंत्री अखिल भारतवर्षीय दिगम्बर जैन शास्त्रि परिषद

### 3. क्षमा में बहुत बड़ी शक्ति होती है :

मानव जीवन है तो भूल और गलतियां मानव स्वाभाव के कारण होना निश्चित है हम उन गलतियों और भूलो को समयाभाव और इस भागदौड़ भरी जिंदगी में आपसे क्षमा याचना भी नहीं कर पाते हैं। क्षमावाणी पर्व पर हमें अवसर मिलता है सालभर हुई अपनी भूलों के लिए सभी से क्षमा मांगने का।



क्षमा में बहुत बड़ी शक्ति होती है। क्षमाशीलता का भारी महत्व है।

प्रदीप जैन आदित्य

पूर्व केंद्रीय मंत्री भारत सरकार

### 4.क्षमावणी पर्व हमारी वैमनस्यता, कलुषता धोता है :


क्षमावणी पर्व हमारी वैमनस्यता, कलुषता बैर—दुश्मनी एवं आपस की तमाम प्रकार की टकराहटों को समाप्त कर जीवन में प्रेम, स्नेह, वात्सल्य, प्यार, आत्मीयता की धारा को बहाने का नाम है, हम अपनी कषायों को छोड़ें, अपने बैरों की गांठों को खोलें, बुराइयों को समाप्त करें, बदले, प्रतिशोध की भावना को नष्ट करें, नफरत—घृणा, द्वेष बंद करें, आपसी झगड़ों, कलह को छोड़ें।अनुसंधानकर्ताओं ने यह निष्कर्ष निकाला है कि लम्बे समय तक मन में बदले की भावना, ईर्ष्या—जलन और दूसरों के अहित का चिन्तन और प्रयास करने पर मनुष्य भावनात्मक रूप से बीमार रहने लगता है।



-डॉ सुनील जैन संचय

मंत्री भारतवर्षीय दिगम्बर जैन तीर्थक्षेत्र कमेटी उत्तर-उत्तराखंड

### 5. अन्तर्मन को साफकरने का पर्व :



क्षमा ने ही युगों-युगों से मानव-जाति को नष्ट होने से बचाया है।जीवन यात्रा में चलते- चलते स्वार्थ, मोह, अज्ञानतावश जाने-अनजाने हुई समस्त भूल के लिए सच्चे स्वच्छ हृदय से विश्व मैत्री दिवस 'क्षमावाणी' पर क्षमा मांगकर अन्तर्मन को साफ किया जाता है।

-संजीव जैन शास्त्री महरौनी

संयुक्तमंत्री विद्वत् परिषद

# संथाल परगना में बांग्लादेशी घुसपैठ के अपने ही दावे को भाजपा ने हाईकोर्ट में नकारा : ये खेल है सांप्रदायिक ध्रुवीकरण का......

संजय पराते

झारखंड के गोड्डा से भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने संसद में यह बात कहकर सनसनी फैला दी थी कि राज्य में संथाल परगना क्षेत्र में बांग्लादेशी घुसपैठियों के कारण आदिवासियों की आबादी गिर रही है और उनकी जनसंख्या 16त्न कम हो गई है। उन्होंने आरोप लगाया था कि झारखंड मुक्ति मोर्चा की सरकार के संरक्षण में ये घुसपैठिए आदिवासियों की जमीन पर कब्जा कर रहे हैं और इसलिए राज्य में राष्ट्रपति शासन लगा देना चाहिए। निशिकांत दुबे के इस आरोप को गोदी मीडिया ने हाथों-हाथ लिया और बड़े पैमाने पर आदिवासियों पर मुस्लिमों के अत्याचार और खास तौर पर बांग्लादेशी घुसपैठियों के अत्याचार की कहानियां परोसी जाने लगी। आरएसएस-भाजपा के आईटी सेल ने जमीन संबंधी स्थानीय विवादों को कथित बंगलादेशी घुसपैठियों के साथ जोड़कर पेश किया और इसमें रोहिंग्या मुस्लिमों का तड़का भी लगाया। भाजपाई प्रचार माध्यमों द्वारा गढ़ी गई कहानियों को विश्वसनीय बनाकर पेश किया गया, ताकि उन्हें आम जनता के गले उतारकर आगामी विधानसभा चुनाव में सांप्रदायिक ध्रुवीकरण का खेल खेला जा सके। भाजपा के मुस्लिम विरोधी प्रचार अभियान को और गाढ़ा करने के लिए अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य व भाजपा नेता आशा लकड़ा ने 28 जुलाई को एक पत्रकार वार्ता में संथाल परगना क्षेत्र की उन 10 आदिवासी महिला जन प्रतिनिधियों की एक सूची जारी की, जिनके पति मुस्लिम थे। उन्होंने आरोप लगाया कि ये सभी  रोहिंग्या मुसलमान व बंगला0देशी घुसपैठिये हैं, जिन्होंने आदिवासी महिलाओं को फंसाया हैं। इस प्रकार, इस सूची को भाजपा के कथित दावों के प्रमाण के रूप में प्रचारित किया गया।  इसी बीच, एक खांटी भाजपा कार्यकर्ता ने झारखंड उच्च न्यायालय में एक जनहित याचिका दायर की, जिसमें दावा किया गया था कि बंगलादेशी घुसपैठियों द्वारा आदिवासियों से शादी कर ज़मीन लूटी जा रही है व घुसपैठ हो रही है। इस याचिका पर हाई कोर्ट ने केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया। इस नोटिस के जवाब में 12 सितम्बर, 2024 को दिए हलफ़नामा में भाजपा गठबंधन की केंद्र सरकार ने माना है कि हाल के ज़मीन विवाद के मामलों में बंगलादेशी घुसपैठियों का कोई जुड़ाव स्थापित नहीं हुआ है। अपने हलफनामा में उसने आदिवासी की जनसंख्या वृद्धि दर में कमी आने की बात भी स्वीकार की है। इस प्रकार, भाजपा गठबंधन की सरकार ने ही भाजपा द्वारा इन स्थानीय विवादों को बंगलादेशी घुसपैठ का रंग देने के खेल को उजागर कर दिया है। यही है, भाजपा का चाल, चरित्र और चेहरा। लेकिन मीडिया में अब भी बांग्लादेशी घुसपैठियों के नाम पर भाजपा का दुष्प्रचार अभियान जारी है, जो बताता है कि नफरत की राजनीति करके और समाज को बांटकर चुनाव जीतने के लिए भाजपा कितनी लालायित है! भाजपा के इस दुष्प्रचार पर झारखंड जनाधिकार महासभा व लोकतंत्र बचाओ अभियान ने एक फैक्ट फाइंडिंग रिपोर्ट जारी की है, जो भाजपा के इस दुष्प्रचार को पूरी तरह बेनकाब कर देता है।  जनगणना के आंकड़ों की छानबीन करते हुए इस रिपोर्ट में बताया गया है कि 1951 से 2011 के बीच हिन्दुओं की आबादी 24 लाख, मुस्लिमों की 13.6 लाख और आदिवासियों की 8.7 लाख बढ़ी है।

## संक्षिप्त समाचार

### आचार्य विशुद्ध सागर जी महाराज ने कहा- साधनाओं का द्वार 'ब्रम्हचर्य'

**नांदणी/महाराष्ट्र (विश्व परिवार)।** पर्युषण महापर्व पर आयोजित आध्यात्मिक श्रावक संयम साधना संस्कार शिविर में संबोधन करते



हुए आचार्य विशुद्ध सागर जी महाराज जी ने कहा कि ब्रह्मचर्य महान् व्रत है। ब्रह्मचर्य सिद्धि का साधन है। ब्रम्हचर्य साधनाओं का द्वार है। ब्रम्हचर्य व्रतों का सम्राट है। ब्रह्मचर्य सुख-शांति-आनन्द का दाता है। ब्रम्हचर्य वीरों का व्रत है। ब्रह ?मचर्य अहिंसा है। ब्रह्मचर्य संयम है। ब्रम्हचर्य कठोर व्रत है। ब्रह्मलीनता परमोत्कर्ष है। ब्रह्मचर्य महा- व्रत है। ब्रह्मचर्य गुण है। ब्रम्हचर्य रत्न है। ब्रम्हचर्य तिलक है। शील सर्वस्व है। शील सज्जनों का श्रृंगार है। शील सम्पत्ति है। शील का सम्मान है। शील की कीमत है। ब्रम्हचर्य की साधना से मंत्र की सिद्धि होती है। विवेक की जाग्रति होती है। आत्मिक शक्तियाँ जानत होती हैं। शरीर स्वस्थ, सुन्दर ओज युक्त होता है। ब्रम्हचर्य अंक है और शेष सर्व-साधनायें शून्य के समान हैं। ब्रह्मचर्य चारित्रोन्नति का बीज है। ब्र ?ह्मचर्य से प्रज्ञा प्राञ्जल होती है। ब्रह्मचर्य से संयम तप, ज्ञान, साधना, प्रज्ञा, यश, पुण्य वर्धमान होता है। ब्रह्मचारी को देव भी नमस्कार करते है। **-अभिषेक अशोक पाटील**

### सिद्ध क्षेत्र पावागिरि में पर्यूषण पर्व के समापन पर वार्षिक कलषाभिषेक एवं क्षमावाणी कार्यक्रम सम्पन्न



**ललितपुर (विश्व परिवार)।** बुंदेलखंड के प्रसिद्ध सिद्ध क्षेत्र पावागिरि में पर्यूषण पर्व के समापन पर क्षमावाणी महापर्व मनाया। सुबह भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने पावागिरि पहुंचकर अतिशय युक्त चमत्कारी बाबा मूलनायक भगवान पारसनाथ स्वामी का मस्तिकाभिषेक कर विश्वशांति की मंगल भावना के साथ शांतिधारा एवं पूजन विधान का आयोजन किया। दोपहर की बेला में मुख्य कार्यक्रम अध्यक्ष ज्ञानचंद जैन पुरा के निर्देशन में संपन्न किए गए। जिसमें आचार्य श्री का चित्र अनावरण दीप प्रज्वलन ध्वजारोहण के उपरांत वार्षिक कलषाभिषेक एवं फूलमाल का आयोजन किया गया, जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर पुण्यार्जन किया एवं गत वर्ष में जाने अनजाने हुई गलतियों के लिये एक दूसरे से क्षमा मांगी। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा उत्तम क्षमा दशलक्षण का पहला धर्म है, जिसे सभी को अपने जीवन में धारण करना चाहिए, क्षमा वीरों का आभूषण है जिस व्यक्ति महान बनता है। इस मौके पर अभय कुमार, शिखर चंद, प्रशन्न कुमार, महेंद्र जैन, उत्तमचंद्र, रमेश जैन, पुष्पेंद्र कुमार, प्रवीण भंडारी, देवेंद्र बसार, कमलेश सिर्सी, राकेश सतभैया, दानाशाह, संजय कुमार, जितेंद्र जैन, विजय कुमार, जयकुमार जैन, कोषाध्यक्ष उत्तम चंद्र भाड़रा, उपाध्यक्ष विशाल जैन पवा, ऑडीटर पंकज भंडारी एवं अजय विरधा, अभिषेक मिठ्या, आदेश मोदी, रुपेश भंडारी, सुरेंद्र कुमार, अरविन्द, शैलेन्द्र जैन, अमित कुमार, गौरव जैन, सुनील कुमार, धरणेन्द्र जैन, अभिषेक, रिंकू, संदीप, विनम्र, सौरभ, अभिनव, अनुज, अक्षत जैन सहित सकल दिगंबर जैन समाज का सक्रिय सहयोग रहा। संचालन अध्यक्ष ज्ञानचंद पुरा एवं आभार व्यक्त मंत्री जयकुमार कंधारी ने किया।

### आदरणीय भैया संदीप सरल जी बीना



सुख आपके चरणों का
कैसे इसका बखान करूं
आपके भोले सादे मन का
अंतस से गुणगान करूं
ज्ञान दिया जो आपने मुझको
उसका मैं सम्मान करूं
नहीं किसी से बैर रखूं मैं
मन में क्षमा का भाव धरूं
सब जीवों से क्षमा में चाहूं
सब जीवों को क्षमां करूं।
भैया जी को सादर वंदना
आप सभी से करबद्ध उत्तम क्षमा।
जय जिनेंद्र जी की

**-रानू जैन, रायपुर**

### त्रिवेणी संगम में धूमधाम से गणेश प्रतिमाओं का हुआ विसर्जन



**नवापारा राजिम (विश्व परिवार)।** नगर में सोमवार संध्या व मंगवालर को सुबह से ही बड़े हर्षोल्लास के साथ भक्तों के द्वारा त्रिवेणी संगम महानदी में गणपति बप्पा को विदाई दी गई। भक्त बप्पा की विदाई रंग और गुलाल के बीच नाचते-गाते श्रद्धालुओं का जोश देखते ही बन रहा था। भक्त बैंड बाजे व ढोल नगाड़े पर जमकर थिरकते नजर आए। तय किए गए रूट से ही ज़ गणेश प्रतिमाओं की शोभायात्रा निकाली गई और उन्हें नगर के त्रिवेणी संगम नदी व तालाब में विसर्जित किया गया। इस दौरान पुलिस की सुरक्षा नजर नहीं आई। गणेश विसर्जन के दौरान किसी प्रकार की कोई घटना नहीं हुई।विसर्जन को लेकर त्रिवेणी संगम में गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन करते हुए व्यापक प्रबंध किया गया था। नगर में अलग-अलग इलाकों से सैकड़ों से अधिक गणपति प्रतिमाओं के पंडाल स्थापित किए गए थे। हवन के बाद कई गणेश पंडालों में श्रद्धालुओं के लिए भंडारा का कार्यक्रम भी रखा गया था।सीमवार को शाम से ही गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन का दौर शुरू हो गया। गणपति बप्पा मोरया अगले वरस तू जल्दी आ कहकर भक्तों द्वारा गणेश प्रतिमा को नगर के नेहरू घाट त्रिवेणी संगम महानदी में विसर्जित किया गया।

## क्षमावाणी से जीवन की शुरुआत नये संकल्प के साथ होना चाहिये : मुनि श्री प्रमाण सागर जी महाराज





**इंदौर (विश्व परिवार)।** क्षमावाणी से जीवन की शुरुआत नये संकल्प के साथ होना चाहिये। उपरोक्त उद्गार मुनि श्री प्रमाण सागर जी महाराज ने मोहताभवन रैसकोर्स रोड़ पर श्रावक संस्कार शिविर के समापन पर शिवरार्थिओं के सम्मान समारोह में व्यक्त किये। उन्होंने कहा धर्म को धारण करे विना जीवन का उद्धार नहीं है, कषाय हमारे जीवन का सबसे बड़ा शत्रू है, हमारी आत्मा को दो से बड़ा नुकसान है, विषयऔर कषाय विषयों की लालसा की हमें घोर आसक्ती मे डालती है, जो हमारी आत्मा के पतन का कारण बनती है, विषयों की लालसा को नियंत्रित करने के लिये हृदय में बैराग्य जाग्रत होंना आवश्यक है तथा कषायो के शमन के लिये ज्ञान का आलंवन चाहिये, जिस मनुष्य के अंदर ज्ञान और बैराग्य की ये शक्तियां प्रकट हो जाती है, तो वह विषय कषाय से मुक्त होकर अपने जीवन को प्रवुद्ध और निर्भय बनाने में सक्षम हो जाता है, इन दस दिनों में आप लोगों ने खूब ज्ञान की आराधना और बैराग्य को धारण करते हुये संयम का पालन किया इसे यंही तक सीमित नहीं रखना है इसे जीवन का अंग बनाकर आगे बढ़ना चाहिये उन्होंने कहा कि संयम ज्ञान और वैराग्य की नियमितता और नियंत्रणता से जीवन में कायाकल्प संभव है, अपनी आत्मा की शक्ति को पहचानिये और उस शक्ती का दोहन करने का पुरुषार्थ कर अपने जीवन का उत्थान करने में सहायक बनें।उन्होंने 32 उपवास करने बाले तथा 16 उपवास तथा दस उपवास5 उपवास तथा तीन उपवास करने बाले सभी तपस्वियों को आशीर्वाद देते हुये कहा कि इसे आप मात्र दस दिनों की या महिने भर की तपस्या मत मानना इसे अपने जीवन की हर श्वांस में घटित कर जीवन को बेहतर बनाने का पुरुषार्थ आगे भी जारी रखना है उन्होंने कहा कि यह बात आपके मन मस्तिष्क में वैठ जाना चाहिये कि धर्म को धारण करे विना जीवन का उद्धार नहीं है इस संद्रभ में आचार्य गुरुदेव ने एक दोहा लिखा है तन मिला-तो तप करो, करो कर्म का नाश, रबि शशि से भीअधिक है तुममें दिव्य प्रकाश उन्होंने सभी को आशीर्वाद देते हुये कहा कि धर्म प्रभावना समिति आप लोगों का सत्कार कर रही है, यह सत्कार नही, आप लोगों का बहुमान है जो अच्छा कार्य करते है उनकी सराहना की जाना चाहिये इससेअच्छे परिणाम घटित होते है सभी तपस्वियों से कहा कि इसे अपने जीवन का टर्निंग पाइंट बनायें और आगे बड़ें। इस अवसर पर मुनि श्री निर्वेग सागर महाराज तथा मुनि श्री संधान सागर महाराज सहित संघस्थ सभी क्षुल्लक मंचासीन रहे।कार्यक्रम का संचालन ब्र अशोक भैया लिधोरा एवं अभय भैया आदित्य ने किया।

धर्म प्रभावना समिति के प्रवक्ता अविनाश जैन विद्यावाणी एवं मीडिया प्रभारी राहुल जैन (स्पोर्ट्स) ने बताया 22 सितंवर रविवार को प्रात:कालीन बेला में मुनिसंघ के सानिध्य में क्षमावाणी पर्व वातसल्य और मैत्री पर्व के रुप में मनाया जाऐगा धर्मप्रभावना समिति के अध्यक्ष अशोक डोसी महोत्सव अध्यक्ष नवीन आनंद गोधा, महामंत्री हर्ष जैन, मुख्य पुण्यार्जक मुकेश विजय पाटौदी सहित सभी पदाधिकारियों ने इंदौर के समस्त जैन वंधुओ को आमंत्रित करते हुये प्रात:8:15 बजे मोहता भवन में पधारने का निवेदन किया है।

**-अविनाश जैन**

## शब्द और जिव्हा हिलाकर माफ करने में वक्त नहीं लगता, लेकिन मन और भावों से माफ करने में उम्र बीत जाती है



**कुलचाराम/हैदराबाद (विश्व परिवार)।** अभी पर्वराज पर्युषण पर्व गये, लोगों ने एक दूसरे से क्षमा मांगी और लोगों ने भी हँसकर एक दूसरों के इस अभिवादन को स्वीकार किया। क्षमा का हमारे जीवन में अब इतना ही अर्थ है, कि गलती दूसरों से होती है, तो क्षमा हम तीसरे से मांगते हैं, या हमने गलती की और क्षमा दूसरों से मांग ली।

क्षमा का जो आध्यात्मिक मूल्य है, वह अब एक ही शब्द में सिमट गया है। सॉरी। क्षमा मांगना सॉरी कहने जितना आसान नहीं है। क्योंकि क्षमा से क्रोध का विसर्जन होता है, नम्रता से - मान गलता है, सरलता से माया मिटती है, और सन्तोष से मन के लोभ को जीतते हैं। ये चारों वाक्य बहमूल्य अर्थ के बोध को देने वाले हैं। जो इनके अर्थ को समझकर जीना चाहते हैं वे कभी क्रोध के शिकारी नहीं बन सकते। क्रोध के पीछे अपेक्षाएं छुपी होती है। आप मन्दिर से घर जा रहे हैं, रास्ते में एक कुत्ता आपको देखकर भौंकता है, तब आप उस समय कोई भी प्रतिक्रिया नहीं देते, और यदि वहीं से आपका प्रतिद्वन्दी गुजर रहा हो और उसने आपको देखा और कहा कुत्ता-तब आपकी प्रतिक्रिया क्या होगी? कुत्ता भौंकता है तो कोई जवाब नहीं देता परन्तु आदमी-आदमी को देखकर भौंकता है तो आप नाराज हो जाते हैं और प्रतिक्रिया देना शुरू कर देते हैं। प्रतिक्रिया क्यों देना बाबू? क्षमा का अर्थ है अपेक्षाओं को समाप्त करना। अन्यथा क्रोध का महल अपेक्षाओं की नींव पर ही टिका होता है। क्रोध तब आता है जब अपेक्षाओं की उपेक्षा होती है। क्रोध का सम्बन्ध अपेक्षाओं से है, तो क्षमा का सम्बन्ध दूसरों से नहीं बल्कि खुद के विवेक के बोध से है। जब आप स्वयं से सन्तुष्ट होते हैं, तो क्षमा का भाव पैदा होता है। क्षमा क्रोध के विपरीत नहीं है। क्षमा - क्रोध के अभाव का नाम है। अपेक्षाओं के सागर में ही क्रोध की लहरें हिलोरे मारती है। **-नरेंद्र अजमेरा, पियुष कासलीवाल**

## पर्यूषण पर्व सानंद समाप्ति उपरांत निकाली गई भव्य शोभायात्रा



**जतारा (विश्व परिवार)।** श्रमणाचार्य विमर्श सागर जी महाराज की जन्म नगरी श्री दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र आदिश्वर धाम जतारा में दसलक्षण पर्व (पर्युषण पर्व) सानंद समाप्ति उपरांत भव्य शोभायात्रा निकाली गई।

दिनांक। सितंबर से 17 सितंबर तक संपूर्ण भारतवर्ष में दिगंबर जैन समाज ने दसलक्षण पर्व के दस दिनों में उत्तम क्षमा, मार्दव, आर्जव, शौच, सत्य, संयम, तप, त्याग, आकिंचन, और ब्रह्मचर्य धर्म के माध्यम से धर्म ध्यान किया। आचार्य विमर्श सागर जी महाराज की जन्म नगरी जतारा में भी टीकमगढ़ से पधारे प्रतिष्ठाचार्य श्रद्धेय राजेंद्र कुमार जी शास्त्री जी द्वारा प्रतिदिन अभिषेक शांति धारा प्रवचन के माध्यम से समाज को 10 धर्मो के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया, एवं समस्त श्रावक श्राविकाओं ने अपनी-अपनी सामर्थ अनुसार वृत उपवास आदि करते हुए अपने आप को धर्म से जोड़े रखा।

प्रदूषण पर्व सानंद समाप्ति उपरांत नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा श्री दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र आदिश्वर धाम जतारा से प्रारंभ होते हुए स्टेट बैंक, मुख्य बाजार, बस स्टैंड से होते हुए पांडुकशिला स्थल पर पहुंची जहां पर सौभाग्यशाली पात्रो द्वारा श्री जी का अभिषेक शांति धारा संपन्न की गई। भारतीय जैन संगठन तहसील अध्यक्ष एवं जैन समाज प्रवक्ता अशोक कुमार जैन ने बताया कि पर्यूषण पर्व में रात्रिकालीन वेला में भारतीय जैन संगठन एवं विमर्श जागृति मंच के तत्वाधान में कई सांस्कृतिक कार्यक्रम संपन्न किए गए। समस्त सांस्कृतिक कार्यक्रम का संचालन जैन समाज उपाध्यक्ष अशोक कुमार जैन द्वारा किया गया। शोभा यात्रा में रथ पर श्रीजी को विराजमान किया गया एवं घोड़े, डीजे, ढोल के साथ संपूर्ण नगर की एवं क्षेत्रीय जैन समाज पूर्ण भव्यता के साथ अपने-अपने विशेष परिधान में रथोत्सव में शामिल रही।पांडुक शिला पर भगवान का अभिषेक शांति धारा उपरांत फूलमाल, ज्ञानमाल आदि की बोलियां संपन्न की गई।शोभा यात्रा में जैन समाज अध्यक्ष महेंद्र कुमार जैन, इंजीनियर पवन मोदी, प्रकाश रोशन, नगर उपाध्यक्ष रिंकू पठान, पवन दीवान, विजय सगरवारा, बाबूलाल गुप्ता, राजेंद्र राज, राजेश माते, मुकेश जैन बड़े, विमल माते, हिरदेश कोठादार, मिक्की, पुनीत, स्वप्निल, सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। **-अशोक जैन**

## आचार्य श्री वर्धमान सागर जी महाराज ने कहा- क्रोध जहर है, क्षमा अमृत है



**पारसोला (विश्व परिवार)।** आचार्य श्री वर्धमान सागर जी के सानिध्य में प्रात: पंचामृत अभिषेक जैन मंदिरों में हुआ तथा तपस्वियों का पारणा अपने-अपने निवास पर हुआ इसके पूर्व सभी 10 व्रत करने वाले तपस्वियों ने मंदिर में जाकर दर्शन अभिषेक पूजन किया। आचार्य श्री वर्धमान सागर जी ने धर्म सभा में बताया कि दश लक्षण महापर्व है। वर्षभर याद करते हैं, आ रहा है, , और आ गया।और चले गया। 355 दिन प्रतीक्षा कर 10 दिन बाद पर वह चला जाता है दश लक्षण पर्व वर्ष में तीन बार आता है जबकि दश लक्षण पर्व प्रति समय जीवन में होना चाहिए पर्व प्रति समय हमारे साथ होता है। महापर्व को आप भूलने का प्रयत्न नहीं करें। इसे स्मृति में रखें। सारा संसार विषय और कषायो से भरा हुआ है।दश लक्षण पर्व तीन बार माघ, चैत्र, और भादव माह में आता है। सोचना यह है कि दश लक्षण पर्व के पहले सोलह कारण की पूजा की है 16 कारण की पूजा से तीर्थंकर नाम कर्म का बंघ होता है इसलिए दश लक्षण के पूर्व 16 कारण पर्व आता है यह महापर्व धरोहर बनकर आए हैं। आत्मा में विभव परिणीति है इस कारण चारों गति में दुख होता है। रक्षाबंधन भी महापर्व है।देव शास्त्र गुरु हमारे आराध्य देव हैं उनके बिना संसार से पार होने का मार्ग नहीं मिलता है।देव हमारे हृदय में विराजमान होना चाहिए स्थापना में तो आप सबको बुलाते हैं और विसर्जन में कहते आए जो जो देवगण और उन्हें जाने का कहते हैं।धर्म को धारण करना चाहिए छोड़ना नहीं चाहिए।पर्व में विशेष प्रकार की आराधना की जाती है। पर्व मुनि राज् के हैं श्रावक भी धारण कर सकते हैं? ब्रह्मचारी गज्जू भैया एवं राजेश पंचोलिया अनुसार आचार्य श्री ने आगे बताया कि उत्तम क्षमा धारण करने के लिए बहुत शक्ति चाहिए सब मुझे क्षमा करें जगत के प्राणी मात्र के लिए मैत्री भाव रहे क्षमा के विरुद्ध क्रोध है पारसनाथ भगवान और कमठ का चरित्र देखिए कितने भवों में कमठ ने उपसर्ग किया किंतु पारसनाथ भगवान का जीव उन्हें शांति से क्षमा करता रहा। तप संयम साधना मोक्ष प्राप्त किया क्षमा बहुत बड़ा धर्म है हम सबको उत्तम क्षमा धर्म धारण करना चाहिए भगवान कहते हैं कि उपसर्ग आने पर सहन कर क्षमा भाव रखें क्रोध जहर है और क्षमाअमृत है क्षमा से आप अजर अमर हो सकते हैं।

**-राजेश पंचोलिया**

## अकबर प्रतिबोधक जगद्गुरु हीर सूरीश्वर जी की 428वीं पुण्यतिथि पर हुई गुणानुवाद सभा

### प्रतिबोध (उपदेश) देकर अकबर के जीवन में अहिंसा का पालन करवाया था



**रायपुर (विश्व परिवार)।** श्री संभवनाथ जैन मंदिर विवेकानंद नगर में आत्मोल्लास चातुर्मास 2024 जारी है। धर्मसभा में अकबर शासनकाल के जैनाचार्य हीर सूरीश्वर जी महाराज की 498वीं पुण्यतिथि पर गुणानुवाद सभा हुई। ओजस्वी प्रवचनकार मुनिश्री तीर्थप्रेम विजयजी म.सा. ने कहा कि भारतीय जनजीवन पर जिन्होंने अपना दूरगामी प्रभाव डाला हो ऐसे दो प्रभावक महापुरुष जैन शासन में हुए। एक है कलिकाल सर्वज्ञ हेमचंद्राचार्य जी महाराज और दूसरे हैं जगद्गुरु हीर सूरीश्वर जी महाराज। हीर सूरीश्वर जी महाराज जिनका जन्म 17वीं शताब्दी में गुजरात के पालनपुर नाम के गांव में हुआ था। 13 वर्ष की उम्र में पूज्यश्री दान सूरीश्वर जी महाराज के सान्निध्य में वैराग्य भाव को बढ़ाते बढ़ाते संयम के मार्ग पर आए और उनका नाम रखा गया मुनिश्री हीर हर्ष विजय।

मुनिश्री ने कहा कि अनगिनत गुणों के स्वामी के जीवन में मुख्य ऐसे गुण हैं जो उड़कर आंखों में स्पष्ट दिखते है,उसमें,

**वैराग्य भाव**- हीर जी का वैराग्य भाव उत्कृष्ट कक्षा का था। उनके वैराग्य भाव को देखकर आचार्यश्री दान सूरीश्वरजी महाराज ने मिगसर बदी दूज के दिन उनको पाटन में दीक्षा प्रदान की।

**स्वाध्याय रुचि**- 12 वर्ष के दीक्षा पर्याय में 5000 नूतन श्लोक बनाएं। उनकी प्रतिभा अनुरूप आचार्यश्री ने उन्हें 11 वर्ष के दीक्षा पर्याय में पंडित पदवी से विभूषित किया। 12 वर्ष के दीक्षा पर्याय में उपाध्याय पद से विभूषित किया और आगे जाकर मात्र 14 वर्ष के दीक्षा पर्याय में आचार्य पदवी से विभूषित किया।

**आचार चुस्तता**- मुगल सम्राट जलालुद्दीन अकबर ने गुजरात से उन्हें फतेहपुर सिक्री आने का आमंत्रण दिया और उसके लिए हाथी घोड़ा और पालखी भिजवाई गई परंतु आचार चुस्त हीर सूरीश्वरजी जी महाराज ने शासन का उत्थान होगा, ऐसा विचार कर गंधार गुजरात से फतेहपुर सिक्री तक का 580 माइल का पदयात्रा विहार किया।

**त्याग**- मुगल सम्राट जलालुद्दीन अकबर ने चुपके से आचार्यश्री को भोजन करके देख अचंभित रह गया की इतने बड़े आचार्य और भोजन में लुखी रोटी और उबली हुई दाल दिन में मात्र एक बार ही लेते हैं (आयंबिल तप विशेष) तो अत्यंत प्रभावित हुआ और उसके मुंह से निकाला आप गुरु नहीं है जगद्गुरू हैं और तब से आचार्यश्री के नाम के आगे जगद्गुरू विशेषण लगने लगा।

प्रतिबोध शक्ति से जलालुद्दीन मोहम्मद अकबर जैसे क्रूर बादशाह को भी प्रतिबोध (उपदेश) देकर उसके जीवन में अहिंसा का पालन करवाया था।

## ज्ञान, ध्यान, संयम, तप और साधना का पर्व है पर्वाधिराज दशलक्षण पर्व

**अंचल के प्रतिष्ठित पहाड़िया परिवार से तीन सदस्य निरंतर साधनारत हैं**







**नवापारा राजिम (विश्व परिवार)।** सनातन धर्म में सावन से लेकर कार्तिक तक चार माह पर्व, त्यौहार, भक्ति और आराधना से भरपूर हैं। जैन धर्मानुसार चातुर्मास में तप की विशेष महिमा को दर्शाया गया हैं। गुरु पूर्णिमा से प्रारम्भ होकर मुकुट सप्तमी, कलश दशमी, रक्षाबंधन, सोलहकारण पर्व, पर्वाधिराज पर्युषण महापर्व, रत्नत्रय, श्री वर्णी जयंती, शरद पूर्णिमा, भगवान् महावीर मोक्षकल्याणक तक अनेकों तप और त्याग की प्रमुखता से भरपूर व्रत व पर्वों का समावेश हैं।

जैन धर्म के आराध्य सभी तीर्थंकर, पूर्व भवों में सोलहकारण भावनाओं की विशेष आराधना करते हैं, तब जाकर उन्हें तीर्थंकर प्रकृति का बंध होता हैं अर्थात तीर्थंकर बनने की प्रक्रिया प्रारम्भ होती हैं।

सोलहकारण भावनाएं व्यक्ति के जीवन को गतिशील बनती हैं, क्योंकि इन भावनाओं में प्रमुखता से दर्शन, विशुद्धि, विनय सम्पन्नता, देवों, शास्त्रों व गुरुओं के प्रति विशेष भक्ति व वात्सल्य की आराधना होती हैं।

जो भी व्यक्ति इस मनुष्य पर्याय को पाकर नर से नारायण, भक्त से भगवान् बनना चाहता हैं, वह इन भावनाओं का चिंतन, मनन अवश्य ही करता हैं। इन भावनाओं की निरंतर जप, विधान व पूजन से चित्त को एकाग्रता प्राप्त होती हैं तथा इन भावनाओं की सिद्धि ज्ञान, ध्यान, संयम, साधना व तप से ही सम्भव हैं।

जैन आगम में तप को 12 श्रेणीयों में वर्णित किया गया हैं, जैसे अनशन, ऊनोदर, रस परित्याग आदि। जिसे अनेक जन सामान्य अपनी क्षमतानुसार पालन करते रहे हैं।

इसी कड़ी में अंचल के प्रतिष्ठित पहाड़िया परिवार से 3 सदस्य निरंतर साधनारत हैं। परिवार की श्रीमती पूजा अंकित पहाड़िया, दक्ष आलोक पहड़िया दशलक्षण व्रत एवं ज्येष्ठ बहु धर्मानुरागी श्रीमती सुरेखा पहाड़िया विगत माह से सोलहकारण व्रत को सम्पन्न कर रही हैं, जिसमें निरंतर एक माह की तप साधना की जाती हैं। भाद्रपद कृष्ण एकम से प्रारम्भ होकर पूर्णिमा तक यह पर्व मनाया जाता हैं। साथ ही समाज के विमल सिंघई, श्रीमती अरुणा जैन, श्रीमती कामिनी चौधरी, श्रीमती सुषमा राकेश चौधरी भी सोलहकारण व्रत की साधना में रत हैं।

आचार्य श्री विरागसागर जी महाराज के शिष्य आचार्य श्री विभवसागर जी महाराज की आज्ञानूवर्ती शिष्या 105 स्वाध्याय श्री एवं 105 चर्याश्री माताजी का मंगलमय वर्षायोग धर्मनगरी नवापारा राजिम में होने के चलते इस वर्ष 30 से अधिक श्रद्धालु उपवास कर रहे हैं, जिनमे 10 उपवास करने वाले श्रीमती संगीता नवरंग सिंघई, श्रीमती पूनम विराट सिंघई, श्रीमती स्वीटी अंजय सिंघई, श्रीमती वर्षा आशीष जैन, श्रीमती स्वीटी विक्की चौधरी, श्रीमती दीपाली सुजीत जैन, अवनी अजीत जैन, अंशिका सुजीत जैन, रूचि रविंद्र सिंघई, हर्ष दिनेश जैन, रवि दिनेश जैन, अनुभव सुनील जैन, अंजय सिंघई, आरव सुशील सिंघई, अतिशय स्वप्निल चौधरी, अनय जैन, सुजीत जैन, फुहार रमेश रावका आरोही नितिन जैन, महिमा मधु जैन राकेश चौधरी, संस्कृति संतोष जैन, दर्शन सिंघई व अनेकान्त जैन दस उपवास की निरंतर साधना कर रहे हैं।

इस व्रत को सम्पन्न करने हेतु तपस्वी प्रतिदिन जिनेन्द्र भगवान का अभिषेक, शांतिधारा, पूजन, सोलहकारण व्रत, स्वाध्याय व उपवास जैसे महान तप को भक्तिभावपूर्वक व निर्विघ्न रूप से कर रहे हैं। जिनके तप को पूरी जैन समाज गौरव का विषय मानते हुए उन्हें साधुवाद ज्ञापित करती हैं। तप से रिद्धि, तप से सिद्धि व तप से ही मोक्ष प्राप्त होता हैं।

www.dainikvishwaparivar.com
vishwaparivarraipur@gmail.com

दैनिक
विश्व परिवार



## संक्षिप्त समाचार

### धूमधाम से किया गया भगवान गणेश मूर्ति का विसर्जन

**रामानुजगंज(विश्व परिवार)।** आज नगर में धूमधाम से गणेश मूर्ति का विसर्जन किया गया। नगरवासियों के द्वारा महामाया मंदिर घाट एवं शिव मंदिर घाट में गणेश मूर्ति का विसर्जन नम आंखों से उफनती नदी में किया। नगर में सैकड़ो की संख्या में गणेश मूर्ति इस वर्ष रखी गई थी जिससे पूरे नगर का माहौल भक्ति में रहा। गौरतलब है कि विगत कुछ वर्षों से नगर में गणेश पूजा की विशेष धूमधाम देखने को मिल रही है। पहले जहां कुछ स्थानों पर ही गणेश मूर्ति रखी जाती थी। वहीं अब सैकड़ो घरों में एवं सार्वजनिक स्थानों पर गणेश मूर्ति रखी जा रही है बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक में गणेश पूजा में भक्ति भाव में डूबे दिख। गणेश पंडालों के द्वारा प्रतिदिन भंडारे का भी आयोजन किया गया एवं जागरण कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। आज नम आंखों से गणपति बप्पा मोरया अगले बरस तू जल्दी आ के उद्घोष के साथ गणेश मूर्ति का विसर्जन किया गया। गणेश पंडालों में हुए विविध आयोजन......... नगर के वार्ड क्रमांक 1 से लेकर वार्ड क्रमांक 15 तक सभी वार्डों में गणेश मूर्ति रखी गई थी कुछ स्थानों पर तो कुछ वर्षों से विशेष धूमधाम से गणेश पूजा उत्सव मनाया जा रहा है। इस दौरान विविध आयोजन भी गणेश पंडालों में हो रहे हैं। प्रतिदिन उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़..... भारत माता चौक के समीप नैतिक विकास संघ सहित विभिन्न गणेश पूजन समितियां के द्वारा गणेश भगवान की मूर्ति धूमधाम से रखी गई थी। गणेश पंडालों में प्रतिदिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी।

### पैसों के विवाद पर मां को उतारा मौत के घाट

**कांकेर(विश्व परिवार)।** ग्राम चनार में 40 वर्षीय महिला की हत्या के मामले में पुलिस ने उसके छोटे बेटे को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में आरोपी ने पैसों के विवाद के चलते अपनी मां कमला बाई की हत्या करने की बात स्वीकार कर ली है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि सोमवार को प्रार्थी सुखलाल दुग्गा ने शिकायत दर्ज कराया कि उसकी मां कमला बाई की घर में खून से लथपथ लाश मिली है। मौके पर पहुंची पुलिस ने पाया कि मृतका के सिर व शरीर के अन्य हिस्सों पर चोट के निशान हैं। घटना के बाद से ही मृतका का छोटा बेटा आरोपी सुखचंद दुग्गा गायब है। घटना के समय प्रार्थी बकरियां चलाने जंगल में गया हुआ था। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया तो पता चला कि आरोपी सुखचंद दुग्गा पैसों को लेकर अक्सर अपनी मां से विवाद करता था। उसकी पतासाजी शुरू की तो आरोपी गांव से भाग निकला था। जिसे पुलिस ने हल्का चौकी क्षेत्र के जंगल में घेराबंदी कर पकड़ लिया है।

### स्कूलों में तिमाही परीक्षा संपन्न कराने बैठक

**सुकमा(विश्व परिवार)।** जिला शिक्षा अधिकारी श्री जीआर मण्डावी के उपस्थिति में विगत दिवस को तिमाही परीक्षा संपन्न करवाने प्रश्न पत्र तैयार करने के संबंध में जिला परियोजना अधिकारी, जिला परियोजना समन्वयक,सहायक प्रभारी एवम विषय विशेषज्ञ की बैठक संपन्न हुई। बैठक में 23 सितंबर 2024 से जिले के समस्त शासकीय स्कूलों के कक्षा 1 से कक्षा 12 तक की तिमाही परीक्षा प्रारंभ की जाएगी। बोर्ड (10 वीं ,12 वीं)कक्षाओं के लिए जिला स्तर से प्रश्न पत्र तैयार कर स्कूल में भेजा जाएगा। इससे बच्चों को बोर्ड परीक्षा की तैयारी में मदद मिलेगा। विद्यार्थियों के शैक्षणिक स्तर सुधारने एवं बेहतर परिणाम प्राप्त करने हेतु यह अभिनव पहल प्रारंभ किया जा रहा है इसके अतिरिक्त त्रैमासिक परीक्षा जिले में एकरूपता के साथ संपन्न होने पर निरीक्षण बेहतर ढंग से किया जा सकेगा। बैठक में नारायण वर्मा एडीपीओ,आशीष राम एपीसी, जगदीश राव प्रभारी,रूपेश समरथ सहायक प्रभारी, आनंद कुरवशी प्राचार्य एवं अन्य विषयों के विषय विशेषज्ञ उपस्थित थे।

### कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी आम नागरिकों की समस्याएं

**गरियाबंद(विश्व परिवार)।** कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल ने आज जनदर्शन में जिले के अलग-अलग क्षेत्रों एवं दूरदराज से आये लोगों की मांग, समस्याएं एवं शिकायतें सुनी। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने आज जनदर्शन में 33 लोगों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना और संबंधित अधिकारियों को आवेदनों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। जनदर्शन में ग्राम भेण्डरी के ग्रामवासी ने पुलिया निमर्श्राण हेतु, ग्राम देवरी के हीरालाल साहू ने पषु षेड प्रदाय करने, ग्राम सढ़ौली की फुलेष्वरी कष्यप ने मुआवजा राषि दिलाने, ग्राम कुरूद के गैंदलाल साहू ने शौचालय निर्माण की राषि दिलाने, ग्राम कुकदा की कलेन्द्री बाई ने पीएम आवास सूची में नाम जोड़ने, ग्राम खैरझिटी की संतराम पटेल ने अवैध कब्जा को हटाने, ग्राम कौंदकेरा की समारी बाई ने महतारी वंदन योजना की राषि प्रदान करने, ग्राम सड़क परसुली के डमेष्वर साहू ने नया घरेलू विद्युत कनेक्षन लगाने आवेदन प्रस्तुत किये है।

# बच्चों में शिक्षा के साथ संस्कार भी बहुत जरूरी : मंत्री राजवाड़े

## सरस्वती शिशु मंदिर विज्ञान मेला एवं संस्कृति महोत्सव में शामिल हुईं कैबिनेट मंत्री



**कांकेर(विश्व परिवार)।** प्रदेश की महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े आज समीप के ग्राम गढ़पिछवाड़ी के सरस्वती शिशु मंदिर में आयोजित विभाग स्तरीय विज्ञान मेला एवं संस्कृति महोत्सव तथा पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में सम्मिलित हुईं। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों के द्वारा तैयार किए गए मॉडल एवं प्रोजेक्ट का अवलोकन किया तथा उनके उत्कृष्ट कलात्मक मॉडल की सराहना की। इस अवसर पर उपस्थित छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने कहा कि कोई भी प्रतिभा छोटी या बड़ी नहीं होती। आज के बच्चों में शिक्षा के साथ-साथ संस्कार होना बहुत जरूरी है तथा सरस्वती शिक्षा संस्थान इस कार्य में अन्य संस्थाओं की अपेक्षा कहीं अधिक अग्रणी है। महिला एवं बाल विकास मंत्री राजवाड़े ने अपने उद्बोधन में आगे कहा कि विद्यार्थियों को समयबद्ध एवं अनुशासित होना आवश्यक है तभी वे अपने निर्धारित लक्ष्य को हासिल करने में सक्षम होंगे। उन्होंने कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर का मूल उद्देश्य चरित्र निर्माण के साथ-साथ राष्ट्र निर्माण करना भी है और यह संस्थान भलीभांति अपना कर्तव्य निर्वहन कर रहा है। इस अवसर पर कांकेर लोकसभा क्षेत्र के पूर्व सांसद श्री मोहन मण्डावी ने भी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए नैतिक मूल्यों को आगे बढ़ाने और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने की बात कहीं। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर कांकेर विधायक श्री आशाराम नेताम भी उपस्थित थे। इसके अलावा राज्य मत्स्य विकास बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष भरत मटियारा सहित संस्था के प्राचार्य एवं शिक्षकगण उपस्थित थे।

### मूक-बधिर बच्चों के बीच मनाया प्रधानमंत्री का जन्मदिन

प्रदेश की समाज कल्याण एवं महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े और कांकेर विधायक आशाराम नेताम आज शाम को जिले के प्रवास के दौरान ग्राम कोदाभाट स्थित शासकीय श्रवण बाधितार्थ आवासीय विद्यालय पहुंचे, जहां पर उन्होंने मूक-बधिर बच्चों से आत्मीय भेंट की। इस दौरान बच्चों ने गीत सुनाकर उनका स्वागत किया, जिससे वे काफी प्रसंन्न हुईं साथ ही बच्चों से विद्यालय में मिलने वाले भोजन, यूनिफॉर्म आदि के बारे में पूछा। तत्पश्चात उन्होंने देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर बच्चों से केक कटवाया और सभी बच्चों को एक-एक करके अपने हाथों से केक और मिठाइयां खिलाईं। समाज कल्याण मंत्री को अपने बीच पाकर बच्चे भी गद्गद् हो गए। इस अवसर पर उप संचालक समाज कल्याण श्रीमती क्षमा शर्मा, श्री राजीवलोचन सिंह सहित आवासीय विद्यालय स्टाफ मौजूद थे।

## स्वच्छता मानव जीवन का जरूरी हिस्सा है - सांसद



**जगदलपुर(विश्व परिवार)।** शहीद पार्क परिसर में आयोजित कार्यक्रम में 'स्वच्छता ही सेवा' पखवाड़ा का जिला स्तरीय कार्यक्रम का शुभारंभ सांसद महेश कश्यप ने किया। उन्होंने कार्यक्रम में नागरिकों को स्वच्छता की शपथ दिलाई और शहीद पार्क परिसर में झाड़ू लगाकर सफाई की। कार्यक्रम में महापौर श्रीमती सफीरा साहू, पार्षदगण, कमिश्नर डोमन सिंह, कलेक्टर हरिस एस, एसपी शलभ सिन्हा,सीईओ जिला पंचायत प्रकाश सर्वे, आयुक्त नगर निगम हरेश मंडावी और गणमान्य नागरिक, अधिकारी, युवोदय की टीम, नगर निगम के टीम,पत्रकार कार्यक्रम में शामिल हुए। जिले में 'स्वच्छता ही सेवा' पखवाड़ा का शुभारंभ करते हुए सांसद ने कहा कि स्वच्छता मानव जीवन का जरुरी हिस्सा है, हर व्यक्ति को अपने दैनिक जीवन में स्वच्छता को अपनाना चाहिए। शहरों, गांवों एवं प्रदेश को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए स्वच्छता को सामाजिक आंदोलन बनाने की जरूरत है। उन्होंने कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और जगदलपुर विधायक किरणदेव को आज उनके जन्मदिन पर बधाई और शुभकामना दीं। उन्होंने वहां मौजूद लोगों को विश्वकर्मा जयंती की भी बधाई दी। महापौर श्रीमती सफीरा साहू ने कहा कि 'स्वच्छता ही सेवा' पखवाड़ा में शहर के नागरिक अपने घरों के आसपास साफ-सफाई रखें। कार्यक्रम में उपस्थित सभी जनों ने पार्क में सफाई अभियान किया। ज्ञात हो कि 17 सितंबर से 02 अक्तूबर तक 'स्वच्छता ही सेवा' पखवाड़ा 'स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता' की थीम पर आज से राज्य के सभी 184 नगरीय निकायों में विशेष अभियान शुरू किया गया है।

## कलेक्टर दीपक कुमार ने नगरीय निकायों के अधिकारियों की ली समीक्षा बैठक

**गरियाबंद(विश्व परिवार)।** कलेक्टर श्री दीपक कुमार अग्रवाल ने आज समस्त नगरीय निकायों के अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना, नवीन राशन कार्ड निर्माण कार्य, ठोस अपशिष्ठ प्रबंधन, कोपरा नगर पंचायत के जमीन आबंटन के संबंध में, जनसमस्या निवारण शिविर, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना एवं स्वच्छता सर्वेक्षण सहित अन्य कार्यो की समीक्षा की। उन्होंने अधोसंरचना मद अंतर्गत निकायों को आबंटित जारी एवं व्यय राशि तथा स्वीकृत पूर्ण प्रगतिरत, अप्रारंभ एवं निरस्थ कार्यो की जानकारी ली। नगरीय निकायों के अधिकारियों ने बतया कि अधोसंरचना मद अंतर्गत जिले के चार नगरीय निकायों में 37 कार्य स्वीकृत किये गये थे। जिसमें 10 कार्य पूर्ण 11 कार्य प्रगतिरत, 3 कार्य निरस्त तथा 13 कार्य अप्रारंभ की स्थिति में है। इस पर कलेक्टर ने प्रगतिरत कार्यो को शीघ्र पूरा करने तथा अप्रारंभ कार्यो को प्रारंभ करने के निर्देश दिये। इसी तरह जिले के पांच नगरीय निकायों में 12 हजार 700 राशन कार्ड का वितरण किया जा चुका है। 1264 राशन कार्ड नवीनीकरण के लिए शेष है। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने नगरीय क्षेत्रों में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत विशेष रूप से साफ-सफाई कराने तथा दुकानदारों को अपने दुकान के सामने डस्टबिन लगाने हेतु प्रेरित करने को कहा, जिससे अनावश्यक गंदगी या कचरा बहार न हो। एनयूएलएम के महिलाओं को आजीविका गतिविधियों के साथ-साथ अन्य गतिविधियों में प्रेरित करने को कहा। इस अवसर पर नगर पालिका गरियाबंद की सीएमओ श्रीमती संध्या वर्मा, राजिम सीएमओ श्री अशोक कुमार सलामे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## प्रधानमंत्री आवास योजना में प्रगति लाने कलेक्टर ने ली बैठक

**कांकेर(विश्व परिवार)।** कलेक्टर श्री नीलेशकुमार क्षीरसागर की अध्यक्षता में आज बैठक लेकर विभिन्न योजनान्तर्गत स्वीकृत अपूर्ण कार्यों एवं प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की प्रगति के संबंध में समीक्षा की। कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आज दोपहर आयोजित बैठक में जानकारी देते हुए बताया गया कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत वर्ष 2024-25 में राज्य आबंटित लगभग 34134 आवास स्वीकृति का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। यह भी बताया गया कि आवास निर्माण के पूर्व सामग्री की उपलब्धता एवं राजमिस्त्री प्रशिक्षण समय में पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया गया है । कलेक्टर ने हितग्राहियों को स्वयं से आवास निर्माण हेतु प्रेरित करने के लिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही जिता निर्माण से स्वीकृत अपूर्ण कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराने के लिए ग्रामीण यांत्रिकी विभाग को निर्देशित किया गया। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री सुमित अग्रवाल, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री वीरेन्द्र जयसवाल, कार्यपालन अभियंता तथा समस्त अनुविभागीय अधिकारी, उपअभियंता (ग्रामीण सेवा यांत्रिकी) एवं जिला पंचायत से प्रधानमंत्री आवास योजना- ग्रामीण की आवास टीम उपस्थित रही।

## खूंखार हाथी ने अपने खतरनाक दांत से बाड़ी में बंधे दो भैसो का पेट फाड़ उतारा मौत के घाट

**गरियाबंद(विश्व परिवार)।** जिले में हाथीयो का आतंक जारी बीती रात्रि ग्राम जोगी डीपा में एक ग्रामीण के दो भैंसों को मौत के घाट उतार कर आसपास ग्राम में विचरण कर रहा है। बता दे की गरियाबंद जिले में 15 रोज पहले एक महिला को पोंड के जंगल मौत के घाट उतारने के बाद यह दांतेल रूद्र3 हाथी धमतरी जिले के मगर लोड ब्लॉक के आसपास विचरण कर रहा था। उसके बाद दो दिन पहले फिर इसकी वापसी पाण्डुक परिक्षेत्र में हुई और झरझरा मंदिर से वापस होते हुए अपने पुराने रास्ते में महासमुंद जिला के लिए वापसी करते हुए ग्राम जोगी डीपा में किसान जनक /तुलसी राम ध्रुव के दो भैंसों को मौत के घाट उतार दिया और एक भैंस को घायल कर दिया हैं । सभी भैसे किसान के बड़ी में हमेशा की तरह बांधे हुए थे ।जिसमे एक भैंस रस्सी तोड़कर भागने में सफल रहा जिस कारण उसकी जान बच गया । बाकी दो रस्सी नही तोड़ पाए और खूंखार हाथी ने ।अपने खतरनाक दांत से भैस के पेट फाड़ दिया। जिस तरह इंसान व जानवरों को मौत के घाट उतरता जा रहा है। यह भयानक हाथी खतरनाक साबित हो रहा है।आतंक का पर्याय बन चुका है।इंसानो को तो मुनादी या मोबाइल से अलर्ट जारी किया जा रहा हैं । पर जानवरों को कौन से तरीके से सचेत किया जाए कि हाथी के सामने ना आए। एसे में किसानों को ही अपने मवेशियों को सुरक्षित रखने की आवश्यकता है विभाग की ओर से लगातार मुंनादी व जानकारी दी जा रही है। गनियारी फुलझार के जंगल में विचरण कर रहा यह खूंखार हाथी जो रात्रि शायद महासमुंद जिला प्रवेश कर सकता है। वहीं पीछे-पीछे धमतरी से तीन हाथियों के एक दल गरियाबंद जिला में प्रवेश करने की संभावना है बताई जा रही है।जो चित परिचित अपने रूट में हाथियों का आना जाना और इस मार्ग में आने वाले हर एक को उखाड़ फेंकना अब इन हाथियों की फितरत बन चुकी है। हाथी मित्र दल और वन विभाग लगातार प्रयास कर रहा है कि कोई घटना ना हो और अलर्ट जारी किया जा रहा है।

# कलेक्टर ने स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024 का किया शुभारंभ

### स्वच्छता वाहनों को हरी झण्डी दिखाकर किया गया रवाना




**गरियाबंद(विश्व परिवार)।** कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने जिले में आज से ''स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024''का शुभारंभ किया। स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम अंतर्गत स्वच्छ भारत मिशन शहरी एवं ग्रामीण द्वारा जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन शासकीय बालक हायर सेकेण्डरी स्कूल परिसर गरियाबंद में किया गया ।इस अवसर पर मौजूद स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं आम नागरिकों ने साफ सफाई एवं श्रमदान कर लोगों को स्वच्छता के प्रति प्रेरित किया। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कार्यक्रम में आमजनों सहित अधिकारी-कर्मचारियों एवं स्वच्छता मित्रों को स्वच्छता को अपनाने स्वच्छता शपथ दिलाया ।इस अवसर पर कलेक्टर श्री अग्रवाल,नगर पालिका परिषद के उपाध्यक्ष सुरेन्द्र सोनटेके,उपाध्यक्ष जनपद पंचायत प्रवीण यादव एवं जनप्रतिनिधियों ने दो स्वच्छता वाहनों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया ।साथ ही परिसर में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पौधारोपण भी किया गया। इस अवसर पर सिग्नेचर ड्राईव भी चलाया गया,जिसमें अतिथियों एवं नागरिकों ने हस्ताक्षर कर सभी लोगों को स्वच्छता अभियान में शामिल होने की अपील की ।साथ ही सेल्फी जोन में फोटो भी खिचवायें। जिले में 'स्वच्छता ही सेवा' पखवाड़ा का शुभारंभ करते हुए कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने कहा कि हर व्यक्ति को अपने दैनिक जीवन में स्वच्छता को अपनाना चाहिए। हमेंअपने घर के समान ही आसपास एवं कार्यालयों में साफ सफाई रखना चाहिए ये हमारा नैतिक कर्तव्य है। आज शहरों एवं गांवों को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए स्वच्छता को सामाजिक आंदोलन बनाने की जरूरत है। जन-जागरूकता से ही जिला स्वच्छ और सुंदर बन सकता है ।इसके लिए हमे अपने स्वभाव में भी परिवर्तन लाना होगा ।उन्होंने नागरिकों को जिला स्तरीय कार्यक्रम तथा स्वच्छता अभियान में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेने की अपील की ।स्वच्छता ही सेवा अभियान 2 अक्टूबर तक ''स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता'' विषय पर केंद्रित रहेगा ।जिसमें स्वच्छता को समाज के प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी मानते हुए इसे उनके स्वभाव और संस्कार का हिस्सा बनाने का प्रयास होगा ।स्वच्छता ही सेवा अभियान अंतर्गत 'स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता' का यह अभियान 2 अक्टूबर 2024 को महात्मा गांधी की जयंती 'स्वच्छ भारत दिवस' पर पूर्ण होगा।

## व्यापार समाचार

### लक्ष्मी डेंटल लिमिटेड ने आईपीओ के जरिये धन जुटाने के लिए दाखिल किए ड्राफ्ट पेपर

**रायपुर।** डेंटल उत्पाद कंपनी लक्ष्मी डेंटल लिमिटेड ने प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिये धन जुटाने के लिए पूंजी बाजार नियामक सेबी के पास प्रारंभिक दस्तावेज दाखिल किए हैं। पिछले सप्ताह दाखिल ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) के अनुसार, आईपीओ 150 करोड़ रुपये मूल्य के इक्विटी शेयरों के नए निर्गम और प्रमोटरों और अन्य शेयरधारकों द्वारा 1.28 करोड़ शेयरों की बिक्री की पेशकश (ओएफएस) का संयोजन है। ओएफएस के तहत निवेशक ऑर्बिमेड एशिया द्वद्व मॉरीशस लिमिटेड आईपीओ-बद्ध कंपनी के शेयरों को बेचेगा। इसके अलावा, कंपनी प्री-आईपीओ प्लेसमेंट राउंड में 30 करोड़ रुपये जुटाने पर विचार कर सकती है। अगर ऐसा प्लेसमेंट पूरा हो जाता है, तो नए इश्यू का आकार कम हो जाएगा। नए इश्यू से प्राप्त राशि को सहायक कंपनी बिजडेंट डिवाइसेज में निवेश, कंपनी के लिए नई मशीनरी की खरीद, ऋण के भुगतान और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए अलग रखा जाएगा। लक्ष्मी डेंटल, एक संपूर्ण एकीकृत दंत उत्पाद कंपनी है, जिसके पास एक व्यापक पोर्टफोलियो है जिसमें कस्टम-निर्मित क्राउन और ब्रिज, ब्रांडेड दंत उत्पाद जैसे एलाइनर समाधान और बाल चिकित्सा दंत उत्पाद शामिल हैं। नुवामा वेल्थ मैनेजमेंट, मोतीलाल ओसवाल इन्वेस्टमेंट एडवाइजर्स, एसबीआई कैपिटल मार्केट्स इस इश्यू के बुक-रनिंग लीड मैनेजर हैं।

### ऊर्जा संक्रमण एवं विद्युत प्रौद्योगिकी से जुड़ी कंपनी, क्वालिटी पावर इलेक्ट्रिकल इक्विपमेंट्स लिमिटेड ने सेबी के पास दाखिल किया आईपीओ दस्तावेज

**रायपुर।** क्वालिटी पावर इलेक्ट्रिकल इक्विपमेंट्स लिमिटेड (क्वालिटी पावर) ने बाजार नियामक सेबी के पास अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया है। कंपनी इक्विटी शेयरों (10 प्रति शेयर के अंकित मूल्य के साथ) के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के ज़रिये धन जुटाने की योजना बना रही है, जिसमें 2,250 मिलियन (225 करोड़) तक का फ्रेश इशू और साथ ही ऑफर फॉर सेल (ओएफएस) शामिल है जिसके तहत 12,000,000 इक्विटी शेयर उपलब्ध होंगे। क्वालिटी पावर भारतीय कंपनी है, जो 765 केवी तक के ऊर्जा संक्रमण (एनर्जी ट्रांजीशन) से जुड़े महत्वपूर्ण उपकरण और विद्युत् प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में लगभग 100 देशों में वैश्विक ग्राहकों को सेवा प्रदान करती है और बिजली ग्रिड कनेक्टिविटी और ऊर्जा संक्रमण के लिए उच्च वोल्टेज विद्युत उपकरण और समाधान प्रदान करती है। कंपनी बिजली उत्पादन, ट्रांसमिशन (पारेषण), डिस्ट्रीब्यूशन (वितरण) और ऑटोमेशन (स्वचालन) क्षेत्रों में बिजली उत्पादों और समाधानों के प्रावधान के लिए मशहूर है। उल्लेखनीय है कि कंपनी का उत्पाद पोर्टफोलियो डीकार्बनाइजेशन के प्रयासों, वहनीयता और हरित ऊर्जा पहलों को आगे बढ़ाने में योगदान देता है। केयर की एक रिपोर्ट के अनुसार, क्वालिटी पावर हाई वोल्टेज डायरेक्ट करंट (एचवीडीसी) और फ्लेक्सिबल एसी ट्रांसमिशन सिस्टम (एफएसीटीएस) नेटवर्क के लिए महत्वपूर्ण हाई वोल्टेज उपकरणों के कुछ वैश्विक विनिर्माताओं में से एक है। ये उपकरण और नेटवर्क नवीकरणीय स्रोतों से पारंपरिक पावर ग्रिड में ऊर्जा संक्रमण के लिए महत्वपूर्ण हैं।

### एमेज़ॉन ने त्योहारों के लिए अपना लॉजिस्टिक्स नेटवर्क मजबूत किया, 3 नए फुलफिलमेंट सेंटर लॉन्च किए

**बैंगलुरू:** आगामी त्योहारों की तैयारी में एमेज़ॉन इंडिया ने आज दिल्ली एनसीआर, गुवाहाटी और पटना में तीन नए फुलफिलमेंट सेंटर लॉन्च करने की घोषणा की। ये नए फुलफिलमेंट सेंटर एमेज़ॉन के मौजूदा फुलफिलमेंट नेटवर्क के विस्तार के साथ उत्तर और पूर्व भारत में डिलीवरी में तेजी लेकर आएंगे। इस निवेश से इन राज्यों के विक्रेताओं को अपने ग्राहकों को बेहतर सेवाएं देने में मदद मिलेगी क्योंकि उनके उत्पाद ग्राहकों तक ज्यादा तेजी से पहुँच सकेंगे। इससे हजारों नौकरियों के अवसर उत्पन्न होंगे, जिससे क्षेत्र के आर्थिक विकास को गति मिलेगी। ये नौकरियाँ एमेज़ॉन के ऑपरेशंस नेटवर्क में विभिन्न भूमिकाओं के लिए होंगी, जिनमें पूर्णकालिक और अंशकालिक नौकरियों के अवसर शामिल हैं। ये फुलफिलमेंट सेंटर तैयार हैं और आगामी त्योहारों से पहले संचालन करना शुरू कर देंगे। इन फुलफिलमेंट सेंटर्स से दिल्ली एनसीआर, बिहार और असम के 2.5 लाख से ज्यादा विक्रेताओं को मदद मिलेगी। एमेज़ॉन के ऑपरेशंस नेटवर्क के अधिकांश भवनों में अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी और प्रभावशाली बिल्डिंग प्रणाली है ताकि इनमें बिजली का उपयोग कम से कम हो। इन्हें नेट वॉटर जीरो भवनों के रूप में डिज़ाईन किया गया है। और रेन वॉटर कलेक्शन टैंक्स, रिचार्ज वैल्स द्वारा पानी को एक्वीफर, सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट्स आदि में एकत्रित किया जाता है।

### एचडीएफसी बैंक ने 11,000 से अधिक छात्रों और शिक्षकों को सुरक्षित डिजिटल बैंकिंग प्रथाओं के बारे में शिक्षित किया

**मुंबई।** भारत के अग्रणी निजी क्षेत्र के बैंक एचडीएफसी बैंक ने 11,000 से अधिक छात्रों और शिक्षकों को सुरक्षित डिजिटल बैंकिंग प्रथाओं के बारे में जागरूक करने के लिए 150 से अधिक कार्यशालाएँ आयोजित कीं। बैंक ने शिक्षक दिवस के अवसर पर 4 सितंबर से 10 सितंबर के बीच ये विशेष सुरक्षित बैंकिंग कार्यशालाएँ आयोजित की गई । बैंक ने पूरे भारत में स्कूल/कॉलेज/शैक्षणिक संस्थानों तक पहुँच बनाई और छात्रों, शिक्षण और गैर-शिक्षण कर्मचारियों के लिए सुरक्षित बैंकिंग सत्र आयोजित किए। इन इंटरैक्टिव सत्रों के माध्यम से, प्रतिभागियों को सुरक्षित डिजिटल बैंकिंग प्रथाओं पर बहुमूल्य जानकारी प्राप्त हुई ताकि वे साइबर धोखाधड़ी का शिकार न हों। कार्यशालाओं में वास्तविक जीवन के उदाहरण, कहानियाँ और वीडियो शामिल थे, जिनसे प्रतिभागियों को धोखेबाजों द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली विभिन्न कार्यप्रणाली को समझने में मदद मिली। एचडीएफसी बैंक पिछले चार वर्षों से देश भर में विभिन्न स्थानों पर सुरक्षित बैंकिंग पहल के तहत साइबर धोखाधड़ी जागरूकता कार्यशालाओं का आयोजन कर रहा है।

# आईपीएल 2025 में ऋतुराज ही होंगे सीएसके के कप्तान



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईपीएल 2025 के मेगा ऑक्शन के बाद कई टीमों के कप्तान बदलेंगे. ऐसे में चेन्नई सुपर किंग्स को लेकर रिपोर्ट्स सामने आ रही हैं कि सीएसके ऋतुराज गायकवाड़ को कप्तानी से हटा सकती है. मगर, आज हम आपको इस आर्टिकल में 3 ऐसी वजहों के बारे में बताते हैं, जिसके चलते चेन्नई की टीम गायकवाड़ को कप्तानी से हटाने की गलती कभी नहीं करेगी. ऋतुराज गायकवाड़ पिछले 6 सीजन से चेन्नई सुपर किंग्स का हिस्सा हैं. उन्होंने 2019 में सीएसके के जरिए ही आईपीएल डेब्यू किया. गायकवाड़ ने सीएसके के लिए अब तक आईपीएल में 66 मैच खेले हैं, जिसमें 136.86 की स्ट्राइक रेट और 41.75 के औसत से 2380 रन बना रहे हैं. इस दौरान उन्होंने 2 शतक और 18 अर्धशतक लगाए हैं. वह एक शानदार बल्लेबाज हैं और लगातार अपनी टीम के लिए रन बना रहे हैं. आईपीएल 2023 में जब चेन्नई ने ट्रॉफी उठाई, तो उसमें गायकवाड़ का अहम योगदान रहा. ऋतुराज गायकवाड़ भारत की युवा टीम की कप्तानी कर चुके हैं. गायकवाड़ ने एशियन गेम्स 2023 में भारत को गोल्ड मेडल जिताया था. अब तक वह 3 टी-20 मैचों में टीम इंडिया की कप्तानी कर चुके हैं, जिसमें 2 में जीत दिलाई है और एक मैच बेनतीजा रहा. इतना ही नहीं वह घरेलू स्तर पर भी कप्तानी कर चुके हैं. कुल मिलाकर गायकवाड़ अभी युवा हैं, उसके बावजूद उनके पास कैप्टेंसी का काफी अनुभव है. चेन्नई सुपर किंग्स ने आईपीएल 2024 में एमएस धोनी के उत्तराधिकारी के रूप में ऋतुराज गायकवाड़ को चुना गया और टीम की कप्तानी सौंपी गई. 14 मैचों में सीएसके की कप्तानी की, जहां 7 मैचों में वह टीम को जीत दिला पाए और 7 मैचों में टीम को हार का सामना करना पड़ा. गायकवाड़ की कप्तानी में चेन्नई प्लेऑफ के लिए भी क्वालीफाई नहीं कर सकी और 5वें स्थान पर रहते हुए टूर्नामेंट से बाहर हुई थी.मगर, एक सीजन के प्रदर्शन के आधार पर जज नहीं किया जाना चाहिए. अभी तो वह गायकवाड़ युवा हैं और उनके पास लंबे वक्त तक टीम की कमान संभालने का मौका है.

## अर्जुन तेंदुलकर ने कर्नाटक के खिलाफ मैच में चटकाए 9 विकेट, अपनी टीम को दिलाई जीत



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर के बेटे अर्जुन तेंदुलकर ने अपने प्रदर्शन से सबका ध्यान अपनी ओर खींचा है।उन्होंने डॉ (कैप्टन) के थिमपिया मेमोरियल टूर्नामेंट में गोवा की ओर से खेलते हुए कर्नाटक के खिलाफ मैच में कुल 9 विकेट चटकाए।उनकी उम्दा गेंदबाजी के चलते गोवा ने इस मैच को पारी और 189 रन से जीता। उन्होंने कर्नाटक की पहली पारी के दौरान 5 विकेट हॉल हासिल किया। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्जुन ने दोनों पारियों में कुल 26.3 ओवर गेंदबाजी की, जिसमें 87 रन देकर 9 सफलताएं हासिल की।पहली पारी में कर्नाटक की टीम 103 रन पर ढेर हुई, जिसमें अर्जुन ने 41 रन देकर 5 विकेट चटकाए।जवाब में गोवा ने अभिनव तेजराणा (109) के शतक और मंथन खुटकर के 69 रनों की बदौलत 413 रनों का मजबूत स्कोर खड़ा किया।आखिरकार दूसरी पारी में कर्नाटक की टीम 121 रन पर आउट हो गई। अर्जुन ने दिसंबर 2022 में रणजी ट्रॉफी में गोवा की ओर से अपने प्रथम श्रेणी करियर की शुरुआत की थी।उन्होंने अब तक 13 मैचों में 45 की औसत के साथ 21 विकेट चटकाए हैं। इस बीच पारी में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 49 रन देते हुए 4 विकेट लेना रहा है।अपने लिस्ट-ए करियर में उन्होंने 15 मैचों में 30.80 की औसत के साथ 21 विकेट लिए हैं।वह 21 टी-20 में 26 विकेट ले चुके हैं।

## भारत के लिए शतक जड़ने वाली एकमात्र खिलाड़ी है हरमनप्रीत कौर?

**महिला टी20 विश्व कप**



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** महिला टी20 विश्व कप 2024 का आगाज 3 अक्टूबर से यूएई में होने जा रहा है। टूर्नामेंट को लेकर सभी टीमें अपनी तैयारियों को पुख्ता करने में जुटी हुई हैं। भारतीय टीम हरमनप्रीत कौर की अगुवाई में इस बार ट्रॉफी जीतने के इरादे से यूएई रवाना होगी। टूर्नामेंट के इतिहास में भारत के लिए हरमनप्रीत सबसे सफल खिलाड़ी रही हैं। वह बेहतरीन कप्तान होने के साथ शानदार बल्लेबाज भी हैं। महिला टी20 विश्व कप 2018 में हरमनप्रीत कौर ने एक ऐसा रिकॉर्ड बनाया जो छह साल बाद भी कायम है। भारतीय कप्तान टूर्नामेंट के इतिहास में शतक बनाने वाली भारत की एकमात्र महिला क्रिकेटर हैं। उन्होंने गयाना के प्रोविडेंस स्टेडियम में न्यूजीलैंड के खिलाफ यह उपलब्धि हासिल की। दाएं हाथ की बल्लेबाज ने कुछ बेहतरीन शॉट खेलते हुए 51 गेंदों पर 7 चौकों और 8 चौकों की मदद से 103 रन बनाए थे। उन्होंने मात्र 49 गेंदों पर अपना शतक पूरा किया था। हरमनप्रीत ने महिला टी20 अंतर्राष्ट्रीय में 173 मैचों में 3,426 रन बनाए हैं। इसमें एक शतक और 12 अर्धशतक शामिल हैं। टी20 विश्व कप में उन्होंने 35 मैचों में 20.57 की औसत और 107.66 की स्ट्राइक-रेट से 576 रन बनाए हैं। उनके नाम टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों में किसी भारतीय महिला द्वारा सर्वाधिक छक्के (76 से अधिक) लगाने का रिकॉर्ड भी दर्ज है। भारतीय महिला टी20 विश्व कप में अपने अभियान की शुरुआत 4 अक्टूबर को दुबई में न्यूजीलैंड के खिलाफ करेगा। इसके बाद 6 अक्टूबर को उनका सामना पाकिस्तान से होगा।

## ज़िकित्ज़ा हेल्थकेयर लिमिटेड को छत्तीसगढ़ में पुलिस हेल्पलाइन नंबर (112) के मैनेजमेंट टेंडर में सबसे ज्यादा पॉइंट्स

**रायपुर (विश्व परिवार)।** इमर्जेंसी हेल्थकेयर सर्विसेज़ के अग्रणी प्रदाता, ज़िकित्ज़ा हेल्थकेयर लिमिटेड को छत्तीसगढ़ में प्रतिष्ठित पुलिस हेल्पलाइन नंबर (112) प्रबंधन निविदा में टेक्नॉलजी, क्वालिटी और कीमत के लिए सबसे ज्यादा पॉइंट्स मिले हैं। यह महत्वपूर्ण उपलब्धि असाधारण आपातकालीन प्रतिक्रिया सेवाएं प्रदान करने के लिए ज़िकित्ज़ा की प्रतिबद्धता को दर्शाती है और सार्वजनिक सुरक्षा के लिए एक विश्वसनीय भागीदार के रूप में इसकी स्थिति को मजबूत करती है। छत्तीसगढ़ में ॑।रुपिछले ढाई वर्षों से 24 घंटे की आरोग्य हेल्थकेयर हेल्पलाइन (104) संचालित कर रहा है, जो हर दिन 5000 से अधिक कॉलर्स को जरूरी जानकारी और गाइडेंस देती है। यह सेवा माँ और बच्चे के स्वास्थ्य पर भी नज़र रखती है और प्रेग्नेंसी साइकल के दौरान उन्हें सलाह देती है।




आपातकालीन सेवाओं के लिए कॉल सेंटर और कंट्रोल रूम के प्रबंधन में दो दशकों से अधिक के अनुभव के साथ, ज़िकित्ज़ा ने हर कॉल का तेज़ी और कुशलता से जवाब देने के लिए अपनी तकनीकी क्षमताओं को निखारा है। कंपनी का मज़बूत आईटी और आईटीईएस इंफ्रास्ट्रक्चर इसे सेवा के उच्चतम मानक प्रदान करने में सक्षम बनाता है, यह सुनिश्चित करता है कि प्रत्येक आपात स्थिति को सटीकता और सावधानी से संभाला जाए।

ज़िकित्ज़ा हेल्थकेयर लिमिटेड के सीईओ नरेश जैन ने कहा, छत्तीसगढ़ में पुलिस हेल्पलाइन नंबर (112) का प्रबंधन करने के लिए अधिकतम पॉइंट्स मिलने पर हमें हमें गर्व है। यह अवसर उत्कृष्टता के प्रति हमारी अटूट प्रतिबद्धता और सार्वजनिक सुरक्षा को बढ़ाने वाले अभिनव समाधान देने की हमारी क्षमता का प्रमाण है। हेल्पलाइन के प्रबंधन के लिए ज़िकित्ज़ा का रणनीतिक दृष्टिकोण प्रतिक्रिया समय में सुधार, आपातकालीन परिणामों को बढ़ाने और स्थानीय अधिकारियों के साथ सहयोग को बढ़ावा देने पर केंद्रित होगा। अपनी विशेषज्ञता और उन्नत तकनीक का लाभ उठाकर, ज़िकित्ज़ा का लक्ष्य छत्तीसगढ़ के नागरिकों की सुरक्षा और कल्याण पर महत्वपूर्ण प्रभाव डालना है।

ज़िकित्ज़ा अपनी मज़बूत तकनीकी क्षमताओं के अलावा, बड़े पैमाने पर आपातकालीन प्रतिक्रिया संचालन के प्रबंधन में काफ़ी अनुभव लेकर आता है। कंपनी की उच्च प्रशिक्षित पेशेवरों की टीम दुर्घटनाओं और प्राकृतिक आपदाओं से लेकर चिकित्सा संकटों तक, आपातकालीन स्थितियों की एक विस्तृत श्रृंखला को संभालने के लिए है। निरंतर सुधार और नवाचार के लिए ज़िकित्ज़ा की प्रतिबद्धता सुनिश्चित करती है कि इसकी सेवाएँ उद्योग में सबसे आगे रहें।

### मर्सिडीज-बेंज करेगी ईक्यूएस एसयूवी का उत्पादन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्र सरकार की अनुकूल नीतियों के कारण देश में तेजी से लग्जरी वाहनों की मैन्युफैक्चरिंग बढ़ रही है, जिसके कारण भारत के ऑटोसेक्टर में निवेश भी बढ़ रहा है। जर्मनी की लग्जरी कार कंपनी मर्सिडीज-बेंज की ओर से हाल ही में लॉन्च की गई ईक्यूएस एसयूवी उत्पादन भारत में भी किया जाएगा। अमेरिका के बाद भारत दूसरा ऐसा देश है, जहां पर इस लग्जरी इलेक्ट्रिक एसयूवी की असेंबलिंग की जाएगी। इस लग्जरी ईवी की कीमत 1.41 करोड़ रुपये है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, मर्सिडीज-बेंज द्वारा पहले ही ईक्यूएस सेडान को भारत में बनाया जा रहा है और अब तक करीब 500 यूनिट्स बेची जा चुकी हैं। मर्सिडीज-बेंज की ओर से 2024 में भारत में मैन्युफैक्चरिंग ऑपरेशन, नए प्रोडक्ट और मैन्युफैक्चरिंग में डिजिटाइजेशन के लिए अतिरिक्त 200 करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा। मर्सिडीज-बेंज इंडिया के एमडी और सीईओ संतोष अय्यर ने ईक्यूएस एसयूवी के भारत में उत्पादन पर कहा, यह हमारी स्थानीय दक्षता को दर्शाता है। इससे भारतीय ग्राहकों के लिए वैल्यू क्रिएट होगी और सरकार के विजन मेक इन इंडिया को सहारा मिलेगा। मई में इस साल, टाटा ग्रुप की स्वामित्व वाली कंपनी जगुआर लैंड-रोवर (जेएलआर) की ओर से ऐलान किया गया था कि वह अपने फ्लैगशिप मॉडल रेंज रोवर और रेंज रोवर स्पोर्ट्स की पहली बार भारत में असेंबलिंग शुरू करेगी। इससे कीमतों में काफी कमी आएगी। फिलहाल कंपनी के पुणे प्लांट में रेंज रोवर वेलार, वेलार, रेंज रोवर इवोक, जगुआर एफ-पेस और डिस्कवरी स्पोर्ट मॉडल का उत्पादन किया जा रहा है।

## अब सिर्फ 25 रुपए लीटर में चलेगी आपकी कार, नितिन गडकरी की बड़ी घोषणा!

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** नई सरकार गठन के बाद जनता को उम्मीद थी कि शायद आम बजट के दौरान पेट्रोल-डीजल को जीएसटी के दायरे में लाकर सरकार इनके रेट कर देगी. लेकिन ऐसा नहीं हुआ. जिससे जनता के हाथ निराशा लगी. देखते ही देखते लोगों को कारें तक खरीदना बंद कर दिया. इसका अंदाजा आप कार कंपनियों की सेल लगा सकते हैं. लेकिन अब सरकार ने इसका तोड़ निकाल लिया है. कुछ ही माह में पेट्रोल डीजल की निर्भरता सरकार खत्म करने वाली है. इसलिए मार्केट में मिश्रित ईंधन से चलने वाली कार पहुंच गई है. परिवहन मंत्री ने मीडिया को दिये बयान में कहा है कि फ्यूल फ्लेक्स के साथ इथेनॉल से चलने वाली कारें भी मार्केट में आने वाली हैं. इसको लेकर बात चल रही है.. परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि मार्केट में टोयोटा कंपनी ने इथेनॉल से चलने वाली कार लॉन्च कर दी है. यह गन्ने के जूस से चलती है. इसके प्रति लीटर चलाने की कॉस्ट की बात करें तो 25 रुपए प्रति लीटर आती है. कार निर्माता कंपनीज से बात चल रही है. जल्द ही मार्केट में एथेनॉल से चलने वाली कारें आएंगी. जिसके बाद लोगों को महंगा पेट्रो, डीजल खरीने से मुक्ति मिल जाएगी.हालांकि ये कारें आम जन के लिए कब से उपलब्ध होंगी. तारीख की घोषणा नितिन गडकरी ने नहीं की है. उन्होने बताया है कुछ ही समय में आपको बड़ा बदलाव देखने को मिलने वाला है... आपको बता दें कि फ्लेक्स-फ्यूल ऐसा इंधन हैं जिसके जरिये हम अपनी कार को इथेनॉल के साथ मिश्रित ईंधन पर चला सकते हैं. यानि पेट्रोल में कुछ मात्रा इथेनॉल की मिलाकर कार चल सकती है. जिससे महंगे पेट्रोल-डीजल से मुक्ति मिलेगी. एक्सपर्ट के मुताबकि गैसोलीन और मेथनॉल या एथनॉल के संयोजन से बना एक वैकल्पिक ईंधन है. जिससे पेट्रोल-डीजल की निर्भरता कम हो जाएगी. परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने एक कार्यक्रम में बताया था कि फ्लेक्स इंजन कम लागत में ही तैयार हो जाते हैं,,. जिसके चलते मार्केट कारों की कीमतें भी कम हो सकती हैं. क्योंकि फ्लेक्स इंजन में 1 लीटर फ्यूल खरीदने की कॉस्ट लगभग 25 के आसपास ही आएगी.

निविदा का प्रारूप

**कार्यालय पुलिस उप अधीक्षक, वाहन कर्मशाला अमलेश्वर रायपुर (छ.ग.)**

निविदा विज्ञप्ति क्र.-उपुअ /राय/वर्कशॉप / रीडर/R/327-B/2024 दिनाँक 13/09/2024

**निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक-02/2024-25**

पुलिस उप अधीक्षक, वाहन कर्मशाला अमलेश्वर रायपुर के द्वारा पुलिस लाईन रायपुर स्थित एमटी पूल में बाउण्ड्रीवॉल के साथ कान्सर्टिना फेसिंग का निर्माण कार्य कराये जाने हेतु मोहरबंद निविदाएं आमंतित्र की जाती है। निविदा प्रपत्र अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से आवेदन पत्र (आयकर चुकता प्रमाण पत्र सहित) के साथ निविदा प्रपत्र के मुल्य राशि रू. 750/-रू. का कोषालय/ राष्ट्रीययकृत/अधिकृत बैंकों से उप पुलिस अधीक्षक अमलेश्वर रायपुर के नाम से लेखा शीर्ष 0055 पुलिस शीर्ष 800 अन्य प्राप्तियाँ के अंतर्गत जमा कर चालान की मूल प्रति कार्यालय उप पुलिस अधीक्षक अमलेश्वर रायपुर अधीनस्थ पुलिस लाईन स्थित एम.टी. पूल को प्रस्तुत कर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रू. में) | धरोहर राशि (रू. में) | निविदाकारों की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of store/ Repair Kit/ Replecment Center/ Superviser Room at MT Pool, Police Line Raipur | 18, 65,000/- | 14,000/- | ई-पंजीयन के अंतर्गत श्रेणी ''द'' अथवा उससे उच्च श्रेणी |

1 निविदा फार्म विक्रय की अंतिम तिथि एवं समय - 09.10.2024 समय 17.00 बजे तक।
2 निविदा फार्म जमा करने का अंतिम तिथि एवं समय- 11.10.2024 समय 15.00 बजे तक।
3 टेक्निकल बिड खोलने का तिथि एवं समय- 11.10.2024 समय 16.00 बजे तक।
4 फायनेशियल बिड खोलने का समय पृथक से अवगत कराया जावेगा।

नोट :- निविदा की नियम व शर्तें टेण्डर फार्म के साथ कार्यालयीन समय में कार्यालय उप पुलिस अधीक्षक अमलेश्वर रायपुर अधीनस्थ पुलिस लाईन स्थित एम.टी. पूल से प्राप्त किये जा सकते है।

पुलिस उप अधीक्षक
वाहन कर्मशाला, अमलेश्वर
जिला-रायपुर (छ.ग.)

G-242502543/3

दैनिक
# विश्व परिवार
महानगर

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

रायपुर, गुरुवार 19 सितंबर 2024



## रायपुर लखनऊ गरीबरथ एक्सप्रेस एवं रायगढ़ गोंदिया रायगढ़ जनशताब्दी एक्सप्रेस में पार्सल बुकिंग की सुविधा

**रायपुर (विश्व परिवार)।** यात्रियों की सुविधा के लिए ट्रेन नंबर 12536 रायपुर लखनऊ गरीबरथ एक्सप्रेस और ट्रेन नंबर 12069/12070 रायगढ गोंदिया रायगढ जन शताब्दी एक्सप्रेस, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से शुरू होने वाली ट्रेनों को रेलवे के माध्यम से बुक किए गए पार्सल और सामान (गैर-पट्टे) माल ढुलाई के लिए अधिसूचित किया जाता है, जिसे पार्सल सेवा के लिए स्केल-आर और सामान के लिए एल के रूप में वर्गीकृत किया गया है। उपरोक्त ट्रेनों में जनता के लिए पार्सल बुकिंग की सुविधा उपलब्ध है। रेलवे उपभोक्ताओं उपरोक्त गाड़ियों के माध्यम से अपना पार्सल भेज सकते हैं।

# वंदे भारत एक्सप्रेस पूरी तरह से भारत में निर्मित है, जिससे यह 'मेक इन इंडिया' एवं 'आत्मनिर्भर भारत' पहल का हिस्सा बनती है

**वंदे भारत एक्सप्रेस में आरामदायक, सुरक्षा, कनेक्टिविटी सुविधाएं से परिपूर्ण, बैक्टीरिया मुक्त एयर कंडीशनिंग प्रणाली कोच पर आधारित**

- दिनांक 20 सितंबर, 2024 से दुर्ग-विशाखापट्टणम-दुर्ग वंदे भारत एक्सप्रेस अपने नियमित समय-सारणी के अनुसार दुर्ग से 05:45
- गाड़ी संख्या 20829/20830 दुर्ग-विशाखापट्टणम -दुर्ग वंदे भारत एक्सप्रेस में आरक्षण की सुविधा शुरुआत कर दी गई है



### दुर्ग से विशाखापट्टनम तक लगभग किराया

दुर्ग से विशाखापट्टनम तक लगभग 565 किलोमीटर की दूरी का किराया एग्जीक्यूटिव क्लास में ब्रेकफास्ट चाय के साथ एवं लंच सहित किराया 2825 रुपए एवं बिना खाने सहित 2410 रुपए रहेगा। चेयर कार में ब्रेकफास्ट चाय के साथ एवं लंच सहित किराया 1565 रुपए बिना खाने सहित 1205 रुपए रहेगा।

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** गाड़ी संख्या 20829/20830 दुर्ग–विशाखापट्टणम–दुर्ग वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन की कई विशेष विशेषताएं हैं, जिनमें शामिल हैं:-रफ्तार: वंदे भारत एक्सप्रेस अधिकतम 160 किलोमीटर प्रति घंटे (99 मील प्रति घंटे) तक की गति प्राप्त कर सकती है, दुर्ग- विशाखापट्टनम वंदे भारत एक्सप्रेस वर्तमान में 130 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से चलती है, जिससे प्रमुख शहरों के बीच यात्रा का समय कम करने में मदद मिलती है। आराम: वंदे भारत एक्सप्रेस में पर्याप्त पैर रखने की जगह के साथ रिक्लाइनिंग सीटें हैं। सुरक्षा: वंदे भारत एक्सप्रेस में कई सुरक्षा विशेषताएं हैं, जिनमें स्वचालित दरवाजे, स्मोक अलार्म, सीसीटीवी कैमरे, बायो-वैक्यूम शौचालय और कवच सिग्नलिंग तकनीक शामिल हैं। कनेक्टिविटी: वंदे भारत एक्सप्रेस में स्वचालित प्लग दरवाजे और ऑनबोर्ड वाई-फाई की सुविधा है।सुविधाएं: वंदे भारत एक्सप्रेस में आपदा रोशनी, अग्नि बचाव केबल और वेंटिलेशन सहित उन्नत सुविधाएं दी गई हैं। एयर कंडीशनिंग: वंदे भारत एक्सप्रेस में बैक्टीरिया मुक्त एयर कंडीशनिंग प्रणाली है। बाढ़ सुरक्षा: वंदे भारत एक्सप्रेस में विद्युत उपकरणों के लिए बाढ़ से अधिक सुरक्षा की व्यवस्था है। केंद्रीकृत कोच-निगरानी प्रणाली: वंदे भारत एक्सप्रेस में सभी प्रकार की बिजली और जलवायु नियंत्रण के लिए एक केंद्रीकृत कोच-निगरानी प्रणाली है।

**रायपुर से विशाखापट्टनम तक लगभग किराया :** रायपुर से विशाखापट्टनम तक लगभग 528 किलोमीटर की दूरी का किराया एग्जीक्यूटिव क्लास में ब्रेकफास्ट चाय के साथ एवं लंच सहित किराया 2695 रुपए एवं बिना खाने सहित 2300 रुपए रहेगा। चेयर कार में ब्रेकफास्ट चाय के साथ एवं लंच सहित किराया 1495 रुपए बिना खाने सहित 1150 रुपए रहेगा।

दिनांक 20 सितम्बर 2024 से गाड़ी संख्या 20829/20830 दुर्ग–विशाखापट्टणम–दुर्ग वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन की सेवा सप्ताह में छह दिन (गुरुवार को छोड़कर) दोनों छोर से संचालित की जाएगी। इस खंड में चलने वाली अन्य ट्रेनें दुर्ग से विशाखापट्टणम के बीच की दूरी को लगभग 11 घंटे में तय करती है। दुर्ग–विशाखापट्टणम वंदे भारत दुर्ग एवं विशाखापट्टणम के बीच की दूरी को 8 घंटे में तय करेगी, जिससे लगभग 3 घंटे समय की बचत होगी। यह ट्रेन दुर्ग और विशाखापट्टणम जैसे दो प्रमुख शहरों को जोड़ती है, जो पर्यटन और व्यापार के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण हैं। इससे इन क्षेत्रों में पर्यटन और आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। इसके साथ ही साथ चिकित्सा एवं शिक्षा के क्षेत्र में भी यह ट्रेन महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

गाड़ी संख्या 20829 / 20830 दुर्ग–विशाखापट्टनम–दुर्ग वंदे भारत एक्सप्रेस 20 सितंबर 2024 से यात्रियों के लिए यात्रा के लिए उपलब्ध रहेगी। यात्रियों की सुविधा के लिए इस गाड़ी में आरक्षण की सुविधा शुरुवात कर दी गई है। यात्रीगण अपनी सुविधा के अनुसार से एग्जीक्यूटिव क्लास एवं चेयर कार में अपना आरक्षण कर सकते हैं। इस गाड़ी का ठहराव रायपुर, महासमुंद, खरीयार रोड, कांटाबांजी,टीटलागढ़, केसिंगा, रायगड़ा, पार्वतीपुरम, विजयनगरम रहेगा।

इस ट्रेन में 16 कोच शामिल हैं। दिनांक 20 सितंबर, 2024 से ट्रेन नं. 20829/20830 दुर्ग– विशाखापट्टणम –दुर्ग वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन अपने नियमित समय–सारणी के अनुसार चलेगी। गाड़ी संख्या 20829 दुर्ग विशाखापट्टनम वंदे भारत एक्सप्रेस दुर्ग से 5:45 बजे रवाना होकर 6.13 बजे रायपुर 6.53 बजे महासमुंद, 7.28 बजे खरियार रोड, 8.13 बजे कांटाबाजी, 8.46 बजे टिटलागढ़ 8.55 बजे केसिंगा, 11:00 बजे रायगड़ा, 11:30 बजे पर्वतीपुरम 12.35 बजे विजयनगरम एवं 12:45 बजे विशाखापट्टनम पहुंचेगी।

गाड़ी संख्या 20830 विशाखापट्टनम दुर्ग वंदे भारत एक्सप्रेस विशाखापट्टनम से 14.50 बजे रवाना होकर 15.33 पर विजयनगरम, 16.36 बजे पर्वतीपुरम, 17.13 बजे रायगड़ा, 18.50 बजे केसिंगा, 19:05 बजे टिटलागढ़, 19.35 बजे कंटबंजी, 20.20 बजे खरियार रोड, 21.00 बजे महासमुंद, 22.19 बजे रायपुर 22.50 बजे दुर्ग पहुंचेगी।

## उप मुख्यमंत्री अरुण साव अमेरिका प्रवास के बाद आज लौटेंगे स्वदेश

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव अमेरिका का अपना आठ दिवसीय अध्ययन प्रवास पूर्ण कर 19 सितम्बर को स्वदेश लौटेंगे। वे अमेरिकी समय के अनुसार 18 सितम्बर को सवेरे 09:05 बजे सेन फ्रांसिस्को से भारत के लिए रवाना होंगे। वे भारतीय समय के अनुसार 19 सितम्बर को दोपहर पौने तीन बजे नई दिल्ली पहुंचेंगे। उल्लेखनीय है कि उप मुख्यमंत्री श्री साव और लोक निर्माण विभाग के सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह एशियन डेवलपमेंट बैंक के आमंत्रण पर विगत 10 सितम्बर से अमेरिका के अध्ययन प्रवास पर हैं। उप मुख्यमंत्री तथा लोक निर्माण मंत्री श्री अरुण साव ने अमेरिका में अपने आठ दिवसीय अध्ययन यात्रा के दौरान न्यूयॉर्क, वाशिंगटन और सेन फ्रांसिस्को में सड़क एवं भवन निर्माण परियोजनाओं का भ्रमण किया। उन्होंने निर्माण विशेषज्ञों के साथ बैठक कर बड़ी निर्माण परियोजनाओं की प्लानिंग, डिजाइनिंग, निर्माण सामग्रियों, निर्माण तकनीकों तथा चरणबद्ध ढंग से उठाए जाने वाले कदमों की जानकारी ली।

## खादी महोत्सव प्रदर्शनीय का आज भव्य शुभारंभ रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल के कर कमलो द्वारा किया जायेगा




**रायपुर ( विश्व परिवार )।** स्वदेशी खादी महोत्सव का आयोजन दिनांक 19 सितम्बर से 15 अक्टूबर तक रहेगा। जिसमें देश के तकरीबन सभी राज्यों के बुनकरों की दस्तकारी हुई है। एक से बढ़कर एक नयाब कलेक्शन हथकरघा एवं हस्तशिल्प वस्तुओं का शहरवासियों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। प्रदर्शनी में मेरठ के खादी कुर्ते, लखनऊ चिकन, कश्मीरी साड़ी बनारसी साड़ी हैदराबाद कॉटन साड़ी जैसे विभिन्न उत्पादों के साथ–साथ त्योहारो को देखते हुए सूती वस्त्रों की विशाल रेंज प्रदर्शनी संचालको द्वारा लाई गई है, एकमात्र स्थान स्वदेशी खादी महोत्सव, चूंकी घर बैठे सभी राज्यों की वस्तुओं को काफी किफायती दामों पर एक ही छत के नीचे प्राप्त कर लेना वाकई शाहरवासियों के लिए एक का अनोखा अनुभव होगा। प्रदर्शनी में सभी स्थानों पर क्रेडिट और डेबिट कार्ड की सुविधा उपलब्ध है। हथकरघा वस्तुओं पर 10 प्रतिशत तथा हस्तशिल्प वस्तुओं पर 20 प्रतिशत तक की विशेष छूट संस्था द्वारा दिया जायेगा। संचालक अनुराग मिश्रा ने शहरवासियों से अपील किया है कि अधिक से अधिक संख्या में आए और इस छूट का लाभ उठाएं। प्रदर्शनी का समय सुबह 10 बजे से लेकर के रात्रि के 10 बजे तक रहेगा। पर्किंग सुविधा के साथ।

## एएम/एनएस इंडिया द्वारा किरंदुल में मेधावी छात्र को 'ज्ञान ज्योति टॉपर्स अवार्ड' और डिजिटल क्लासरुम का उद्घाटन किया गया

**एएम/एनएस इंडिया द्वारा दंतेवाड़ा के ग्रामीण इलाकों में शिक्षा क्षेत्रों को मिल रहा बढ़ावा**



**दंतेवाड़ा ( विश्व परिवार )।** एएम/एनएस इंडिया के 'पढ़ेगा भारत' प्रोजेक्ट के तहत किरंदुल के मेधावी छात्र श्री आशुतोष शर्मा को 'ज्ञानज्योति टॉपर्स अवार्ड' से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार नेतृत्व क्षमता को बढ़ावा देने और विशेष रूप से पिछड़े क्षेत्रों के छात्रों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रदान किया गया।

समारोह में श्री डोमन सिंह (डिवीजनल कमिश्नर) और श्री मयंक चतुर्वेदी, (जिला कलेक्टर) द्वारा आशुतोष शर्मा को चेक सौंपा गया। कार्यक्रम के दौरान श्री कुमार विश्वरंजन– मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला पंचायत एवं एएम/एनएस इंडिया सीएसआर टीम श्री रामचंद्र और डॉ. तेज प्रकाश जी की उपस्थिति रही। इस अवसर पर आशुतोष के माता–पिता, श्री सत्यनारायण शर्मा और श्रीमती सिंधु शर्मा ने एएम/एनएस इंडिया के प्रति अपना आभार व्यक्त किया।

इसके साथ ही, एएम/एनएस इंडिया कम्पनी के सीएसआर पहल के अंतर्गत पटेलपारा–किरंदुल बस्ती के मिडिल स्कूल में डिजिटल पाठशाला क्लास रूम का उद्घाटन, अध्यक्ष एवं सीएमओ नगर पालिका परिषद (किरंदुल) तथा जीएम –एएम/ एनएस इंडिया (किरंदुल) द्वारा किया गया। इस अवसर पर टीआई– किरंदुल पुलिस स्टेशन, क्लस्टर समन्वयक, वार्ड प्रतिनिधि, शिक्षकों और अभिभावकों की उपस्थिति रही। एएम/एनएस इंडिया कम्पनी द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा के स्तर को ऊंचा उठाने के लिए निरंतर प्रयास किया जा रहा है। जिसमें डिजिटल पाठशाला क्लासरूम एवं ज्ञान ज्योति टॉपर्स अवॉर्ड इसका महत्वपूर्ण हिस्सा है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य छात्रों को तकनीकी शिक्षा से जोड़ना और मेधावी छात्रों को उच्च शिक्षा के अवसर प्रदान करते हुए उनके भविष्य को उज्ज्वल बनाना है। कम्पनी द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा के क्षेत्र में सुधार एवं शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में उठाया गया यह कदम, निश्चित रूप से शिक्षा के क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव लाने में सहायक सिद्ध होगा।

## छत्तीसगढ़ विधानसभा सचिवालय में सहायक मार्शल पदों की लिखित परीक्षा 6 अक्टूबर को

**रायपुर ( विसं )।** छत्तीसगढ़ विधान सभा सचिवालय के अंतर्गत सहायक मार्शल पदों की भर्ती के लिए लिखित परीक्षा का आयोजन 6 अक्टूबर 2024 को किया जाएगा। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल (व्यापम) द्वारा इस परीक्षा का संचालन किया जाएगा। यह परीक्षा सुबह 10 बजे से दोपहर 12.45 बजे तक होगी। सहायक मार्शल पद हेतु छत्तीसगढ़ विधान सभा सचिवालय के वेबसाईट पर पहले ही ऑनलाइन आवेदन जमा किया गया था, जिसमें विभागीय शारीरिक नाप–जोख एवं दक्षता परीक्षण उपरांत पात्र अभ्यर्थियों को अब व्यापम की वेबसाइट पर जाकर पंजीयन करना होगा। पंजीयन प्रक्रिया 9 सितंबर 2024 से शुरू हुई और 22 सितंबर 2024 तक चलेगी।

## रायपुर दक्षिण विधानसभा सीट पर बढ़ा सियासी ताप, कांग्रेस ने किया चुनाव संचालन समिति का गठन




**रायपुर ( विश्व परिवार )।** राजधानी की चर्चित विधानसभा दक्षिण लिए राजनीतिक दलों ने कमर कस ली है। ज्ञात हो कीबृजमोहन अग्रवाल के सांसद बनने के बाद खाली हुई रायपुर दक्षिण विधानसभा सीट पर उपचुनाव होना है. इसके लिए राजनीतिक दलों ने तैयारी तेज कर दी है। भाजपा ने जहां एक ओर ऑब्जर्वर की नियुक्ति करने सहित कई बैठकें ले रही है, तो वहीं दूसरी ओर कांग्रेस भी बैठक कर उपचुनाव की रणनीति बनाने में जुट गई है। ज्ञात हो जिसको लेकर कांग्रेस ने चुनाव संचालन समिति का गठन कर दिया है। पीसीसी चीफ दीपक बैज के निर्देश पर गठित इस समिति में 6 पूर्व मंत्री और 9 नेताओं को जिम्मेदारी दी गई है। गौरतलब है कि बृजमोहन अग्रवाल रायपुर दक्षिण सीट से विधायक चुने गए थे, लेकिन रायपुर से सांसद चुने जाने के बाद उन्होंने विधायक पद से इस्तीफा दे दिया। अब इस सीट पर उपचुनाव होगा, जिसके लिए कांग्रेस ने अपनी तैयारी शुरू कर दी है। कांग्रेस इस सीट को लेकर काफी उत्साहित दिख रही है। कांग्रेस ने तो बकायदा चुनाव संचालन समिति का गठन कर लिया है। रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव के लिए बनी समिति सीनियर 9 नेताओं को जिम्मेदारी दी गयी है छत्तीसगढ़ कांग्रेस की तरफ से जारी आदेश के अनुसार रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र में होने वाले उप चुनाव के बनी संचालन समिति में पूर्व मंत्री सत्यनारायण शर्मा, धनेंद्र साहू, रविंद्र चौबे, मोहन मरकाम, शिव कुमार डहरिया और जय सिंह अग्रवाल के साथ रायपुर उत्तर सीट के पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा, रुचिर गर्ग और रायपुर ग्रामीण के जिलाध्यक्ष उधोराम वर्मा को समिति में रखा गया है।

## माधवराव सप्रे स्कूल को सांसद बृजमोहन का तोहफा, स्मार्ट क्लास समेत विभिन्न कार्यों के लिए 50 लाख रुपए देने की घोषणा




**रायपुर ( विश्व परिवार )।** संस्कारों के बिना शिक्षा अधूरी है। केवल ज्ञान या कौशल से समाज का समुचित विकास नहीं हो सकता। संस्कार ही व्यक्ति को सच्चा नागरिक बनाते हैं, जो समाज और राष्ट्र के कल्याण में योगदान दे सकता हैं। यह बात सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल ने बुधवार को राजधानी रायपुर के सुप्रसिद्ध माधवराव सप्रे शासकीय उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय में आयोजित पुस्तक वितरित समारोह के दौरान कहीं।

इस अवसर पर श्री बृजमोहन अग्रवाल ने विद्यार्थियों को स्वच्छ और शीतल जल उपलब्ध कराने के लिए लगाई वाटर कूलर का लोकार्पण भी किया। साथ ही स्कूल में 5 अतिरिक्त रूम, स्मार्ट क्लास और कंप्यूटर लैब के लिए 50 लाख रुपए देने की घोषणा की।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि, शिक्षा हमारे लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, शिक्षा के बिना हम आगे नहीं बढ़ सकते, शिक्षा, व्यक्ति और समाज के विकास की आधारशिला होती है। इसके बिना व्यक्तिगत, सामाजिक और राष्ट्रीय उन्नति असंभव है।कार्यक्रम में स्कूल के छोटे छोटे बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम में प्राचार्या श्रीमती अनुपमा श्रीवास्तव, श्री हरत मालू, श्री महादेव नायक, श्री संतोष सोनी, श्री नवरतन गोलछाश्री संजय सोनी समेत स्कूली विद्यार्थी और गणमान्यजन उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री साय ने कैलाश गुफा से दर्शन कर लौट रहे घायलों के ईलाज गंभीरता से करने चिकित्सकों को दिए निर्देश

**जिला प्रशासन को हर संभव सहायता उपलब्ध कराने कहा गया**

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** जशपुर जिले के प्रसिद्ध शिव धाम कैलाश गुफा से दर्शन कर लौट रहे पिकअप वाहन में 25 से 30 श्रद्धालु सवार थे। पिकअप वाहन लौटते समय वाहन गहरी खाई गिर कर पलट गई, जिससे उसमें सवार लोगों को चोट आयी है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने घायलों के ईलाज के समुचित इलाज के निर्देश चिकित्सकों को दिए हैं। बगीचा क्षेत्र में हुए इस हादसे की सूचना मिलते ही सीएम कैंप कार्यालय बगिया ने तत्काल संज्ञान लेते हुए जिला प्रशासन को इलाज के समुचित व्यवस्था कराने के निर्देश दिए हैं। घटना स्थल पर एंबुलेस और मेडिकल टीम भेजी गई है। घायलों को बगीचा अस्पताल पहुंचाया जा रहा है, किन्तु गंभीर रूप से घायलों को अंबिकापुर रिफर किया गया है।

जशपुर जिले के प्रसिद्ध शिव धाम कैलाश गुफा से दर्शन कर श्रद्धालु लौट रहे थे कि पिकअप वाहन खाई में गिर कर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। मामला बगीचा थाने के सोनगेरसा का है, जहां से कैलाश गुफा जाते हैं। बताया जा रहा है कि हादसे के समय पिकअप में 25 से 30 लोग सवार थे। घटना की सूचना मिलते ही बगीचा अनुविभागीय अधिकारी, पुलिस प्रशासन और मेडिकल टीम रवाना किया गया है। ग्रामीणों के सहयोग से राहत बचाव कार्य किया गया। आसपास के ग्रामीणों ने हर संभव प्रयास करते हुए घायलों को ईलाज के लिए तत्परता दिखाते हुए अपने स्वयं के वाहन से बगीचा अस्पताल ले जाया गया और गम्भीर रूप से घायलों को अम्बिकापुर अस्पताल रेफर किया गया है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने घायलों को हर संभव चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने जिला प्रशासन को निर्देश दिए है।

## एस.आर.यू. के तृतीय दीक्षांत समारोह की राज्यपाल रमेन डेका करेंगे अध्यक्षता

**18 स्वर्ण पदक 55 पीएचडी स्कॉलर के साथ 1440 विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान की जाएगी**



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** विश्वविद्यालय के माननीय कुलाध्यक्ष एवं छत्तीसगढ़ के माननीय राज्यपाल श्री रमन डेका श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय के तृतीय दीक्षांत समारोह में अध्यक्षता करेंगे एवं विद्यार्थियों को उपाधि एवं स्वर्ण पदक देकर सम्मानित करेंगे। श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय का तृतीय दीक्षांत समारोह 21 सितम्बर 2024, समय 11:30 बजे से आयोजित किया जा रहा है। श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय एक निजी विश्वविद्यालय है जो 65 एकड़ में स्थापित है, जिसमें 143 शैक्षणिक पाठ्यक्रम संचालित हैं।

वर्ष 2018 में परमपूज्य महाराजश्री के करकमलों एवं आशीर्वाद द्वारा श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी की आधारशिला इस क्षेत्र के युवकों को कम लगत में गुणवक्तापूर्ण एवं रोजगारपरक शिक्षा देने के उद्देश्य से रखी गयी। अपने स्थापना काल से ही इस विश्वविद्यालय को एक ऐसे शैक्षणिक संस्थान के रूप में विकसित करने का सद्प्रयास किया गया जो विकसित भारत के निर्माण में युवाओं के लिए शिक्षा, संस्कार, चरित्र–निर्माण एवं रोजगार का मार्ग प्रशस्त कर सके। अभी हाल ही में विश्वविद्यालय को इंडियन इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क (IIRF) के माध्यम से इमर्जिंग प्राइवेट यूनिवर्सिटी की कैटेगरी में पूरे भारत में चौथा तथा छत्तीसगढ़ राज्य में पहले स्थान प्राप्त हुआ है जो एक गौरव का विषय है।

65 एकड़ के हरित, सुरम्य एवं सौम्य परिसर में स्थित यह विश्वविद्यालय 324 विद्यार्थियों से प्रारंभ होकर आज 8000 से अधिक भारतीय एवं विदेशी छात्रों के लिए एक ज्ञान का केंद्र बन गया है। वर्तमान में हमारे विश्वविद्यालय में 37 विभाग हैं जिनमें 143 पाठ्यक्रमों का संचालन हो रहा है जिनमें इंजीनियरिंग एवं प्रौद्योगिकी, विज्ञान, कला, फार्मेसी, फैशन एवं इंटीरियर डिजाइनिंग, वाणिज्य एवं प्रबंधन, लाइब्रेरी साइंस, शिक्षा, पत्रकारिता, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा है। आज तक 5000 से अधिक विद्यार्थी यहां से सफलतापूर्वक अध्ययन कर देश एवं राज्य में विभिन्न उपक्रमों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इन विद्यार्थियों के जीवन निर्माण में विश्वविद्यालय के विद्वान एवं कर्मठ आचार्य ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

विश्वविद्यालय के प्लेसमेंट सेल के माध्यम से विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर के शासकीय एवं निजी संस्थानों में कैंपस में ही चयनित कर रोजगार उपलब्ध कराया गया है, जिसमें संस्थानों के फीडबैक के अनुसार विश्वविद्यालय से चयनित योग्य अभ्यर्थियों को समीक्षा में 8 से 9 ग्रेड प्राप्त हुए हैं। दीक्षांत समारोह में विश्वविद्यालय के 18 उत्कृष्ट विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक, 55 विद्यार्थियों को पीएचडी तथा 1440 विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम पूर्ण करने पर उपाधि प्रदान की जाएगी।

विश्वविद्यालय परीक्षा के 72 घंटे के भीतर विद्यार्थियों के परिणाम घोषित करके शिक्षा में गुणवत्ता लाने का प्रयास करता है तथा विश्वविद्यालय ने डिग्री में क्यूआर कोड अंकित किया है, ताकि वास्तविक समय में डिग्री का सत्यापन किया जा सके। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एस.के. सिंह ने स्नातकों तथा संकाय की उपलब्धियों पर बहुत गर्व व्यक्त किया तथा कहा, यह सम्मेलन हमारे विद्यार्थियों के लिए एक नई यात्रा की शुरुआत है, तथा हमें विश्वास है कि वे विश्वविद्यालय की उत्कृष्टता की विरासत को आगे ले जाएंगे। कार्यक्रम का समापन विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार द्वारा धन्यवाद ज्ञापन तथा आने वाले वर्षों में सीखने तथा नवाचार की संस्कृति को बढ़ावा देने के आह्वान के साथ होगा।

## एम्स रायपुर में रोगी सुरक्षा और प्रतिकूल औषधि प्रतिक्रिया रिपोर्टिंग ग पर सीएमई का आयोजन




**रायपुर ( विश्व परिवार )।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) रायपुर ने आज रोगी सुरक्षा के लिए निदान में सुधार और रोगी सुरक्षा के लिए एडीआर रिपोर्टिंग संस्कृति का निर्माण विषय पर केंद्रित एक सतत चिकित्सा शिक्षा (सीएमई) कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्वास्थ्य पेशेवरों के बीच रोगी सुरक्षा प्रोटोकॉल की समझ और अनुप्रयोग को सुदृढ़ करना था। सीएमई का आयोजन एम्स रायपुर की रोगी सुरक्षा समिति के अध्यक्ष प्रो. (डॉ.) देवेन्द्र कुमार त्रिपाठी ने किया।

एम्स रायपुर के कार्यकारी निदेशक और सीईओ लेफ्टिनेंट जनरल अशोक जिंदल (सेवानिवृत्त) ने अपने मुख्य भाषण में संस्थान की रोगी सुरक्षा प्रथाओं को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि एम्स रायपुर न केवल इन प्रथाओं को हमारे संस्थान में लागू करने के लिए समर्पित है, बल्कि छत्तीसगढ़ भर के अन्य चिकित्सा संस्थानों में भी हमारी रोगी सुरक्षा संस्कृति का विस्तार करने के लिए प्रतिबद्ध है। ज्ञान साझा करके और स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं के साथ सहयोग करके, हम पूरे क्षेत्र में देखभाल और सुरक्षा के मानकों को ऊंचा करने का प्रयास कर रहे हैं। इस कार्यक्रम में फार्माकोविजिलेंस प्रोग्राम ऑफ इंडिया, मैटेरियोविजिलेंस प्रोग्राम ऑफ इंडिया, प्रतिकूल औषधि प्रतिक्रिया (छ्रक्र) रिपोर्टिंग, स्वास्थ्य सेवा अपशिष्ट प्रबंधन, संक्रमण नियंत्रण, शल्य चिकित्सा सुरक्षा और त्रुटियों को कम करने में चेकलिस्ट की भूमिका जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर कई सत्र आयोजित किए गए। इस सीएमई में 400 प्रतिनिधियों ने व्यक्तिगत रूप से भाग लिया, जबकि अतिरिक्त 100 प्रतिभागियों ने ऑनलाइन भाग लिया। कार्यक्रम में प्रमुख गणमान्य व्यक्तियों में प्रो. (डॉ.) आलोक सी. अग्रवाल (डीन अकादमिक्स), प्रो. (डॉ.) रेणु राजगुरु (मेडिकल सुपरिन्टेंडेंट), प्रो. (डॉ.) नितिन आर. गायकवाड़ (एडीआर मॉनिटरिंग सेंटर के समन्वयक) और अन्य शिक्षक शामिल थे।

कालड़ा बर्न एवं
प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
वेजर लाइपोसक्शन द्वारा
मोटापे का ईलाज

पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay 9827144371

लोन लेने के लिए ITR बनवायें मात्र 500/- में
शेखर गुप्ता
ONLYTDS.COM
ITR GST
हमारे TAX Expert आपकी मदद हेतु तैयार है।
G.S.T. रिटर्न
Food Licence
इन्कम TAX फाईल
M.S.M.E. रजिस्ट्रेशन
TDS रिफंड
प्रोजेक्ट रिपोर्ट
IT नोटिस
डिजिटल सिग्नेचर
9300755544, 8878655544

प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा मे. विश्व परिवार इंडस्ट्रीज, प्लॉट नं.-421 सेक्टर-सी, सड़क नं.-7 उरला इंडस्ट्रीयल एरिया उरला, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354